वर्ष-31, अंक- 230, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार
07 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### कोरोना के सक्रिय मामले 5364, पिछले 24 घंटे में चार मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में आज कोरोना के मामलों में वृद्धि दर्ज हुई है। कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 5000 का आंकड़ा पार कर 5,364 पहुंच गई । केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में कोरोना के चार मरीजों की मौत हो गई। विभिन्न राज्यों में 4,724 लोग ठीक हो चुके हैं और उन्हें अस्पतालों और होम आइसोलेशन से छुट्टी दे दी गई है।

### राज्य में 12 तक मानसून के आसार नहीं, 4 डिग्री तक बढ़ेगा पारा

**रांची।** झारखंड में अब 12 जून तक भी मानसून के आने के आसार नहीं हैं। प्रदेश में चले रही नम हवा के रुख में बदलाव आ चुका है। साथ अगले चार दिन में प्री मानसून की गतिविधियों में कमी आने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार अगले छह से सात दिन में राज्य में अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है। 11 जून के बाद मानसून अनुकूल परिस्थितियां पैदा होने की उम्मीद है। देश में मानसून समय से पहले प्रवेश कर चुका है, लेकिन छह जून तक मानसून महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के दक्षिणी भाग, बंगाल की खाड़ी के अधिकांश हिस्सों समेत देश के उत्तर-पूर्वी राज्य और सिक्किम तक पहुंचा है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**आज / कल**




### मुख्यमंत्री ने राज्य के पहले मिल्क पाउडर प्लांट की रखी आधारशिला, कहा-

# कृषि ही मात्र एक ऐसा सेक्टर है जिससे पर्यावरण को नहीं पहुंचता है कोई नुकसान

- किसानों की आय बढ़ाने एवं उन्हें समृद्ध, सशक्त और स्वावलंबी बनाने की दिशा में सरकार निरंतर कर रही कार्य : मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री ने किसानों से कहा- सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने को मजबूत बनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** किसानों का कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। किसानों की आय कैसे बढ़े, वे कैसे समृद्ध, सशक्त और स्वावलंबी हों, इस सोच के साथ हमारी सरकार उनके साथ हर मोर्चे पर खड़ी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को मेधा डेयरी प्लांट, होटवार में राज्य के पहले मिल्क पाउडर प्लांट की आधारशिला रखने के उपरांत हरिवंश टाना भगत स्टेडियम, होटवार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास निरंतर जारी है। इस सिलसिले में कई योजनाएं चल रही है और आने वाले दिनों में कई और योजनाएं धरातल पर उतारी जाएंगी। आप इन योजनाओं से जुड़ें और अपने साथ राज्य को मजबूत बनाने में सहयोग दें। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मेधा रागी लड्डू, मेधा सूधन खाद और जानवरों का चारा बनाने वाली मशीन- साइलेज को लांच किया।



## पशुपालकों को बीमा युक्त पशुधन दे रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में किसानों- पशुपालकों को अब जो भी पशु धन दिए जा रहे हैं उसका बीमा सरकार करा रही है ताकि, बीमारी अथवा किसी अन्य वजह से अगर पशु की मौत हो जाती है ,तो किसानों को किसी तरह का आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़े। दुग्ध और मछली आदि के उत्पादन में राज्य आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बढ़ रहा आगे मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध, मछली, मीट आदि के उत्पादन में राज्य आत्मनिर्भर बने, इसके लिए सरकार ठोस कदम उठा रही है । उन्होंने विश्वास जताया कि अगले 5 से 7 वर्षों में झारखंड इनके उत्पादन में ना सिर्फ आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि निर्यात करने में भी सक्षम होगा । मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध संग्रहण कार्य को बढ़ाना देने के लिए सरकार कार्य योजना बना रही है । इसके तहत किसानों और पशुपालकों को दूध हेतु बाजार उपलब्ध कराने के साथ उचित कीमत भी दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें दुग्ध उत्पादन हेतु प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है।

**कृषि उत्पादों के वैल्यू एडिशन पर दिया जोर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावसायिक कृषि आज की जरूरत है। कृषि उत्पादों का वैल्यू एडिशन कैसे बढ़े, इस पर भी विशेष ध्यान देना है। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी का उदाहरण देते हुए कहा कि एक क्रिकेटर जब कृषि के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, तो 24 घंटे खेती से जुड़ा रहने वाला किसान क्यों आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कई माध्यमों से सहयोग कर रही है। ऐसे में आप अपनी खेती को व्यावसायिक स्वरूप देने की दिशा में कदम बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि- पशुपालन का अहम योगदान है। यह बड़ी संख्या में लोगों के आजीविका का साधन है। एक समय था- जब जय जवान- जय किसान का नारा यह बताने के लिए ही काफी था कि हमारी अर्थव्यवस्था में किसानों की ताकत कितनी अहमियत रखती थी। हालांकि, आज परिस्थितियां बदली है, लेकिन इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि कृषि के बिना अर्थव्यवस्था आगे नहीं बढ़ सकती है। किसानों के उत्पादों से लोगों का पेट भरता है। अगर अनाज का उत्पादन नहीं हो ,तो जिंदगी की कल्पना नहीं की जा सकती है। हमारी सरकार तमाम चुनौतियों के बीच भी कृषि- पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आपके उत्पादित धान को सरकार क्रय करती है। किसानों को प्रोत्साहन और आर्थिक सहायता देने के लिए कई योजनाएं हैं। हमारा मकसद कृषि को और मजबूती देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में तरह-तरह के कई उद्योग धंधे संचालित हैं। शेष पेज 11 पर...

### डीआईजी नौशाद आलम ने मस्जिद में अदा की नमाज

## अमन-चैन की मांगी दुआ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के डीआईजी नौशाद आलम ने शुक्रवार को मेदिनीनगर स्थित मस्जिद में नमाज अदा की और क्षेत्र में अमन-चैन व भाईचारे की दुआ मांगी। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है। मीडिया से बातचीत करते हुए डीआईजी ने बताया कि तीनों जिले—पलामू, गढ़वा और लातेहार—में कानून व्यवस्था को लेकर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई है और फ्लैग मार्च जैसे एहतियाती कदम भी उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बकरीद जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर शांति और सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। पुलिस प्रशासन लोगों से सहयोग की अपील करता है और साथ ही यह भी सुनिश्चित कर रहा है कि कहीं भी कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

## भारत शांति का पक्षधर है

- लहराया केसरिया रंग जब सीमा के उस पार बढ़े हमारे वीर जवान लिए हृदय में अंगार।

**राष्ट्रीय नवीन मेल**




**सदानंद सिंह यादव**
कवि एवं लोकगायक

ऑपरेशन सिंदूर में प्रदर्शित सेना के शौर्य का सम्मान पर मैं कहना चाहता हूं कि भारत शांति का पक्षधर देश है, लेकिन जब मातृभूमि पर खतरा आता है तो भारत सुदर्शन भी उठा सकता है । उन वीरों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिए ।नारी शक्ति और शौर्य का सम्मान है ऑपरेशन सिंदूर की सफलता। जब-जब तिरंगा लहराता है, तब तब हमारी आस्था और बलिदान की परंपरा भी लहराती है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं बल्कि भारत की नारी शक्ति की रक्षा और सम्मान का प्रतीक है। हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं।अंत में मैं यही कहना चाहता हूं कि- सिंदूर मिटाने वाले सुन
सिंदूर सदा जगमगाएगा ऑपरेशन सिंदूर तुझे समूल नष्ट कर जाएगा।

**जय हिंद जय भारत**

### सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट को दिया निर्देश

## महिला जज की चाइल्ड केयर लीव पर पुनर्विचार करें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि वह एक एकल अभिभावक महिला न्यायिक अधिकारी की बच्चे की देखभाल के लिए छुट्टी (चाइल्ड केयर लीव) की याचिका पर पुनर्विचार करे। इस याचिका में उनके छुट्टी के अनुरोध को ठुकराए जाने को चुनौती दी गई है।

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट को यह याचिका पिछले फैसले के प्रभाव में आए बिना दोबारा देखनी चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट के वकील को आदेश दिया कि वह तीन दिन के भीतर इस मामले में जरूरी निर्देश प्राप्त करें, क्योंकि अगली सुनवाई अगले हफ्ते तय की गई है। हाईकोर्ट को यह सुझाव दिया गया कि बच्चे की देखभाल के लिए छुट्टी देने के अनुरोध पर पुनर्विचार किया जाए। बेंच ने हाईकोर्ट के वकील से यह भी कहा कि यह उचित होगा कि हाईकोर्ट खुद ही इस मुद्दे पर फिर से विचार करे, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आगे के मामलों के लिए उदाहरण बन सकता है।



सुप्रीम कोर्ट ने 29 मई को झारखंड सरकार और हाईकोर्ट रजिस्ट्री से जवाब मांगा था। यह जवाब एक महिला न्यायिक अधिकारी की याचिका पर मांगा गया था, जिसमें उन्होंने छह महीने की चाइल्ड केयर लीव न दिए जाने को चुनौती दी थी। महिला अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) हैं और अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग से आती हैं। उन्होंने जून से दिसंबर तक के लिए छुट्टी मांगी थी, ताकि वह अपने बच्चे की परीक्षा की तैयारी में उसकी देखभाल कर सकें। चीफ जस्टिस (सीजेआई) की अध्यक्षता वाली बेंच ने पहले पूछा था कि उन्होंने यह याचिका पहले झारखंड हाईकोर्ट में क्यों नहीं दाखिल की। उनके वकील ने बताया कि हाईकोर्ट की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों की वजह से याचिका पर तत्काल सुनवाई नहीं हो पाती, शेष पेज 11 पर...

## एलन मस्क के स्टारलिंक को टेलीकॉम मंत्रालय से मिला लाइसेंस

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एलन मस्क के स्टारलिंक को टेलीकॉम मंत्रालय से एक प्रमुख लाइसेंस मिल गया है। शुक्रवार (6 जून 2025) को समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी कि सैटेलाइट प्रोवाइडर ने लाइसेंस प्राप्त करने के लिए एक बड़ी बाधा पार कर ली है और देश में कमर्शियल ऑपरेशंस शुरू करने के करीब पहुंच गई है।मालूम हो कि टेलीकॉम विभाग से लाइसेंस पाने वाली यह तीसरी कंपनी है। इसे पहले भारत में इयूटेलसेट के वन वेब और रिलायंस जियो के आवेदनों को भी मंजूरी मिली है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने हमारे सहयोगी इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि केंद्र द्वारा विशेष तौर पर सुरक्षा के लिहाज से उचित कदम उठाने के बाद स्टारलिंक को लाइसेंस दिया गया था। यह लाइसेंस मिलने के बाद यूटेलसैट के वनवेब और रिलायंस जियो के बाद स्टारलिंक भारत में सैटकॉम लाइसेंस वाली तीसरी कंपनी बन गई है जिसे आधिकारिक तौर पर सैटेलाइट (जीएमपीसीएस) लाइसेंस द्वारा ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन कहा जाता है।




# पाकिस्तान कभी भी 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम सुनेगा तो उसे अपनी शर्मनाक शिकस्त याद आएगी : पीएम मोदी



**कटरा (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के कटरा में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि अब पाकिस्तान कभी भी ऑपरेशन सिंदूर का नाम सुनेगा तो उसे अपनी शर्मनाक शिकस्त याद आएगी। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पहली बार जम्मू-कश्मीर पहुंचे। जहां पीएम मोदी ने चिनाब ब्रिज, अंजनी पुल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने कटरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम में इंसानियत और कश्मीरियत दोनों पर वार किया। उसका इरादा भारत में दंगे कराने का था, कश्मीर के मेहनतकश लोगों की कमाई रोकने का था, इसलिए पाकिस्तान ने टूरिस्ट पर हमला किया। टूरिज्म जो लगातार 4-5 साल से बढ़ रहा था। हर साल यहां रिकॉर्ड संख्या में टूरिस्ट आ रहे थे। जिस टूरिज्म से जम्मू-कश्मीर के गरीबों के घर चलते हैं, उसको पाकिस्तान ने निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का नौजवान अब आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने का मन बना चुका है। ये वो आतंकवाद है, जिसने घाटी में स्कूल जलाए, अस्पताल तबाह किए, जिसने कई पीढ़ियों को बर्बाद किया। जनता अपनी पसंद से नुमाइंदे चुन सके, यहां चुनाव हो सके। शेष पेज 11 पर...

### जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेने कनाडा जाएंगे पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने फोन कर दिया न्योता

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है और उन्हें जी7 सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने आमंत्रण के लिए उन्हं धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में उनसे मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है। इस साल 15 से 17 जून 2025 को कनाडा के अल्बर्टा के कनानास्किस में जी7 सम्मेलन हो रहा है। इसमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान, इटली, कनाडा और जर्मनी के शीर्ष नेता हिस्सा लेंगे। इसके अलावा भारत ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन के राष्ट्रपतियों और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से फोन पर बात कर खुशी हुई। मैंने उन्हें हाल ही में हुए चुनाव में जीत की बधाई दी और इस महीने के अंत में कनानास्किस में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा, भारत और कनाडा दोनों ही जीवंत लोकतंत्र हैं और हमारे लोगों के बीच गहरे संबंध हैं। हम आपसी सम्मान और साझा हितों के आधार पर नई ऊर्जा के साथ मिलकर काम करेंगे। जी7 शिखर सम्मेलन में उनसे मुलाकात को लेकर उत्सुक हूं।

# दुकानदारों की गुंडागर्दी: अधिक कीमत वसूलने का विरोध करने पर युवक को बनाया बंधक, की पिटाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के जेपी चौक स्थित एक सरकारी शराब दुकान में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। शराब दुकानदारों ने एक युवक को केवल इसलिए बंधक बनाकर बुरी तरह पिटाई की, क्योंकि उसने दुकान पर निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने का विरोध किया था। मिली जानकारी के अनुसार, युवक शराब लेने दुकान गया था, लेकिन जब उसने ओवररेटिंग (अधिक मूल्य वसूलने) का विरोध किया तो दुकानदार भड़क उठे। उन्होंने पहले युवक को दुकान में बंद कर दिया और फिर मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद दुकानदारों ने पुलिस को बुलाकर युवक को हुसैनाबाद थाना के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग थाने पर पहुंचे और इस अमानवीय कृत्य का कड़ा विरोध किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानदारों की यह पहली गैरकानूनी हरकत नहीं है। पूर्व में भी कई ग्राहकों के साथ इसी तरह की मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन हर बार मामले को दबा दिया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुकानदार खुलेआम यह दावा करते हैं कि उन्होंने थाने से लेकर जिला स्तर तक प्रशासनिक अधिकारियों को पैसे देकर अपने पक्ष में कर रखा है। इसलिए उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती और वे ग्राहकों के साथ मनमानी करते रहते हैं। गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थानांतरित कर दिया गया।

**प्रशासन की भूमिका पर सवाल**

स्थानीय लोगों ने प्रशासन की भूमिका पर भी कड़ा सवाल उठाया है। उनका कहना है कि पुलिस ने दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय पीड़ित युवक को ही थाने ले जाना उचित नहीं समझा। इससे आम लोगों में आक्रोश बढ़ा है और प्रशासन पर भरोसा कमजोर हुआ है यह सवाल अब हुसैनाबाद के हर नागरिक के मन में है कि अगर ओवरचार्जिंग और मारपीट का विरोध करने पर ग्राहक ही दोषी बनाया जाएगा तो इंसाफ की उम्मीद कैसे रखी जाए। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। आम जनता अब जागरूक हो चुकी है और अन्याय सहन नहीं करेगी। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन दोषियों पर कार्रवाई करता है या फिर पैसे और रसूख की चादर तान कर सच को दबा दिया जाएगा। इस मामले में घायल युवक उमेश पटेल ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि लिखित शिकायत मिली है, जांच के बाद दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता अभियान ग्रासिम इंडस्ट्रीज ने बांटे पौधे और किया पौधरोपण




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला द्वारा विश्व पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर बेलचंपा स्थित प्रशिक्षण केंद्र परिसर में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों और स्कूली बच्चों की सहभागिता रही। मुख्य अतिथि एवं ग्रासिम, रेहला के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने इस वर्ष की थीम "Beat Plastic Pollution पर विस्तार से चर्चा करते हुए लोगों से प्लास्टिक प्रदूषण को जड़ से समाप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि छोटे-छोटे प्रयासों और रोजमर्रा की आदतों में बदलाव लाकर हम इस वैश्विक संकट को कम कर सकते हैं। उन्होंने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और इसके कारण उत्पन्न स्वास्थ्य व पर्यावरण संबंधी समस्याओं को भी स्पष्ट किया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण को एक सामूहिक जन-आंदोलन के रूप में अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और छात्रों के बीच नीम के पौधे वितरित किए गए एवं परिसर में 100 नीम के पौधों का रोपण भी किया गया। कार्यक्रम में मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास, पर्यावरण प्रमुख विक्रम मणी, जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार सहित अन्य पदाधिकारी, स्थानीय मुखिया सोनल पासवान, शिक्षक उपेंद्र सिंह तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण और छात्र उपस्थित थे।

## आसमान में बादल होने के बावजूद बारिश नहीं, उमस ने बढ़ाई परेशानी

**मोहम्मदगंज।** आसमान में बादल छाए रहने के बावजूद शुक्रवार को बारिश नहीं हुई, जिससे उमस भरा वातावरण बन गया। तापमान सामान्य से अधिक 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। किसानों ने मानसून में देरी को लेकर चिंता जताई है क्योंकि खरीफ फसलों की तैयारी शुरू हो चुकी है। बारिश न होने के कारण सिंचाई के वैकल्पिक उपाय अपनाने वाले इक्के-दुक्के किसान ही फसल लगा पाएंगे, जबकि अधिकांश किसानों को अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बारिश की उम्मीद के साथ आसमान की ओर नजरें टिकाए हैं, लेकिन इस वर्ष खरीफ फसलों की अच्छी पैदावार की उम्मीद कम लग रही है।

## वाहन चेकिंग स्थल बदलने की मांग एसडीओ, एसडीपीओ को दिया मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** यातायात और अपराध नियंत्रण के लिए देवरी ओपी पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन देवरी बाजार मुख्य सड़क के पास चेकिंग होने से बाजार आने वाले लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। इस कारण देवरी ओपी क्षेत्र के ग्रामीणों ने एसडीओ गौरांग महतो को लिखित आवेदन देकर चेकिंग स्थल को किसी अन्य जगह पर स्थानांतरित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की चेकिंग आवश्यक है, लेकिन आस-पास फैक्ट्री कॉलोनियों में रहने वाले लोग रोजाना जरूरी सामान लेने के लिए बाजार आते हैं। चेकिंग के दौरान बाइक जब्त करने के कारण छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। साथ ही हेलमेट न पहनने के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें भी मिली हैं। चेकिंग स्थल के पास ज्ञानेश्वर यादव के घर पर लगी बाइक की चाबी पुलिस ने जब्त कर ली, जिससे लोगों में आक्रोश है। एसडीओ गौरांग महतो ने आवेदन प्राप्त कर एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब से संपर्क किया। एसडीपीओ ने आश्वासन दिया कि चेकिंग जारी रहेगी, लेकिन स्थल बदल दिया जाएगा और अवैध वसूली करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि बाइक चेकिंग के दौरान रोकने के लिए कहा गया था, बाइक को घर के समीप लगाया गया था इसलिए चाबी जब्त की गई। हालांकि, चेकिंग के नाम पर पुलिस द्वारा अभद्र व्यवहार की शिकायतें भी मिल रही हैं। स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि चेकिंग अभियान जरूरी है लेकिन इसे उचित तरीके से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने अवैध वसूली की जानकारी मिलने पर मामले को पुलिस अधीक्षक के समक्ष उठाने की बात कही और क्षेत्र के लोगों से हेलमेट पहनने की अपील की।

**▸ चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली की भी शिकायत**

## बाइक सटाने को लेकर विवाद में मारपीट व चाकूबाजी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के भट्ठी मुहल्ला देवी मंडप रोड में बुधवार रात बाइक सटाने की बात को लेकर शुरू हुए विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते मारपीट और चाकूबाजी की नौबत आ गई। इस घटना में एक बालिका सहित दो नाबालिग और एक युवक घायल हो गए। घायलों में हमीदगंज निवासी सूरज कुमार को गंभीर स्थिति में मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जबकि दोनों नाबालिगों का इलाज निजी अस्पताल में कर उन्हें छुट्टी दे दी गई। घटना के संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि अब तक किसी पक्ष की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद विधिवत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थित टीओपी प्रभारी ने बताया कि रात में घायल युवक की ओर से कोई फर्द बयान नहीं दिया गया था और वह सुबह बिना डिस्चार्ज कराए अस्पताल छोड़कर चला गया। दोनों नाबालिगों ने बताया कि बुधवार रात करीब 9 बजे वे कोयल नदी पार्क से घूमकर वापस लौट रहे थे, उसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक, जो नशे में थे, तेज रफ्तार में बाइक चलाते हुए पास से गुजर गए। जब एक नाबालिग ने बाइक सटाकर चलाने की वजह पूछी, तो बाइक सवारों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतर आए। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ग्रामीणों ने लगाया नियम विरुद्ध सहायिका चयन का आरोप, बीडीओ ने दिया जवाब

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के पूर्वी पंचायत के टोला गंज में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के लिए चार दिन पूर्व सहायिका चयन प्रक्रिया पूरी हुई। चयनित बिंदी कुमारी के जाति प्रमाण पत्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि चयन नियम के खिलाफ हुआ क्योंकि चयनित सहायिका का जाति प्रमाण पत्र उनके ससुराल से निकाला गया है, जबकि नियम के अनुसार मायके से प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। बावजूद इसके औपचारिक प्रमाण पत्र दे दिया गया है। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने बताया कि चयन ग्रामसभा के निर्णय व प्राप्त अंकों के आधार पर किया गया है। चयन के समय किसी ने आपत्ति नहीं जताई। बीडीओ ने चयनित सहायिका को 10 दिनों के भीतर मायके से जाति प्रमाण पत्र लाने का समय दिया है। ग्रामीणों ने इस मामले की जांच और नई चयन प्रक्रिया कराने हेतु उपायुक्त, जिला समाज कल्याण अधिकारी व अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन दिया है।

## न्यूज | बॉक्स

### हैदरनगर के लपेया गांव में बजरंग बली मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन सम्पन्न



**हैदरनगर।** प्रखंड के बिलासपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम लपेया स्थित देवी धाम परिसर में शुक्रवार को बजरंग बली मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। अनुष्ठान के मुख्य यजमान सरयू सिंह और उनकी धर्मपत्नी सीता देवी ने वैदिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर बेदौलिया के परम पूज्य पुरोहित जितेन्द्र पाठक, आदित्य पाठक और ददन तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कराया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि संकटमोचन हनुमानजी क्षेत्रवासियों को नकारात्मक शक्तियों से मुक्त कर सुख-समृद्धि प्रदान करेंगे। भूमि पूजन के अवसर पर देवी धाम समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह, सचिव अरविंद सिंह, प्रखर समाजसेवी श्रवण सिंह, राम जानकी मंदिर सड़ेया के अध्यक्ष नागेश्वर प्रजापति, आरएसएस पलामू विभाग के सेवा प्रमुख देवदत्त सिंह, खंड व्यवस्था प्रमुख शिव कुमार, आचार्य राजकुमार सिंह, आचार्य जयनारायण सिंह, धर्मप्रेमी जगन्नाथ सिंह, मुकेश सिंह, उत्तम सिंह (संटू), दीपक सिंह, इंदल ठाकुर, ऋतिक सिंह, बबलू सिंह, चंदन सिंह और संजय सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण

**मोहम्मदगंज।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय कुमार कुशवाहा ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उन्होंने यह पहल की है। कुशवाहा ने मोहम्मदगंज के सर्किट हाउस परिसर और भाजपा जिला कार्यालय में एक-एक पौधा रोपा। उन्होंने कहा कि वे अपने गांव कोसीआरा पहुंचकर वहां भी पौधारोपण करेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष लगाए गए कलमी आम का पौधा अब फल देने की स्थिति में पहुंच गया है, जो पर्यावरणीय प्रयासों का प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने सभी नागरिकों से 15 अगस्त तक चलने वाले इस विशेष अभियान में भाग लेने और कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसमें हर व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है।

### समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त चौकीदार को विदाई दी गई

**हरिहरगंज।** थाना अंतर्गत सरसोत पंचायत के चौकीदार कपिलदेव भुईयां के सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को अंचल कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता अंचलाधिकारी मनीष सिन्हा ने की, जबकि संचालन अंचल नाजीर प्रीतम प्रफुल्ल एक्का ने किया। सेवानिवृत्त चौकीदार कपिलदेव भुईयां को अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी एवं सीओ मनीष सिन्हा ने कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति निश्चित है, लेकिन सेवा के दौरान किए गए कार्य सदैव याद रखे जाते हैं। इस अवसर पर एसआइ विगेश राय, अविनाश कुमार, शशि शेखर पांडेय, धनंजय गोप, एएसआइ सुनील यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए और चौकीदार के समर्पित कार्यकाल की प्रशंसा की। विदाई समारोह में सीआइ संजीव कुमार, राजस्व कर्मचारी रामपत प्रजापति, संतोष उरांव, चौकीदार सरजू यादव, उदय पासवान, राहुल कुमार, विश्वनाथ राम, हरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, चंदन कुमार, सौरव कुमार, सरोज कुमार, विनोद राम, अंचल कर्मी रंजन, मनोज सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### किसानों को सोलर पंप के लिए 12 जून तक जमा करना होगा अंशदान की राशि

**हैदरनगर।** झारखंड सरकार के ऊर्जा विभाग के निर्देश के अनुसार हैदरनगर प्रखंड के लाभुक किसानों को सोलर पंप योजना के तहत 12 जून तक अंशदान राशि जमा करनी होगी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि दो हॉर्स पावर वाले पंप के लिए पांच हजार, तीन हॉर्स पावर के लिए सात हजार, और पांच हॉर्स पावर के लिए दस हजार रुपये अंशदान देना होगा। आवेदन ऑनलाइन पोर्टल से ही स्वीकार किए जाएंगे और अन्य माध्यम से अंशदान स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो किसान निर्धारित तिथि तक राशि जमा नहीं कर पाएंगे, उनका आवेदन निरस्त माना जाएगा और भविष्य में किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

## अतिक्रमण व जर्जर सड़क बनी स्टेशन रोड की बड़ी समस्या, जाम से लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय स्टेशन रोड पर अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे सड़क का दायरा सिमट गया है। सड़क की बदहाली और अतिक्रमण के कारण यहाँ आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रशासन की उदासीनता के चलते ठेले और अस्थायी दुकानें सड़क पर स्थायी रूप से स्थापित हो गई हैं। दैनिक बाजार के समय यह समस्या और गंभीर हो जाती है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों, बैंक उपभोक्ताओं और यात्रीगणों को भारी परेशानी होती है। ट्रेन छूटने की घटनाएं आम हो गई हैं। सड़क किनारे बेतरतीब वाहनों की पार्किंग भी जाम की एक बड़ी वजह है। स्थानीय लोग बताते हैं कि न तो ट्रैफिक नियमों का पालन हो रहा है और न ही अतिक्रमण हटाने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया गया है। लोगों ने कहा कि बीते दो दशकों से इस मार्ग की मरम्मत नहीं हुई है। लगभग 20 वर्ष पूर्व तत्कालीन सांसद ब्रजमोहन राम के कार्यकाल में बना पीसीसी पथ अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। रेलवे के तीसरी लाइन विस्तार और निर्माण कार्यों के लिए भारी वाहनों की आवाजाही ने सड़क की स्थिति और भी खराब कर दी है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रशासन इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई करे, अतिक्रमण हटाए और सड़क का जीर्णोद्धार करवाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## अनुमंडलीय अस्पताल में हंगामे की सिविल सर्जन ने की जांच

**● व्यवस्था में कमी नहीं, प्रबंधन की लापरवाही उजागर: डॉ. अनिल कुमार**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को समय पर एंबुलेंस और ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होने के कारण हुए हंगामे की जांच गुरुवार देर शाम पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने की। मौके पर पहुंचकर उन्होंने अस्पताल की स्थिति का जायजा लिया और इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि अस्पताल के स्टोर में इस समय 13 भरे हुए ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध हैं। साथ ही अस्पताल परिसर में एंबुलेंस भी मौजूद थी, लेकिन इनका समुचित उपयोग नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन सिलेंडरों को समय से बाहर निकालकर तत्परता से उपयोग में लाया जाना चाहिए था, परंतु यह कार्य नहीं किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि व्यवस्था की कमी नहीं थी, बल्कि प्रबंधन की लापरवाही और समन्वय की कमी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का अपने ही कर्मियों से तालमेल का अभाव सामने आया है। एंबुलेंस की चाभी लेकर चालक का बाहर चले जाना बेहद गंभीर लापरवाही है। उन्होंने दोनों घटनाओं को गंभीर मानते हुए कहा कि किसी भी मरीज के जीवन के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। सिविल सर्जन ने कहा कि दोषियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आवश्यकता पड़ने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिनेश राम को हटाकर किसी अन्य चिकित्सक को नियुक्त किया जा सकता है। डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि अस्पताल में चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी और आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध हैं, पर इच्छाशक्ति की कमी के कारण मरीजों को समय पर सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं जल्द मिलने लगेंगी। जांच के दौरान सिविल सर्जन ने आम नागरिकों से भी सीधे संवाद किया और उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए कुछ अहम निर्णय लिए हैं, जिनकी जानकारी जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी। उन्होंने बताया कि वे इस पूरे मामले की वस्तुस्थिति से पलामू की उपायुक्त एवं जिला स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष समीरा एस को अवगत कराएंगे। साथ ही उन्होंने जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के संबंध में आम जनता से अपील की कि यदि कहीं पर भी इलाज या सेवाएं नहीं मिल रही हैं तो वे सीधे मोबाइल नंबर 9431390128 पर संपर्क कर शिकायत करें। उनकी शिकायतों का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

## सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण को लेकर अंचलाधिकारी सक्रिय, गजबोर में कलवर्ट स्थल का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड अंतर्गत गजबोर पुल के समीप स्थित कलवर्ट और पइन के रास्ते में अवैध रूप से मिट्टी डालकर किए जा रहे अतिक्रमण की सूचना मिलने के बाद अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह शुक्रवार को दोपहर में एक्शन मोड में नजर आए। वे अंचलकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी ने सीमा से सटे भूमि पर अतिक्रमण कर मिट्टी डालने वाले स्थानीय लोगों से पूछताछ की और उनसे भूमि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मौजूद राजस्व कर्मचारी महावीर प्रसाद ने बताया कि कलवर्ट के सामने अवैध रूप से मिट्टी डालने की पुष्टि हुई है, जो पूरी तरह अनुचित है। अतिक्रमणकारियों की पहचान कर उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है तथा मिट्टी हटाने का निर्देश तत्काल प्रभाव से दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्थल की मापी कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ज्ञात हो कि पांकी प्रखंड में लगातार सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे मामलों में प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। अंचलाधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा के लिए विभाग सतर्क है और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

## जिला स्तर पर 42 शिक्षकों को दी गई योग का प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना पलामू यूनिट द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित कुल 42 शिक्षकों को जिला स्तर पर विशेष योग प्रशिक्षण दिया गया। हर प्रखंड से दो-दो शिक्षक इस प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण में योग प्रोटोकॉल और सूर्य नमस्कार से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। समग्र शिक्षा अभियान के एपीओ राजेश कुमार ने बताया कि ये शिक्षक मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किए गए हैं। अब ये शिक्षक अपने-अपने संकुलों में एक-एक शिक्षक को प्रशिक्षण देंगे। संकुल स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। इस प्रशिक्षण सत्र में शिक्षक आनंद माधव और अविनाश कुमार ने योग प्रोटोकॉल व सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया।


## पांकी के बसडीहा में बरगद पेड़ की कटाई से ग्रामीणों में भारी आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के बसडीहा देवी मंडप के समीप सड़क किनारे स्थित लगभग 200 वर्ष पुराने विशाल बरगद के पेड़ की सभी टहनियां मशीन से काट दिए जाने के कारण ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण रामनाथ तिवारी, राजेंद्र ओझा, रामेश्वर ओझा, सचिन कुमार, चंद्रिका लाल सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि बरगद के नीचे वर्षों से पिंड पड़ता रहा है और श्रद्धा से पूजा अर्चना होती रही है। यह पेड़ आसपास के लोगों को ठंडी छांव भी प्रदान करता था। लेकिन, गांव के कुछ लोगों ने इस विशाल वृक्ष की प्रमुख टहनियों को काटकर पेड़ को पंगु बना दिया है, जिससे ग्रामीण बहुत नाराज हैं। ग्रामीणों ने इस संबंध में पांकी थाना प्रभारी, वन विभाग के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को लिखित आवेदन देकर पेड़ काटने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार की शाम को पेड़ की सभी प्रमुख टहनियां काट दी गईं, जबकि उन्होंने इसका विरोध भी किया था। इसके बावजूद कुछ लोगों ने उनकी बातों को अनदेखा करते हुए कटर मशीन से पेड़ की कई टहनियों को काट दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ की इस कटाई से न केवल उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी यह नुकसानदायक है। वे प्रशासन से शीघ्र उचित कार्रवाई की मांग करते हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## पदाधिकारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय के समीप एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मो. याकूब, तथा नगर पालिका के कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश कुमार हंस ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया और आम जनता से पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण को बढ़ावा देने की अपील की। एसडीओ गौरांग महतो ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है। पौधरोपण से मिट्टी का कटाव रुकेगा, भू-जलस्तर में सुधार होगा और भविष्य में आर्थिक लाभ भी होगा। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया। एसडीपीओ ने कहा कि प्रकृति से बड़ा कुछ नहीं है। यदि हम प्रकृति का सम्मान करेंगे, तो वह भी हमारा सम्मान करेगी। कार्यक्रम में नगर प्रबंधक राकेश कुमार सिंह, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा और निकाय समूह की महिलाएं भी मौजूद रहीं। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त कचरा एवं पुनः उपयोग योग्य पॉलिथीन के प्रयोग का संकल्प लिया। साथ ही सभी से पृथ्वी को हरा-भरा रखने में सहयोग करने की अपील की।

## फाइलेरिया रोग खोज अभियान: रात्रि रक्त पट संग्रह के 300 का लक्ष्य पार

# 3 स्थानों पर कैंप नहीं लगाया गया




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत क्षेत्र में फाइलेरिया रोग खोज अभियान के तहत आयोजित रात्रि रक्त पट संग्रह में 300 के लक्ष्य के मुकाबले 311 रक्त पट सफलतापूर्वक संग्रहित किए गए हैं। यह अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुसैनाबाद के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश कुमार के मार्गदर्शन में चलाया गया। पहला कैंप 30 मई को मुखिया कमला देवी के शिलापर गांव स्थित आवास पर लगाया गया, जहां 20 वर्ष से अधिक उम्र के 128 व्यक्तियों का रक्त पट संग्रह हुआ। इसके बाद कैंप बिचलाडीह (संगीता देवी स्वास्थ्य सहिया), बस्ती चौक (ललन सिंह के आवास), और किशुनडीह (मुन्ना मेहता के आवास) पर भी लगाए गए। कुल 311 रक्त पट संग्रह होने के कारण राजनडीह के स्वास्थ्य उपकेंद्र, नीम गाछ नदी पर और स्टेशन रोड के बजरंगबली मंदिर के पास कैंप लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। अगली बार इसी क्षेत्र से संग्रह कार्य शुरू किया जाएगा। रक्त पट संग्रह का समय शाम 8 बजे से 12 बजे तक था। इस अभियान की सफलता में विजय कुमार सिंह, शकील अहमद एलटी, धीरेंद्र कुमार एमटीएस, जयप्रकाश नारायण, विमलेश कुमार सिन्हा, दिलीप उरांव एमपीडब्ल्यू एवं आनन्द सिंह (एम्बुलेंस चालक) की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। ग्रामीणों का इस अभियान में सकारात्मक सहयोग देखा गया।

# बटाने नदी का उद्गम से सीमा तक होगा जीर्णोद्धार : उपायुक्त

- एसओपी के तहत मनरेगा, जलछाजन, वन विभाग और नीति आयोग की योजनाओं से होगा कार्यान्वयन, जिला स्तरीय कमेटी गठित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस. की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय वेश्म में बटाने नदी इको सिस्टम इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम के सफल क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में बटाने नदी के उद्गम स्थल से लेकर पलामू जिला की सीमा तक नदी के पुनर्जीवन (जीर्णोद्धार) से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

नदी क्षेत्र में छोटे-छोटे चेक डैम, जलाशय, बराज एवं अन्य स्थायी संरचनाओं के सर्वेक्षण के उपरांत एक वृहद एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) तैयार करने का निर्णय लिया गया है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि इस योजना को कन्वर्जेंस मॉडल के तहत वन विभाग, नीति आयोग, मनरेगा, जलछाजन जैसी विभिन्न योजनाओं से समन्वय स्थापित करते हुए पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि यह कार्य समयबद्ध व अभियान रूप में संपन्न हो, जिससे क्षेत्र में जल संरक्षण, पर्यावरण सुधार व ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा मिल सके। बैठक में उपायुक्त ने जिला स्तर पर एक कमेटी के गठन की भी घोषणा की, जिसकी अध्यक्षता स्वयं करेंगी, जबकि वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार को कमेटी का नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। उनके नेतृत्व में एक विशेषज्ञ टीम एसओपी का मसौदा तैयार करेगी। उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया गया कि वे कन्वर्जेंस से जुड़े विभागों के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। साथ ही, अपर समाहर्ता को बटाने नदी क्षेत्र में भू-अर्जन, राहत, पुनर्वास एवं स्थानीय निवासियों की समस्याओं की समीक्षा करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इस बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कारा सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

- सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ बंदियों की सुविधाएं बेहतर बनाने पर दिया गया जोर



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस. की अध्यक्षता में शुक्रवार को कारा सुरक्षा समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में मेदिनीनगर केंद्रीय कारा की सुरक्षा व्यवस्था, संसाधनों की मजबूती और बंदियों की सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने जेल मैनुअल के अनुरूप सुरक्षात्मक उपाय अपनाने, मूलभूत सुविधाएं बेहतर करने, नियमित स्वास्थ्य जांच, पेयजल, शौचालय, अग्नि सुरक्षा, प्राथमिक उपचार किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने और मुलाकातियों की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि कारा की मुख्य दीवार को और ऊँचा किया जाएगा तथा उस पर कंटीले तार लगाए जाएंगे। पेयजल आपूर्ति की समस्या को दूर करने के लिए बोरिंग कराई जाएगी। सुरक्षा उपकरणों के सुचारू संचालन हेतु कारा में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। स्थानीय थाना को कारा परिसर के आसपास गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया गया ताकि बाह्य सुरक्षा भी सुदृढ़ हो सके। कारा परिसर में स्थापित अस्पताल भवन की मरम्मत कार्य एक सप्ताह में पूरा करने का निर्देश भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को दिया गया। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि कारा में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति की गई है। उपायुक्त ने चिकित्सक को नियमित रूप से उपस्थित रहकर कैदियों की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। महिला बंदियों के लिए महिला स्वास्थ्यकर्मी (एएनएम/जीएनएम) की प्रतिनियुक्ति कर स्वास्थ्य परीक्षण कराने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, कारा अधीक्षक भागीरथी कार्जी, जेलर आशीष कुमार, स्पेशल ब्रांच डीएसपी दीपक कुमार, सिविल सर्जन अनिल सिंह, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पलामू जिला सब-जूनियर बालक खो- खो टीम हजारीबाग हुआ रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला खो- खो एसोसिएशन के तत्वाधान में 27 मई 2025 को जीएलए एथलेटिक्स स्टेडियम में जिला स्तरीय सब-जूनियर खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । बेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर सब -जूनियर,पलामू जिला खो- खो टीम का गठन किया गया।सभी चयनित खिलाड़ियों को आज 6 जून को शक्तिपुंज एक्सप्रेस से हजारीबाग के आउट डोर स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पलामू जिला ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे, पलामू जिला खो - खो संघ के अध्यक्ष आजात शत्रु प्रसाद सिन्हा ,पलामू जिला ओलंपिक सह खो खो एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ,पलामू जिला ,एथलेटिक्स कोच- रेशमा पाण्डेय, प्रीति कुमारी, ने रवाना किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 6 जून से 8 जून 2025 तक आयोजित है। टीम का नेतृत्व कोच निरंजन कुमार ,टीम मैनेजर रामजी कुमार कर रहे हैं। पलामू जिला खो खो एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सब - जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में खेलने का अवसर प्राप्त होगा। सभी खिलाड़ियों को शुभकामना व्यक्त करने वालों में पलामू जिला खेल पदाधिकारी सेवाराम साहू , पलामू जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे , पलामू जिला वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, सचिन सुमित वर्मन, राइफल शूटिंग संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पाठक, सचिन अशोक सिंह, साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष सुनील उपाध्याय ,सचिव सिद्धार्थ कुमार, वेटलिफ्टिंग संघ के सचिव अभिलाष चंचल , योगासन के सचिव अनिल कुमार पांडे, एथलेटिक्स कोच मोनू कुमार, खेल समन्वयक निधि उपाध्याय, सिकंदर कुमार, शारीरिक शिक्षक प्रदीप कुमार मेहता,द्वारीका प्रसाद थे।

### प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची खिलाड़ियों की सूची

**सब जूनियर बालक :** उपवन तिवारी, आर्यन कुमार, रुद्र कुमार शुक्ला, लक्ष्मण कुमार राम, लव कुमार, आदर्श कुमार, अनिकेत राज, अनुराग दुबे, प्रांजल कुमार पांडे, अनुपूरक उरांव अंश कुमार तिवारी, सूरज उरांव, प्रिंस कुमार, प्रांजल कुमार चौधरी, पर्थ प्रियदर्शी।

विश्व पर्यावरण दिवस पर संत मरियम स्कूल में सांस्कृतिक उत्सव, बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

# मुस्कुराते बच्चे ही समाज की असली ऊर्जा : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार की संध्या नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम सह ग्रीष्मकालीन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एन.पी.यू. के कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश सिंह, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, डीसीओ उमेश कुमार, व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल और विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव समेत अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर की गई। अतिथियों का स्वागत फलदार पौधों और अंगवस्त्र देकर किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कानपुर से आए 'तिलकधारी ग्रुप' द्वारा प्रस्तुत नृत्य और नाटक रहे, जिनमें देश की विविध संस्कृतियों की झलक देखने को मिली। गायक विनय मिश्रा के भक्ति और देशभक्ति गीतों पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक नृत्य कर समां बांध दिया।

इस अवसर पर कुलपति डॉ. दिनेश सिंह ने कहा कि जिस घर में एक बच्चा मुस्कुराता है, वहां पूरा परिवार मुस्कुराता है। संत मरियम विद्यालय में सैकड़ों बच्चों की मुस्कान से उत्पन्न ऊर्जा को मैं महसूस कर पा रहा हूं। विविध धर्मों व संस्कृतियों से आने वाले बच्चे यहां शिक्षा, संस्कार और कला की गहराई में एक साथ डूबते नजर आते हैं, यह दृश्य अत्यंत प्रेरणादायक है।

अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चे अधिक से अधिक पौधे लगाएं। जब तक पर्यावरण संतुलित नहीं होगा, मानव जीवन सुरक्षित नहीं रह सकता। उन्होंने विद्यालय द्वारा बच्चों में पर्यावरण जागरूकता के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताते हुए बच्चों को पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं। मंच संचालन उप प्राचार्य एस.बी. साहा ने किया। कार्यक्रम में प्रवीण दुबे, श्याम किशोर पांडे, सुजीत कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## निर्जला एकादशी पर प्यासे राहगीरों को पिलाया गया शरबत

**मेदिनीनगर।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर 'नई उम्मीद - एक पहल' संगठन द्वारा मेदिनीनगर के छहमुहान चौक के समीप, बिजली कार्यालय के बगल में राहगीरों के लिए ठंडे शरबत एवं पानी की सेवा का आयोजन किया गया। इस भीषण गर्मी में राह चलते आमजन को राहत देने के उद्देश्य से यह सेवा भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस नेक कार्य को देखकर डालटनगंज ट्रैफिक इंचार्ज मो. समल ने मौके पर पहुंचकर संस्था के सभी सदस्यों की सराहना की और ऐसे सामाजिक प्रयासों को प्रेरणास्पद बताया। 'नई उम्मीद - एक पहल' पूर्व में भी रक्तदान, स्वच्छता अभियान, एवं खाद्यान्न वितरण जैसे कई सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा चुकी है। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक जितेंद्र कुमार उपाध्याय सहित संगठन के कई सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

# पलामू में दवा व्यवसाइयों की बैठक संपन्न समस्याओं के समाधान को लेकर बनी रणनीति



**मेदिनीनगर।** पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन की एक विस्तारित बैठक गुरुवार को संध्या 7:00 बजे नावाटोली स्थित होटल शिवाय ब्लू के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के अध्यक्ष अमिताभ कुमार मिश्रा ने की। इस मौके पर जिले भर के सैकड़ों थोक एवं खुदरा दवा व्यवसायी उपस्थित हुए।

अध्यक्ष अमिताभ कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में दवा व्यवसाय से जुड़े लोगों को कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि व्यवसाय को सरल, समृद्ध, न्यायसंगत और विकासोन्मुखी बनाने की दिशा में ठोस प्रयास जरूरी हैं। बैठक में उपस्थित व्यवसायियों ने अपनी समस्याएं गंभीरता से रखीं और सुझाव दिए कि व्यापार को भयमुक्त एवं स्वतंत्र माहौल में संचालित किया जाना चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि फेडरेशन का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही जिला औषधि पदाधिकारी से मिलकर समस्याओं के समाधान हेतु वार्ता करेगा। इस अवसर पर दो महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। पहले प्रस्ताव में औषधि प्रशासन से अनुरोध किया गया कि दवाओं के लाइसेंस के अनुरूप उनका वर्गीकरण कर बिक्री से जुड़े प्रावधानों को विस्तारपूर्वक प्रशिक्षित करने के लिए कैंप का आयोजन किया जाए।

दूसरे प्रस्ताव में लाइसेंसिंग और निरीक्षण की प्रक्रिया को सरल, न्यायसंगत और व्यवसाय हितैषी बनाने की मांग की गई। फेडरेशन के संरक्षक और वरिष्ठ व्यवसायी मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि पलामू एक पिछड़ा जिला है, जहां सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी एवं अन्य गरीब वर्ग के लोग दवा व्यवसाय के माध्यम से न केवल जीविकोपार्जन करते हैं, बल्कि लोगों की सेवा भी करते हैं। ऐसे व्यवसायियों के हितों की रक्षा करना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में हनी सिंहा, जितेंद्र कुमार, सतीश तिवारी, रमाकांत पांडे, संजय कुमार अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, जगदीश गुप्ता, आतिश अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, मनोज सिन्हा, उज्जवल सिन्हा, प्रवीण अग्रवाल, आशुतोष कुमार, ओमप्रकाश मेहता, मूनजी अग्रवाल, राजहंस अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, राजेश प्रसाद गुप्ता, रवि अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विनोद अग्रवाल सहित सैकड़ों दवा व्यवसायी उपस्थित थे। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य कुलवंत सिंह नामधारी ने किया।

## राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी की कार्यकारिणी समिति की बैठक 7 जून को

- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एवं झारखंड आंदोलनकारी सम्मान समारोह पर होगा विमर्श

**मेदिनीनगर।** राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी (आरएमटीए) की कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक 7 जून 2025, शनिवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे, लता मंगेशकर चौक (को-ऑपरेटिव चौक) स्थित माटी कला बोर्ड कार्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित तीरंदाजी, कराटे एवं मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण की प्रगति की समेकित समीक्षा की जाएगी। साथ ही 27 जून को चलानी किला, शाहपुर में आयोजित झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक में पलामू के विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा होगी। बैठक में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन की रूपरेखा एवं आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों से बैठक में समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक की तैयारी समिति में सतीश कुमार, दाऊद केरकेट्टा, बालकिशुन उरांव, शंखनाथ सिंह, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, राजू कुमार प्रजापति एवं प्रदीप कुमार सिन्हा उपस्थित रहे।

## ईद-उल-जुहा के मद्देनजर पशु चोरी की घटनाओं को लेकर सतर्क हुई पुलिस, विशेष निगरानी के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू क्षेत्र में ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। पर्व के दौरान कुर्बानी हेतु भेड़, बकरा एवं अन्य मवेशियों की चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस उप-महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र, नौशाद आलम ने सभी थाना एवं पोस्ट प्रभारियों को विशेष निगरानी बरतने और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेहला एवं नावाबाजार थाना क्षेत्रों में अज्ञात चोरों द्वारा बकरियों की चोरी की घटनाएं सामने आई हैं और संबंधित थानों में इस बाबत प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। समीक्षा में यह पाया गया है कि दोनों स्थानों पर चोरी की शैली समान प्रवृत्ति की प्रतीत होती है।

निर्देश में सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में विशेष चौकसी रखने, गैंग या अपराधियों की पहचान कर आपसी तालमेल के माध्यम से शीघ्र केस दर्ज कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी थानों से कार्रवाई की जानकारी पुलिस उप-महानिरीक्षक को अविलंब भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं।

यह आदेश पुलिस अधीक्षक, लातेहार, गढ़वा एवं पलामू के साथ-साथ सभी डीएसपी, इंस्पेक्टर, थाना, पोस्ट व पिकेट प्रभारियों को भेजा गया है।

## पत्रकार स्वामी दिव्यज्ञान को सुरक्षा देने की मांग, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने दैनिक उत्कल मेल के समाचार संपादक स्वामी दिव्यज्ञान (सौम्य मिश्र) को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग मुख्यमंत्री से की है। इस संबंध में उन्होंने उपायुक्त पलामू समीरा एस से व्यक्तिगत रूप से भेंट की। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि वे यह पत्र मुख्यमंत्री को अग्रेषित करेंगी। मिश्र ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि स्वामी दिव्यज्ञान को हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल्स द्वारा अपमानजनक टिप्पणियों, अश्लील आरोपों और चरित्र हनन का सामना करना पड़ा है। उन्होंने भाजपा के संगठन संबंधी मुद्दों पर तथ्यात्मक टिप्पणी की थी, जिसके बाद उन्हें मानसिक उत्पीड़न का शिकार बनाया गया। पत्र में कहा गया है कि यह केवल व्यक्तिगत हमला नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है। भारत प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में पहले ही नीचे है, ऐसे में राज्य में स्वतंत्र पत्रकारों की सुरक्षा आवश्यक है। उन्होंने पत्रकार को सुरक्षा देने और मामले की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है, ताकि लोकतांत्रिक गरिमा बनी रहे।

शिक्षकों को मिला नशा मुक्ति का प्रशिक्षण

# जिले में बने प्रहरी क्लब 6 से 26 जून तक चलेंगे जागरूकता कार्यक्रम

- विद्यालयों में होंगे प्रभात फेरी
- निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं



**मेदिनीनगर।** गृह कारा एवं आपदा विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार पलामू जिले के शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को जिला स्कूल (प्लस टू उच्च विद्यालय), मेदिनीनगर के सभागार में मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से दो-दो शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी सभा प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया गया। प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्य मादक द्रव्यों के दुरुपयोग की रोकथाम, जागरूकता फैलाना तथा विद्यार्थियों में नशामुक्त जीवन के प्रति सकारात्मक संदेश देना था।

**ड्रग्स और किशोर मानसिकता पर विस्तृत जानकारी :** प्रशिक्षण सत्र में जिला स्तरीय प्रशिक्षकों अभिषेक तिवारी, दीपक कुमार और दिलीप प्रसाद ने "ड्रग्स का प्रभाव", "लत के लक्षण", "किशोरावस्था में जोखिम", और "नशा से बचाव" जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शिक्षकों को जानकारी दी। प्रशिक्षक अभिषेक तिवारी ने कहा कि नशे की शुरुआत अक्सर दोस्तों के साथ मज़े के रूप में होती है, लेकिन धीरे-धीरे यह लत में बदल जाती है। नशे के कारण युवाओं का व्यवहार, सोचने का तरीका, और स्वास्थ्य प्रभावित होता है और वे मौत के करीब पहुंचने लगते हैं। इस अवसर पर एपीओ मनोज मिश्रा, रोहित तिवारी, सतीश दुबे, राजीव सिंह और अरविंद कुमार सहित जिले के सभी प्लस टू और उच्च विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भी शिक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा किया गया।

### प्रहरी क्लब का गठन और कार्य योजना घोषित

इस अवसर पर जिले के सभी विद्यालयों में "प्रहरी क्लब" का गठन करने की घोषणा की गई, जो नशे की प्रवृत्तियों पर नियंत्रण के लिए काम करेगा। इस क्लब की मदद से विद्यालय स्तर पर किशोरों को नशे से दूर रखने हेतु विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 6 जून से 26 जून तक जिले भर के विद्यालयों में प्रभात फेरी, स्लोगन राइटिंग, निबंध, क्विज, वाद-विवाद प्रतियोगिता, साइकिल रैली, शपथ ग्रहण कार्यक्रम और ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार-प्रसार जैसे गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही, सप्ताह में एक दिन प्रार्थना सभा के माध्यम से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को भी जागरूक किया जाएगा।

## रजवाडीह मध्य विद्यालय में आठवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में आठवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को शुक्रवार को समारोहपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। शिक्षिका निशा द्वारा प्रस्तुत विदाई गीत ने भावनात्मक वातावरण बना दिया।

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिकाएं निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर और लैब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को टीसी, ग्रेड कार्ड और कलम प्रदान किए। मध्याह्न भोजन से पूर्व बच्चों ने सामूहिक रूप से शीतल पेय का आनंद लिया।

प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे नवम कक्षा में नामांकन कर पढ़ाई निरंतर जारी रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर विद्यालय को अवगत कराएं, ताकि समय पर उसका समाधान किया जा सके।

# पीएम-जनमन अभियान को लेकर गढ़वा में हुई समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** धरती आबा जयंती ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन और पर्यवेक्षण को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व की बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई और जिला व प्रखंड स्तर के अधिकारियों को योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने बताया कि यह अभियान जनजातीय समुदाय के समग्र उत्थान हेतु एक अत्यंत महत्त्वाकांक्षी योजना है। झारखंड राज्य के 24 जिलों के 231 प्रखंडों के 7139 गांवों को लक्षित किया गया है। गढ़वा जिले के 15 प्रखंडों के 113 गांवों में कुल 96, 724 अनुसूचित जनजातीय व्यक्तियों को इस अभियान का लाभ मिलेगा। यह अभियान वर्ष 2028-29 तक चलाया जाएगा, जिसमें 17 मंत्रालयों की 25 से अधिक योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, विद्युतीकरण, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना, आधार कार्ड निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र, स्किल सेंटर, वन अधिकार पट्टा आदि शामिल हैं, जिन्हें सैचुरेशन मोड में लागू किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि हर माह के पहले सप्ताह में कार्यों की समीक्षा बैठक अनिवार्य रूप से हो। साथ ही कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजनाएं, साइकिल वितरण, कंबल वितरण तथा राजस्व संग्रहण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, समाज कल्याण पदाधिकारी अल्पना कुमारी, आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय, कार्यपालक अभियंता, शिक्षा पदाधिकारी, आईटी, मत्स्य, पशुपालन समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



## असंतुलित होकर कार पुलिया से टकराई, एक युवक गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** शुक्रवार की सुबह लगभग 6 से 7 बजे के बीच मांझीगांव सिलीदाग-बुल्का निमार्णाधीन मुख्य सड़क पर जिरुआ जलाशय के समीप एक तेज रफ्तार कार असंतुलित होकर पुलिया से टकरा गई। हादसे में कार सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए गढ़वा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सिलीदाग गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार अपने चचेरे भाई सुशील कुमार के साथ कार से जिरुआ जलाशय की ओर जा रहे थे। धर्मेंद्र गाड़ी चला रहा था और सुशील बगल की सीट पर बैठा था। जैसे ही वे धमधवा होते हुए जिरुआ जलाशय के समीप पहुंचे, कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के ग्रामीण आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे और तुरंत परिजनों को सूचना दी। घायल युवक को पहले रमना लाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया।

### कांडी थाना क्षेत्र में बकरीद पूर्व निकाला गया फ्लैग मार्च

**कांडी।** बकरीद पर्व के मद्देनजर शुक्रवार को कांडी थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। यह मार्च कांडी थाना से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, पेट्रोल पंप आदि मार्गों से होते हुए सम्पन्न हुआ। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थाना प्रभारी अविनाश राज ने किया। इस दौरान एसआई रौशन कुमार, एएसआई विनय मांझी, अरुण पासवान, आशीर्वाद महतो, बीरेंद्र पासवान, निरंजन कुमार पासवान समेत थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## यू-डायस प्लस प्रोग्रेशन को लेकर प्रधानाध्यापकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में शुक्रवार को एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड के सभी उच्च, उत्क्रमित उच्च, मध्य, उत्क्रमित मध्य, प्राथमिक, उत्क्रमित प्राथमिक तथा नव प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय की उपस्थिति में एमआईएस कोऑर्डिनेटर राजकुमार कुशवाहा ने यू-डायस प्लस पोर्टल पर छात्र प्रगति संबंधी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को आवश्यक तकनीकी प्रक्रियाओं और सटीक प्रविष्टि के उपाय बताए। कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन ने सभी प्रधानाध्यापकों को ई-विद्या वाहिनी ऐप पर शिक्षक और छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश



दिया। राजकुमार कुशवाहा ने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत भी यदि किसी विद्यालय को छात्र प्रगति प्रविष्टि में समस्या आती है, तो वे उनसे संपर्क कर कार्य पूर्ण करा सकते हैं। प्रशिक्षण में नित्यानंद तिवारी, अनूप कुमार विश्वकर्मा, ज्ञान प्रकाश, अमर जायसवाल, मीरा कुमारी, संध्या कुमारी, सुभाष राम, नरेश राम, उमेश कुमार, कुमारी नीलम पांडेय, अविनाश चंद्र, विनोद ठाकुर, अलीम अंसारी, मुनेश्वर मेहता, सुग्रीव राम, अफसर खां, सीआरपी संजय कुमार सिंह, शक्ति दास सिन्हा, लेखपाल राकेश कुमार तिवारी सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## आयुक्त ने की मां चतुर्भुजी मंदिर में पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** पलामू प्रमंडल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने शुक्रवार को दोपहर पत्नी के साथ केतार स्थित मां चतुर्भुजी भगवती मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में हवन कर देवी-देवताओं का आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी बालमुकुंद पाठक ने आयुक्त और उनकी पत्नी को आरती करवाई। दर्शन के बाद आयुक्त ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हुए कहा कि इस पावन स्थल पर आने की इच्छा लंबे समय से थी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मंदिर परिसर का समुचित विकास कराया जाएगा। उन्होंने मंदिर समिति द्वारा की गई व्यवस्था जैसे- सफाई, बागीचा, फव्वारे, और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की सराहना की और समिति को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव हेमंत पाठक समेत अन्य सदस्यों ने उन्हें मां की मूर्ति व चुनरी भेंट कर स्वागत किया। मौके पर बंशीधर नगर के एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, बीडीओ प्रशांत कुमार, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी सहित कई अधिकारी एवं स्थानीय लोग

## कांडी के भिलमा गांव में शिव मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम भिलमा में मंगलवार को शिव मंदिर निर्माण हेतु विधिवत भूमि पूजन का आयोजन किया गया। यह भूमि पूजन गांव के पूर्वी छोर पर स्थित पुराने शिव चबूतरे के पास किया गया, जिसे स्वर्गीय राम रक्षा सिंह ने वर्ष 2000 में बनवाया था। अब उनके पुत्र अरुण सिंह इस स्थान पर भव्य शिव मंदिर का निर्माण करवा रहे हैं। भूमि पूजन के अवसर पर पूरे गांव में उत्साह का वातावरण था। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना में भाग लिया और मंदिर निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया। अरुण सिंह ने बताया कि यह मंदिर ग्राम की पहचान और श्रद्धा का केंद्र बनेगा। उन्होंने सभी ग्रामवासियों का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रामजन्म सिंह, रामविलास सिंह, रविंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, सुनील सिंह, उदय सिंह, चंद्रकिशोर सिंह, अंजनी सिंह, सत्यवंत सिंह, डॉ. रंजीत मेहता, बबलू मेहता, विकास प्रजापति, विनय पाल सहित सैकड़ों ग्रामीण श्रद्धा भाव से उपस्थित रहे।

## मेराल थाना में आयोजित हुआ विवाद निष्पादन शिविर, जनसमस्याओं का हुआ समाधान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना परिसर स्थित सभागार में शुक्रवार को विवाद निष्पादन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मेराल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं आवेदन के माध्यम से प्रस्तुत कीं, जिनका निराकरण अंचलाधिकारी जसवंत नायक, प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत एवं थाना प्रभारी विष्णु कांत द्वारा किया गया। हासनदाग गांव से आए भूमि विवाद के एक मामले को सीओ ने शिविर में ही सुलझा दिया। वहीं, गोंदा पंचायत के 35 अबुआ आवास लाभुकों को नोटिस देकर शिविर में बुलाया गया था। लाभुकों ने बालू की आपूर्ति में आ रही परेशानी तथा भूमि विवाद और पानी की समस्या को अधिकारियों के समक्ष रखा। बीडीओ सतीश भगत ने लाभुकों को आश्वस्त करते हुए



कहा कि बालू के लिए पंचायत के मुखिया को आवेदन दें, तत्काल कार्रवाई कर आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लाभुकों ने राशि लेकर भी आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किया है, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को इसी प्रकार का शिविर आयोजित किया जाएगा, जिससे छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान समय रहते किया जा सके। शिविर में एसआई अरविंद साहू, दिनेश मुंडा, नाजीर सुनील कुमार, आवास कोऑर्डिनेटर रशीद अंसारी, पंचायत सचिव परमानंद पाठक, सीआई जोनसन गिद्दी, राजस्व कर्मचारी संजीव कुमार, मुखिया पति सुरेंद्र गोस्वामी, पंचायत सहायक अमित कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भवनाथपुर सब्जी मार्केट की नाली की सफाई शुरू, मुखिया बेबी देवी की पहल से मिली राहत



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर मुख्य बाजार के पीछे स्थित सब्जी मार्केट में लंबे समय से जाम और गंदे पानी की समस्या से लोग परेशान थे। दैनिक जागरण में खबर प्रकाशित होने के बाद पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासन की ओर से पहल की गई। मुखिया बेबी देवी ने 15वें वित्त आयोग की निधि से नाली की सफाई एवं मरम्मत कार्य शुरू कराया। वर्तमान में मजदूर नाली की गहराई बढ़ाने, गाद निकालने और क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत में जुटे हैं। स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने मुखिया के इस तत्पर और सकारात्मक कदम की सराहना की है। उनका कहना है कि इससे न केवल स्वच्छता सुनिश्चित होगी बल्कि व्यापार भी बेहतर होगा। यह पहल जनप्रतिनिधियों और मीडिया की संयुक्त जिम्मेदारी का एक प्रेरणास्पद उदाहरण है।

### जनता दरबार में डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन हुआ, जिसमें आमजनों की समस्याएं सुनी गईं। अर्जुन यादव ने अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत की, जबकि सरिता देवी ने मंईया सम्मान योजना की राशि न मिलने की बात रखी। सविता कुमारी ने आंगनबाड़ी सहायिका पद पर चयन के बावजूद योगदान नहीं होने की शिकायत की। वहीं, संतोष राम ने सरना स्थल चारदीवारी निर्माण में बाल मजदूरी और घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र समाधान का निर्देश दिया।

## गढ़वा नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च, शांतिपूर्ण बकरीद के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** बकरीद पर्व को लेकर गुरुवार शाम गढ़वा नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व सदर एसडीएम संजय कुमार और एसडीपीओ नीरज कुमार ने किया। मार्च में प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल, थाना प्रभारी बृज कुमार, नियंत्रण कक्ष प्रभारी संतोष कुमार तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल रहा। मार्च गढ़वा थाना से शुरू होकर रंका मोड़, मैन रोड, मझिआंव मोड़, उंचरी मस्जिद, रेलवे क्रॉसिंग, बस स्टैंड होते हुए पुनः थाना परिसर में संपन्न हुआ। एसडीएम संजय कुमार ने लोगों से आपसी सौहार्द्र के साथ पर्व मनाने की अपील की और कहा कि विधि व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि शहर के प्रमुख स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस बल तथा सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। एसडीपीओ नीरज कुमार ने आमजन से अपील की कि अफवाहों से बचें और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना दें।

## गंगा दशहरा पर टंकी घाट में भव्य गंगा आरती

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** गंगा दशहरा के अवसर पर मझिआंव प्रखंड के कोयल नदी टंकी घाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन से हुई। संध्या आरती के समय दीपों की रोशनी और घंटियों की गूंज से घाट का वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर मां गंगा से क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की। आयोजन में प्रमुख रूप से श्री श्री 1008 बाबा केशव नारायण दास राधा कृष्ण मंदिर के महंत, अच्युतानंद तिवारी (गायत्री परिवार गढ़वा), वीरेंद्र सोनी, नागेंद्र सिंह, आनंद विश्वकर्मा, डॉ. दिनेश पाल और देव मुनि विश्वकर्मा उपस्थित रहे। महिलाओं और पुरुषों की बड़ी भागीदारी रही, जिसमें सुनीता चौरसिया, शोभा जयसवाल, रिंकी देवी समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे। स्थानीय लोगों ने ऐसे आयोजनों को सामाजिक एकता के लिए प्रेरक बताया।



## न्यूज | बॉक्स

### मेराल के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च सौहार्दपूर्ण त्योहार के लिए प्रशासन तैयार

**मेराल।** बकरीद को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु शुक्रवार को मेराल थाना क्षेत्र के दुलदुलवा, पेसका और चामा गांवों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मार्च का नेतृत्व सीओ जसवंत नायक ने किया, जिसमें इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद, बीडीओ सतीश भगत, थाना प्रभारी विष्णु कांत सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल रहे। फ्लैग मार्च पेसका ऑफिस चौक से प्रारंभ होकर विभिन्न बस्तियों से गुजरते हुए चामा गांव में संपन्न हुआ। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों से सौहार्द्रपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। इंस्पेक्टर आजाद ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से अलर्ट है और किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार है। उन्होंने शरारती तत्वों को चेतावनी दी कि शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। इस मौके पर एसआई दिनेश मुंडा, अरविंद साहू, प्रेम प्रकाश पांडे, हरिशंकर ओझा, जलेंद्र पासवान, सुमेर तिवारी, प्रेमचंद तिवारी, तिलेश्वर गंझू, संजय सिंह, ललिता कुमारी सहित अनेक पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### केतार स्कूल में विकास राशि घोटाले की जांच की मांग



**केतार।** पीएम श्री मध्य विद्यालय केतार में विकास राशि के घोटाले का आरोप लगाते हुए जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शुक्रवार को प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि विद्यालय में शौचालय और फर्श जर्जर स्थिति में हैं, जबकि विद्यालय विकास के लिए बड़ी राशि जारी होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस राशि का दुरुपयोग अधिकारियों और प्रधानाध्यापक की मिलीभगत से हुआ है। ज्वाला प्रसाद ने यह मुद्दा जिला परिषद की बैठक में उठाया, जहां उपविकास आयुक्त ने जांच का आश्वासन दिया। उन्होंने विधवा, वृद्धा व दिव्यांग पेंशन दो वर्षों से लंबित रहने की भी बात कही। साथ ही पीडीएस वितरण में गड़बड़ी और मनरेगा योजना में 70-75 प्रतिशत उगाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मेडबंदी योजना केवल कागजों पर चल रही है। सभी मामलों की जांच और कार्रवाई की मांग की गई है।

### विधायक अनंत प्रताप देव ने लक्ष्मण यादव को बनाया धुरकी का विधायक प्रतिनिधि

**धुरकी।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित जनप्रतिनिधि कक्ष में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने लक्ष्मण यादव को विधायक अनंत प्रताप देव का अधिकृत विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इसराइल खान ने माल्यार्पण कर लक्ष्मण यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि विधायक ने लक्ष्मण यादव को जिम्मेदारी सौंपकर प्रखंड में विकास कार्यों को गति देने की पहल की है। उन्होंने कहा कि यादव सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों में बतौर विधायक प्रतिनिधि भाग लेंगे तथा भ्रष्टाचार की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रखंड अध्यक्ष इसराइल खान ने भी कहा कि प्रखंड कमिटी और विधायक प्रतिनिधि मिलकर क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान हेतु एकजुट होकर काम करेंगे और बिचौलिया प्रथा व भ्रष्टाचार का अंत करेंगे। इस अवसर पर झामुमो के प्रखंड सचिव कृष्ण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष शैलेश यादव, उपप्रमुख धर्मेंद्र यादव, कमलेश सिंह गोड़, अशोक यादव, नरेश यादव, कलाम अंसारी, रामजीवन यादव, विमल सिंह, दस्तगीर अंसारी, रामगति यादव, नरेश गोड़, निवास यादव, गणेश यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## इंडिया | ईमानदारी को कमजोरी बताने वाले बुद्धिजीवियों से सवाल




युद्ध और प्यार में सब जायज की कहावत के उलट जब भारतीय सेना प्रमुख ने बेबाकी से भारत को भी हुए नुकसान को स्वीकार किया तो कुछ नेता, कथित प्रगतिशील और निष्पक्ष पत्रकार इसे सेना की कमजोरी बता मजाक उड़ाने लगे।क्या युद्ध एकतरफ कभी हुआ है जो भारत का बाल भी बांका न हो यदि नुकसान भारत का भी हुआ तो इसमें आश्चर्य कैसा? सच यह है कि अमेरिका या चीन के उलट भारत ने युद्ध में होने वाले अपने नुकसानों को कभी भी छिपाने का प्रयास नहीं किया है, इसलिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान द्वारा हाल ही में सिंगापुर में आयोजित शांगरी-ला डायलॉग सुरक्षा फोरम से इतर दिए गए उनके साक्षात्कारों की आलोचना करना बिल्कुल अनुचित है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चलाए गए अभियानों में लड़ाकू विमानों को क्षति पहुंचने की जो बात उन्होंने स्वीकार की है उसे कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया में इस तरह से पेश किया जा रहा है मानो उन्होंने कोई बहुत बड़ा और जघन्य अपराध कर दिया हो। संघर्ष विराम लागू होने के बाद जनरल चौहान की टिप्पणी पहली बार आधिकारिक स्वीकारोक्ति थी कि ऑपरेशन सिंदूर के शुरूआती चरण में हवा में लड़ाकू विमानों को नुकसान पहुंचा। सिंगापुर मीटिंग क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों, चुनौतियों और नीतिगत प्रतिक्रियाओं पर चर्चा करने के लिए एक अंतर-सरकारी सुरक्षा सम्मेलन है। विभिन्न देशों के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने अपने-अपने विचारों और दृष्टिकोणों का स्वतंत्र रूप से और सम्मानपूर्वक आदान-प्रदान किया, तब जनरल चौहान की टिप्पणी को इसी संदर्भ में ही देखा जाना चाहिए। हालांकि, जब ब्लूमबर्ग समाचार एजेंसी द्वारा उनसे पूछा गया कि पाकिस्तान का दावा है कि उसने छह भारतीय विमानों को मार गिराया था तब इस पर सीडीएस चौहान ने स्पष्ट करते हुए कहा कि यह ह्यबिल्कुल झूठा और खोखलाह्ण दावा है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जरूरी यह नहीं है कि क्या विमान गिरे, परंतु आवश्यक यह है कि ये गिरे ही क्यों? भारत ने भी अपनी ह्यरणनीतिक गलतियोंह्ण में तत्काल सुधार किया और पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में



सटीक हमले पुनः शुरू कर दिए। सीडीएस जनरल चौहान की यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान द्वारा एक-दूसरे के विरुद्ध सैन्य हमले बंद करने पर सहमति जताए जाने के ठीक तीन सप्ताह बाद आई। यहां यह स्पष्ट कर देना उचित रहेगा कि वैसे तो युद्धों में विमानों को नुकसान पहुंचना आम बात है। फिर, संघर्ष के दौरान या उसके बाद भारतीय वायुसेना ने कभी भी किसी विमान के नुकसान की बात से इंकार भी नहीं किया। संघर्ष विराम के एक दिन बाद 11 मई को वायु अभियानों के निदेशक एयर मार्शल एके भारती ने मीडिया ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा कि वह इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहेंगे कि भारत ने कोई विमान खोया है अथवा नहीं और ह्यनुकसान होना प्रत्येक संघर्ष का एक स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन भारतीय सेना ने अपने सभी लक्षित लक्ष्यों को हासिल कर लिया है और भारतीय वायुसेना के सभी पायलट घर लौट आए हैंह्ण एयर मार्शल भारती ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए उच्च और सटीक जवाबी हमलों के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना ने अपने कुछ विमान गंवा दिए तथा उसकी संपत्तियों और हवाई ठिकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा। सबसे अच्छी बात यह है कि ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए हमारी वायुसेना शुरूआती विमानों को हुए नुकसान से बिल्कुल भी घबराई नहीं। यह हमारे लिए गर्व का विषय है। यह एक पेशेवर बल के आत्मविश्वास को दर्शाता है। वास्तविकता यह है कि 10 मई को भारतीय वायुसेना ने विभिन्न बमों के साथ सभी प्रकार के विमान उड़ाए थे और पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में स्थित वायुसैनिक ठिकानों पर हमला किया था, जिसमें रावलपिंडी का नूर खान वायुसैनिक अड्डा भी शामिल था। जैसा कि सीडीएस जनरल चौहान ने कहा, ह्यअच्छी बात यह है कि हम अपनी सामरिक गलती को समझ पाए, हमने उसका समाधान किया, उसे सुधारा और दो दिन बाद उसे फिर से लागू किया। हमने अपने सभी जेट विमानों को फिर से उड़ाया तथा लंबी दूरी पर निशाना साधाह्णसवाल यह है कि सीडीएस जनरल अनिल चौहान के बयान पर इतनी ज्यादा राजनीति क्यों और किस लिए हो रही है? कुछ रिटायर्ड पत्रकारों द्वारा इतना हंगामा क्यों बरपाया जा रहा है? कोई भी देश अपने सैन्य अभियानों के ब्यौरे का खुलासा तब तक नहीं करता है, जब तक कि वे खत्म नहीं हो जाते। संघर्षों के दौरान होने वाले किसी भी नुकसान का हमेशा गलतियों को सुधारने के लिए गहराई से विश्लेषण किया जाता है और भारत ने भी यही किया। सेना पर गर्व करने के बजाय कुछ राजनेताओं द्वारा ऐसा दिखाने का प्रयास किया जा रहा है कि सरकार द्वारा राफेल लड़ाकू विमान खरीदने का निर्णय लेने की वजह से कुछ गलती हो गई है? राष्ट्रीय हित में सवाल उठाने के लिए विपक्ष के पास निश्चित रूप से अपने कारण हैं, लेकिन इसे राजनीतिक हितों से प्रेरित नहीं होना चाहिए।

# जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

- भूमि विवाद, विद्यालय नामांकन सहित कई मामलों पर संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** जिला समाहरणालय में शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

जन सुनवाई में जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात गंभीरता से सुनी और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस जन शिकायत शिविर में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से भूमि विवाद, कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन, आंगनबाड़ी केंद्र में चयन में गड़बड़ी जैसे मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी मामलों का भौतिक सत्यापन कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बकरीद को लेकर चंदवा में निकाला गया फ्लैग मार्च



**चंदवा।** बकरीद पर्व को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को चंदवा पुलिस-प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। यह मार्च उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। फ्लैग मार्च की अगुवाई चंदवा अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने की। यह मार्च चंदवा थाना परिसर से शुरू होकर गैरेज लेन, मेन रोड, सुभाष चौक, कंचन नगरी, तिलैयाटांड़ होते हुए इंदिरा गांधी चौक तक गया और वहां से पुनः थाना परिसर में आकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने आम नागरिकों से शांति बनाए रखने और भाईचारे को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी को सोशल मीडिया पर शेयर न करें, बल्कि सत्यापन के बाद ही कोई संदेश साझा करें। फ्लैग मार्च में चंदवा थाना के एसआई सरोज सिंह, भीम यादव, शशि सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी और पुलिस जवान शामिल थे। मार्च के माध्यम से प्रशासन ने यह संदेश दिया कि त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए।

## जिले में निर्बाध रूप से मिले बिजली : उपायुक्त

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जिले में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश विद्युत कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता को दिया है। शुक्रवार को आयोजित बैठक में उपायुक्त विद्युत विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि बिजली आज के समय की बुनियादी आवश्यकता है, और इसे हर गांव व बस्ती तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने खराब पड़े ट्रांसफार्मरों, जर्जर तारों और बिजली के पोलों को जल्द से जल्द बदलने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आरडीएसएस के अंतर्गत चल रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की और उन सभी टोलों और बस्तियों में बिजली सुविधा पहुंचाने को कहा, जहां अब तक बिजली नहीं पहुंच सकी है। कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यों में आ रही बाधाओं को संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र दूर किया जाए, ताकि जिले में बिजली व्यवस्था मजबूत हो और आम जनता को कोई परेशानी न हो।

## हाइवा की टक्कर से वाहन क्षतिग्रस्त चालक और उपचालक घायल

बालूमाथ। थाना क्षेत्र के जरी मोड़ के पास शुक्रवार सुबह एक हाईवा वाहन ने अगले मालवाहक ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में हाईवा का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उस पर सवार चालक और उपचालक घायल हो गए। घायल चालक की पहचान मोहरनाथ महतो पिता बैजनाथ महतो (निवासी - थाना केरेडारी, जिला हजारीबाग) के रूप में हुई है। जबकि उपचालक विकास यादव पिता सुलेंद्र यादव (निवासी - मुरपा, बालूमाथ) का एक पैर टूट गया है। घटना के संबंध में चालक मोहरनाथ महतो ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर बताया कि वह हाईवा (संख्या - JH 02 BP 0427) से मगध कोल माइंस से कोयला लादकर 2 जून को बालूमाथ कुशमाही रेलवे कोयला साइडिंग जा रहा था। इसी दौरान सुबह 5:30 बजे जरी मोड़ के पास आगे चल रहे वाहन ने एक जानवर को बचाने के लिए अचानक ब्रेक लगाया, जिससे पीछे से आ रही उनकी हाईवा ब्रेक नहीं लगा पाई और सामने वाले वाहन से टकरा गई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और दोनों सवार घायल हो गए। मोहरनाथ महतो द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर बालूमाथ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## नाबालिग चला रहा था बाइक, स्कूटी सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के एनएच 99 रांची–चतरा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को हिसरी पेट्रोल पंप के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्कूटी से बालूमाथ की ओर जा रही सुषमा भोक्ता (भुलवाही) और मंतुरिया देवी (बालूमाथ) को विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर चार युवक सवार थे, जिसमें बाइक चला रहा युवक नाबालिग बताया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बाइक संख्या जेएच 08 ई 0274 को अविनाश नामक किशोर चला रहा था, जिसने स्कूटी संख्या जेएच 01 जीबी 5844 को सामने से टक्कर मारी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉ. कंचन बाड़ा ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। सुषमा भोक्ता की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। पुलिस को जैसे ही घटना की सूचना मिली, उसने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं घटना को लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है और नाबालिगों द्वारा बाइक चलाने पर चिंता जताई गई है।

## महुआडांड़ में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी, सैकड़ों लीटर नष्ट

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न इलाकों में अवैध महुआ शराब निर्माण और बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उत्पाद विभाग लातेहार एवं महुआडांड़ थाना की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर 500 किलो जावा महुआ और लगभग 100 लीटर तैयार महुआ शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नशाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर प्रखंडवासियों द्वारा लंबे समय से कार्रवाई की मांग की जा रही थी। हाल में हुई शांति समिति की बैठक में भी प्रबुद्ध जनों ने नशाखोरी के विरुद्ध कठोर कदम उठाने की मांग की थी। प्रशासन ने इस जन अपेक्षा के अनुरूप सख्त रुख अपनाते हुए इस अभियान को अंजाम दिया। इस कार्रवाई में शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री को भी मौके पर नष्ट किया गया। अभियान में उत्पाद विभाग के पदाधिकारी, थाना प्रभारी मनोज कुमार एवं पुलिस बल के जवानों की सक्रिय भागीदारी रही।

# धान अधिप्राप्ति व राशन वितरण को लेकर समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** चतरा समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति, ई-केवाईसी, राशन वितरण समेत अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत ने बताया कि इस वर्ष धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 2 लाख क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 1,54,312.64 क्विंटल धान की खरीद हो चुकी है। यह लक्ष्य का लगभग 77 प्रतिशत है। 2734 किसानों से धान की खरीद की गई है। प्रथम किस्त का 99 प्रतिशत और द्वितीय किस्त का 83 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है।

धान अधिप्राप्ति के अनुरूप 1,04,932.59 क्विंटल चावल मिलना है, जिसमें से अब तक 79,460 क्विंटल चावल प्राप्त हुआ है। राशन वितरण की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में पीएचएच कार्डधारकों की संख्या 1,53,008 है, जिनके अंतर्गत 7,23,915 सदस्य लाभान्वित हो रहे हैं। अंत्योदय अन्न योजना के तहत 38,450 कार्डधारक और 1,51,656 सदस्य हैं।

बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी राशन कार्डधारकों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी अभियान मोड में पूरा किया जाए। साथ ही मृत्यु हो चुके सदस्यों का सर्वे कर नाम हटवाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए, ताकि नए पात्र लाभुकों को योजना का लाभ मिल सके।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार जून 2025 में तीन माह का राशन वितरण किया जाएगा। 1 से 15 जून तक जून एवं जुलाई माह का तथा 16 से 30 जून तक अगस्त माह का राशन वितरित होगा। पीएचएच कार्डधारकों को 5 किग्रा प्रति व्यक्ति एवं अंत्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा प्रति कार्ड राशन दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पात्र लाभुकों को समय पर व पूरी मात्रा में राशन उपलब्ध हो, किसी प्रकार की गड़बड़ी की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, गोदाम प्रबंधक व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ शुरू हुआ प्रशिक्षण अभियान

- जिले के शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित, 10 जून को प्रभातफेरी और जागरूकता कार्यक्रम होंगे आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में नशीले एवं निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार एवं जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों एवं रोकथाम की रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जिले के सभी माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, संकुल साधन सेवी एवं प्रखंड साधन सेवियों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण उपरांत 09 जून को सभी विद्यालयों में छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं 10 जून को प्रभातफेरी के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न तिथियों को विद्यालय स्तर पर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने यह शपथ ली कि वे स्वयं भी नशा नहीं करेंगे और समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में कार्यरत रहेंगे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## गंगा दशहरा पर देवनद तट पर की गई पूजा-अर्चना

**चंदवा।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर चंदवा स्थित देवनद तट पर श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन देवनद दामोदर बचाओ अभियान के अंतर्गत हुआ, जिसकी शुरुआत विधायक सरयू राय और स्वर्गीय प्रभाकर मिश्र की पहल से वर्षों पूर्व की गई थी। इस वर्ष भी उनके संकल्प को आगे बढ़ाते हुए अश्विनी कुमार मिश्र के सान्निध्य में यजमान चन्द्रभूषण केशरी ने विधिवत पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान जल स्रोतों की महत्ता और संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया गया। अजय वैद्य ने जानकारी दी कि देवनद नदी का उद्गम स्थल चुल्हापानी है, जो चंदवा और कुडू प्रखंड की सीमा पर स्थित है। यही नदी आगे चलकर दामोदर के रूप में परिवर्तित होती है। कार्यक्रम में लोगों को नदी को प्रदूषण मुक्त रखने और जल स्रोतों की रक्षा का संकल्प दिलाया गया। गंगा आरती का आयोजन अनिकेत मिश्र के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर संजीव आज़ाद, विभाकर मिश्र, सुधाकर मिश्र, विकी जायसवाल, राजेश वर्मा, मोहनीश कुमार, मनु कुमार गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

## नारी शक्तियों ने हमेशा किया अधर्म का नाश : देवी सिंह

**लातेहार।** विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा कि भारत वीरों के साथ-साथ वीरांगनाओं की धरती है। प्राचीन काल से नारी ने शक्ति के विभिन्न रूप धारण कर अधर्मियों का नाश किया है और समाज तथा राष्ट्र की रक्षा की है। उन्होंने कहा कि झारखंड के इतिहास में भी अनेक वीर-वीरांगनाओं की गाथाएं मिलती हैं जो राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देती हैं। देवी सिंह सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में विश्व हिंदू परिषद की दुर्गा वाहिनी द्वारा आयोजित आठ दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन 'भारत की वीरांगनाएं और झारखंड का इतिहास' विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड के तत्कालीन राजाओं ने अंग्रेजों को भगाने के लिए कई युद्ध किए। 1855 की क्रांति में लगभग 15 हजार लोग शहीद हुए थे। फूलो-झानो जैसी वीरांगनाओं ने न सिर्फ समाज की रूढ़ियों को तोड़ा बल्कि अंग्रेजों के विरुद्ध भी संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि 1772 में मुकुल सिंह और बाद में बिरसा मुंडा ने भी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन चलाया। देवी सिंह ने गुजरात की अहिल्या बाई होल्कर और किरण देवी जैसी वीरांगनाओं की गाथाओं का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में दुर्गा वाहिनी की क्षेत्र संयोजिका डॉ. शोभा रानी सिंह, प्रांत मातृशक्ति प्रमुख दीपा रानी कुंज, झारखंड प्रांत मंत्री मिथेश्वर मिश्र, सह प्रमुख सुषमा सुमन, सह मंत्री मनोज पोद्दार, मिलन सह प्रमुख कुमार, विभाग संगठन मंत्री विजय यादव, जिला संरक्षक रामनाथ अग्रवाल, विहिप जिला अध्यक्ष श्याम किशोर अग्रवाल, जिला मंत्री संजय तिवारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## नशा मुक्त समाज के लिए शिक्षक जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**चतरा।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन, चतरा में शुक्रवार को नशामुक्त समाज निर्माण हेतु शिक्षक जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत आयोजित हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि "विद्यालयों में बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए यह पहल मील का पत्थर साबित होगी। शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं, अतः उनकी सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।" उन्होंने उपस्थित मास्टर प्रशिक्षकों को निर्देश दिया कि वे विद्यालय, ग्राम और पंचायत स्तर पर व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाएं। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर मंटु प्रजापति एवं अजीत कुमार मिश्रा ने नशा उन्मूलन विषय पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न उच्च विद्यालयों से आए शिक्षकों को नशीले पदार्थों की पहचान, उनके दुष्परिणाम, एनडीपीएस अधिनियम, किशोरों में व्यसन के लक्षण, परामर्श तकनीक, विद्यालयों में जागरूकता गतिविधियों जैसे पोस्टर, नाटक, संवाद, काउंसलिंग आदि पर जानकारी दी। जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने में प्रत्येक शिक्षक को प्रेरक की भूमिका निभानी होगी। यदि बच्चों को सही दिशा दी जाए तो आने वाली पीढ़ियाँ अधिक सशक्त और स्वस्थ होंगी। उन्होंने क्रियान्वयन को प्राथमिकता देने की बात कही। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, एडीपीओ मोनीदीपा बनर्जी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

## होटवाग शिव मंदिर का 18वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**लातेहार।** सदर प्रखंड के परसही पंचायत अंतर्गत होटवाग गांव में ओरंगा नदी के किनारे स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर का 18वां वार्षिकोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के तहत 24 घंटे का अखंड कीर्तन तथा भंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मुख्य यजमान के रूप में राजधनी यादव व बिनोद यादव सपत्नीक शामिल हुए जबकि पूजन-विधान रामप्रवेश पांडेय द्वारा कराया गया। इस धार्मिक आयोजन में सत्येंद्र यादव, प्रमोद यादव, नेपाल यादव, वंशी यादव, हरिशंकर यादव, मिथिलेश यादव, राजमणि यादव, अमरेश यादव, पंकज यादव, शिवकुमार राम, बिहारी यादव, हीरा प्रसाद यादव, परशुराम लोहरा, अशोक महलका, बामेश्वर सिंह, अयोध्या यादव, मुंलेश्वर यादव, कैलाश ठाकुर, सरजू यादव, रामदेव यादव, गुजेश्वर यादव, बसंत पासवान, ललन लोहरा, बरतू राम, अशोक यादव, ठाकुर दयाल यादव, प्रद्युम्न यादव, सुजीत यादव, रघुवीर यादव, ध्रुव पांडेय, अनीष सिंह, दिलीप सिंह, बसंत यादव, संतोष यादव, राकेश सिंह, अमित यादव, कुलदीप यादव, दामोदर यादव, कामेश्वर यादव, राजेंद्र यादव, मुरारी सिंह, संजय सिंह, यशपाल कुमार, मुंशी यादव और अरुण यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## महिलाओं, युवतियों व बच्चियों को समानता दिलाने का सशक्त मंच बनेगा जेंडर रिसर्च सेंटर : बीडीओ



**चंदवा।** प्रखंड के ब्लॉक कॉलोनी स्थित चंदवा पूर्वी पंचायत सचिवालय के सामने शुक्रवार को जेएसएलपीएस की पहल पर जेंडर रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) चंदन प्रसाद, डीपीएम संतोष कुमार, एसडी जिला मैनेजर रोजेलिया लकड़ा, मुखिया संगीता लकड़ा और एमटीएस कृष्णकांत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत लीगल वालंटियर आरती देवी द्वारा विषय प्रवेश से हुई। बीडीओ चंदन प्रसाद ने संबोधन में कहा कि यह सेंटर महिलाओं, युवतियों और बच्चियों को सामाजिक समानता व न्याय दिलाने में एक सशक्त माध्यम बनेगा। समाज में व्याप्त लैंगिक विषमताओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि आज भी कई स्थानों पर लड़कियों को कमतर समझा जाता है, जबकि संविधान ने सभी को बराबरी का हक दिया है। उन्होंने बाल श्रम, भ्रूण हत्या, डायन प्रथा, दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा की और कहा कि इनके समाधान की दिशा में यह सेंटर सार्थक पहल करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि कोई भी पीड़ित महिला, युवती या बच्ची यहां अपनी समस्या लेकर आ सकती है, जहां अधिकारियों और लीगल वालंटियर्स की मदद से समाधान की कोशिश होगी।

एसडी जिला मैनेजर रोजेलिया लकड़ा और डीपीएम संतोष कुमार ने बताया कि हर पंचायत में एक 'बदलाव दीदी' का चयन किया गया है, जो महिलाओं, युवतियों व बच्चियों पर होने वाले किसी भी प्रकार के शोषण की जानकारी केंद्र तक पहुंचाएंगी। डीपीएम ने बताया कि जेंडर आधारित समस्याएं समाज में गहराई तक फैली हैं। इन समस्याओं पर पूर्व में भी सीडीपीओ और डालसा की पहल पर कार्य हुआ है, लेकिन अब यह केंद्र स्थायी और संस्थागत समाधान की दिशा में कार्य करेगा। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के बीपीएम मुजीबुर आरफीन, सुरेंद्र कुमार समेत बड़ी संख्या में महिला समूहों की सदस्याएं व बदलाव दीदी उपस्थित थीं।

## आज मनाई जाएगी ईद-उल-अजहा, नमाज़ को लेकर मस्जिदों में समय निर्धारित

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व आज शनिवार, 7 जून को पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर शुक्रवार को बाजारों में खासा रौनक रही। बच्चों, युवाओं और महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। लोग देर रात तक सेवई, इत्र, खजूर, टोपी, रुमाल और कपड़ों की खरीदारी में जुटे रहे। प्रखंड की विभिन्न मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज़ को लेकर समय निर्धारित कर दिया गया है। सुबह 6:00 बजे मदीना मस्जिद (मेन रोड) में मुफ्ती गुलजार, 6:30 बजे फातिमा मस्जिद (तिलैयाटांड़), 7:00 बजे चकला, बोदा, रामपुर, कुजरी व कामता मस्जिद, 7:30 बजे जामा मस्जिद तिलैयाटांड़ में कारी वहाजूल हक द्वारा नमाज़ अदा कराई जाएगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना (पर्यटन मद)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/10/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज में स्थित डाटम–पाटम झरना को विकास कार्य योजना (शौचालय, बैठने की व्यवस्था, गजेबो, पेयजल, दुकान एवं पेबर ब्लॉक का अधिष्ठापन कार्य) | 4825973 | 97000 | 5000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा में स्थित कांति झरना को विकास कार्य योजना (शौचालय, बैठने की व्यवस्था, गजेबो, पेयजल, दुकान एवं पेबर ब्लॉक का अधिष्ठापन कार्य) | 4825973 | 97000 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 10.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 10.06.2025 से दिनांक 17.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –19.06.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 354438 Rural Development (25-26)_D



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।**

ज्ञापांक ................ दिनांक ........................

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 16/2025–26**

मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में Centralized A.C लगाया जाना है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/कम्पनी द्वारा अधिकृत एजेन्सी निविदा/कोटेशन दिनांक 17.06.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 30,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन दिनांक 17.06.2025 को 2:00 बजे अपराह्न नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। सामग्री क्रय किये जाने से संबंधित विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| S N | Name of Items | Unit | Qty |
|---|---|---|---|
| Part 1 | | | |
| A | **Outdoor unit** | | |
| | 24 HP (12+12+ REFNET)(Model - RXYQ12ARY6+RXYQ12ARY6) | set | 1 |
| | SDGT For outdoor | set | 2 |
| B | **VRV Indoor unit** | | |
| a | **VRV 4 -WAY CASSETTE WITH CARDLESS REMOTE & REFNET** | | |
| | Capacity -4.12TR (model-FXFSQ125) | Nos. | 2 |
| | Capacity -3.3TR (model-FXFSQ100) | Nos. | 1 |
| | Capacity -2.6TR (model-FXFSQ80) | Nos. | 2 |
| b | **VRV SPLIT UNIT WITH CARDLESS REMOTE & REFNET** | | |
| | Capacity -1.3 TR (model-FXAQ40) | Nos. | 2 |
| Part 2 | | | |
| A | Installation of outdoor unit with proper vibration isolation,Testing and commissioning of the system. | HP | 24 |
| B | **Copper piping Work** | | |
| | Suction line with closed cell nitrate rubber & necessary support | RMT | 85 |
| | Liquid line with closed cell Nitrate rubber & necessary support | RMT | 85 |
| | Refnet joint installation | Nos. | 10 |
| C | SITC of 2cx 1 sqmm copper cable with PVC Conduit | RMT | 100 |
| D | **SITC of PVC Drain pipe With Support** | | |
| | 25mm Dia | RMT | 10 |
| | 40mm Dia | RMT | 40 |
| E | Extra Refrigerent charging with Proper Vaccumising | Kg | 15 |
| | **SPECIFICATION & MODEL** | | |
| | Supply ,installation ,testing & commissioning of Modular type variable refrigerent flow/ Variable refrigerent volume air cooled outdoor unit with R 410 A Refrigerent ,variable isolator ,with suitable foundation etc. Complete as required .The unit shall diliver the rated caacity at AHRI condition & work even at 49 C ambient temperature without tripping. The unit shall be suitable to work on 400V +/ -10% 3 phase ,50 HZ Ac power supply. The unit shall be filled with first charge of the refrigerent and ready for use as required .MS/GI powder coated stand with vibration isolation pads. the unit should have refrigerent cooled PCB for better life of system .compressor motor should have more than 4 poles .The ODU shall have low noise condeser fans with External static pressure of the outdoor unitshall be more than 75 pa to avoid hot air recirculation .Auto address, Auto refrigerant charging, auto cheak function, for connection error, and complete with indoor and outdoor unit with individual controller and fitting etc. | | |

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त मेदिनीनगर नगर निगम

PR 354405 District(25-26)D

# नगर परिषद पर घटिया निर्माण का आरोप, जनता परेशान, आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा नगर परिषद द्वारा वार्ड नंबर 8 में लाखों रुपये की लागत से बनाए गए एक कल्वर्ट की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। यह कल्वर्ट राजकीय हिंदी मध्य विद्यालय (पूर्व में हरिजन स्कूल) के समीप संजय गांधी पथ कॉलोनी के मुख्य द्वार पर बनाया गया है, जो कि क्षेत्र का एक अत्यंत व्यस्त मार्ग है। स्थानीय लोगों और निवर्तमान वार्ड पार्षद अविनाश कौर ने आरोप लगाया है कि यह निर्माण कार्य पूरी तरह से तकनीकी मानकों की अनदेखी कर किया गया है। कल्वर्ट को जमीन से काफी ऊंचा बना दिया गया है, बिना किसी उचित स्लोपिंग के इसके कारण चार पहिया वाहनों के नीचे स्लैब से टकराने की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। दोपहिया वाहनों और साइकिल चालकों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व पार्षद कौर ने बताया कि जब से यह कार्य शुरू हुआ, तब से वह नगर परिषद को बार-बार शिकायत कर रही हैं, लेकिन न तो काम की गुणवत्ता सुधरी और न ही किसी तरह की ठोस कार्रवाई हुई। शुरू में नगर प्रशासक शिकायतों पर ध्यान दे रहे थे, लेकिन अब फोन कॉल तक उठाना बंद कर दिया है। इससे साफ जाहिर होता है कि संवेदक और नगर परिषद के बीच मिलीभगत है और घटिया निर्माण कार्यों को खुली छूट दी गई है। क्षेत्र के नागरिकों ने दो दिन पूर्व कल्वर्ट के आसपास खुद ही ईंट, पत्थर और बालू डालकर रास्ता सुगम बनाने की कोशिश की है। वार्ड पार्षद ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों के भीतर इस कल्वर्ट को दुरुस्त नहीं किया गया, तो "सामाजिक विचार मंच" के बैनर तले संजय गांधी पथ के मुख्य द्वार पर आंदोलन शुरू किया जाएगा। आंदोलन के दौरान एक जन-जागरूकता प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी जिसमें आम जनता, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी और मीडिया को आमंत्रित कर यह बताया जाएगा कि लाखों रुपए खर्च कर कैसा घटिया निर्माण किया गया है। प्रदर्शनी के दौरान जनता के लिए जलपान की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त, पावरगंज क्षेत्र में मणि बाबू लेन की जर्जर सड़क की समस्या को भी नगर परिषद लगातार नजरअंदाज कर रही है। वार्ड वासियों का कहना है कि अब उनका सब्र टूट चुका है और यदि स्थिति नहीं सुधरी, तो आंदोलन के दूसरे चरण में नगर परिषद कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### विहिप शिक्षा वर्ग व बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन

## संगठित व शक्तिशाली हिंदू करेगा राष्ट्र व धर्म की रक्षा : अंबरीष सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** विगत 27 मई से लोहरदगा के शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे विश्व हिंदू परिषद शिक्षा वर्ग एवं बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत समापन हो गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर,प्रणवोच्चार ,एकात्मता मंत्र, विजय महामंत्र एवं बजरंग दल की प्रार्थना के साथ हुआ। मौके पर बजरंग दल द्वारा योग, दंड, नियुद्ध बाधा पार करना सहित कई अन्य शारीरिक क्रियाकलापों का प्रदर्शन मंच के समक्ष किया गया। मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री सह केंद्रीय विशेष संपर्क प्रमुख अम्बरीष सिंह ने कहा विश्व हिंदू परिषद हिंदवः सोदरा सर्वे का भाव लेकर संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य कर रही है। हिंदुत्व का चिंतन सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया एवं वसुधैव कुटुंबकम है जबकि अन्य संप्रदायों में केवल उनका धर्म बढ़े, विश्व में उनका धर्म ही रहे इस उद्देश्य को लेकर कार्य होते हैं। विदेशी आक्रांताओं के दुष्प्रभाव से देश में जातियां बनी परंतु हिंदू धर्म की विशेषता है कि चारों धाम, द्वादश ज्योतिर्लिंग, बावन शक्तिपीठों में कोई जाति नहीं केवल हिंदू दिखाई पड़ते हैं। प्रयागराज में हुए महाकुंभ के माध्यम से संपूर्ण विश्व ने जातिगत भेदभाव ,अस्पृश्यता ,छुआछूत के मिथ्या आरोपों को मिटते हुए एवं संपूर्ण हिंदू समाज की एकता एवं राष्ट्र की अखंडता का दृश्य देखा। इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षित परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता राष्ट्र ,धर्म एवं समाज के उत्थान के लिए हर कार्य करने के लिए तत्पर रहते हैं। संगठित एवं शक्तिशाली हिंदू समाज द्वारा देश धर्म के विरोधीयों को परास्त कर देश की एकता और अखंडता की रक्षा करना ही हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने किया। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने अपनी प्रस्तावना में प्रशिक्षण वर्ग से संबंधित संख्यात्मक जानकारी, प्रशिक्षण कार्यों एवं प्रशिक्षण के निमित्त केंद्र ,क्षेत्र एवं प्रांत पदाधिकारियों के वर्गप्रवास का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन बजरंग दल के प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने किया। धन्यवाद ज्ञापन वर्ग के सर्वव्यवस्था प्रमुख एवं लोहरदगा जिलाध्यक्ष रितेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, वर्गाधिकारी बलदेवायार्य, प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सहमंत्री राम नरेश सिंह एवं मनोज पोद्दार, मार्गदर्शक मंडल प्रांत संयोजक स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, कल्याण आश्रम के केंद्रीय पदाधिकारी कृपा प्रसाद सिंह, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह, बजरंग दल प्रांत सहसंयोजक जनार्दन पांडे, प्रांत सेवा सह प्रमुख विनय कुमार ,प्रांत गोरक्षा सह प्रमुख दीपक ठाकुर, लोहरदगा के पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चार दिवसीय शूटिंग कैंप-सह-टैलेंट हंट का समापन, पूर्व वित्त मंत्री बोले

# जिला में पारंपरिक तीरंदाजी का प्रशिक्षण शुरू होना चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** बीएस कॉलेज लोहरदगा स्थित शूटिंग रेंज में लोहरदगा जिला राइफल एसोसिएशन की ओर से आयोजित चार दिवसीय शूटिंग कैम्प-सह-टैलेंट हंट का समापन हो गया। मौके पर लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि पूर्व सांसद धीरज साहू का प्रयास है कि जिला में पुलिस को राइफल शूटिंग में आगे ले जाना है। शूटिंग पुलिस के जीवन का हिस्सा है। यहां के पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा है कि वह पूर्व सांसद के विजन/अपेक्षा को पूरा करेंगे। अपने नौकरी के दौरान मैं साहिबगंज, रांची के शूटिंग रेंज से जुड़ा रहा। पूर्व सांसद के परिवार से मेरा नाता पुराना रहा है। जो कार्य बड़े भाई शिवप्रसाद साहू ने अधूरी छोड़ी थी उसे छोटे भाई ने जारी रखा था। इस जिला में महाविद्यालय, शूटिंग रेंज, क्रिकेट स्टेडियम इसी परिवार की देन है। लोहरदगा जिला में थाना इंचार्ज रहते हुए मैंने इस परिवार को जाना। विधायक ने कहा कि हॉकी में जयपाल सिंह मुंडा ने बहुत पहचान दिलायी। लेकिन राज्य की असली पहचान तीर धनुष से है। इस जिला में पारंपरिक तीरंदाजी का प्रशिक्षण शुरू होना चाहिए। यहां पूर्व सांसद महोदय को तीरंदाजी प्रशिक्षण की शुरुआत जन कल्याण के लिए करनी चाहिए। मेरी ओर से पूरा सहयोग रहेगा। जिस प्रकार इनके परिवार ने जनकल्याण के लिए कार्य किया है उसी में यह कड़ी जुड़ जाए तो यह जिला ऋणी रहेगा। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत अन्य उपस्थित थे।

### सांसद ने कहा आने वाले समय में कई आयोजन क्रिकेट के होंगे

पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि रेंज के हाल का निर्माण सांसद मद से सही कराया गया है। बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में भी सांसद मद से भी कई कार्य कराए गए हैं। क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कई सुझाव क्रिकेट की बेहतरी के लिए दिया है। आने वाले समय मे कई आयोजन क्रिकेट के होंगे। भविष्य में कई खिलाड़ी निकलेंगे जो अपनी पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाएंगे। हमारे परिवार में सभी खेल प्रेमी रहे हैं। 1951 ईसवी से खेल के आयोजन हो रहे हैं। शूटिंग रेंज में खिलाड़ियों को तैयार किया जाएगा। यहां जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जिला को आगे बढ़ाया जाएगा। पुलिस यहां शूटिंग रेंज में आएं। प्रैक्टिस करें। एक कोच उपलब्ध कराया जाए ताकि नवजवानों को प्रशिक्षित कराएं।

### राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी : उपायुक्त

कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि जिन बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया उन्हें बधाई व जिन्होंने प्रदर्शन अच्छा नहीं किया उन्हें भी आने वाले समय के लिए अधिक प्रयास करने के लिए मेरी ओर से शुभकामनाएं। बीते चार दिनों में या प्रतियोगिता आयोजित की गई जो काफी सफल रहा इसमें सभी जो इस प्रतियोगिता से जुड़े रहे और जो अप्रत्यक्ष रूप से भी जुड़े रहे उनका इस कार्यक्रम में सफल होने में अहम योगदान रहा।

### शूटिंग रेंज की बेहतरी के लिए हरसंभव प्रयास रहेगा : एसपी

एसपी ने कहा कि इस प्रतियोगिता में 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया जो कि लोहरदगा की बड़ी बात है। साथ ही गौरव का विषय है। यह जिला राइफल एसोसिएशन का प्रयास है कि आयोजन बहुत सफल रहा। पुलिस विभाग की ओर से इस शूटिंग रेंज की बेहतरी के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

### बाइक दुर्घटना में एक की मौत, दुसरा गंभीर, रिम्स रेफर

**कुडू।** एनएच 75 कुडू रांची मुख्य पथ पर राजरोंम के कौवाखाप मोड़ के नजदीक शुक्रवार को हुई बाइक दुर्घटना में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतक की पहचान रांची जिले के चांनहो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम होनहे निवासी कुलदीप महली के 28 वर्षीय पुत्र अजय महली के रूप में हुई है। जबकि गंभीर रूप से घायल उसका चचेरा भाई तुलसी महली के 25 वर्षीय पुत्र नरेश महली को रिम्स रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों बाइक से कुडू की ओर आ रहे थे, तभी राजरोंम कौआ खाप मोड़ के नजदीक बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटनास्थल से पुलिस वाहन दोनों को कुडू सरकारी अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकों ने अजय को मृत घोषित कर दिया। वहीं नरेश का प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया है।

### बकरीद को लेकर नगर भवन में हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

## गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा के अनुसार बकरीद मनाएं : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त डॉक्टर ताराचंद ने कहा की लोहरदगा जिला गंगा जमुनी तहजीब वाला जिला है, लेकिन पर्व त्योहारों में आसामाजिक तत्वों के द्वारा अक्सर अशांति फैलाने का प्रयास रहता है । जिसे जिला प्रशासन और शांति समिति के सदस्यों द्वारा आपसी सूझबूझ से दूर किया जाता है। प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी को पुराने नाम दर्ज अपराधियों व विभिन्न मामलों में हुए कार्रवाई वाले व्यक्तियों पर विशेष नजर रखनी होगी। उपायुक्त ने कहा बकरीद कुर्बानी और बलिदानी का त्यौहार है। इसकी मूल भावना का ख्याल रखा जाना चाहिए, कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे किसी दूसरे समुदाय के लोगों की आस्था पर दुष्प्रभाव पड़े। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ किसको, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों से आए अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सचिव सद्भावना मंच के सदस्य वह बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी को विशेष रूप से अपने क्षेत्र में निगरानी रखनी है। जिनको भी कुर्बानी देनी है अपने घरों के प्रांगण में ही दें। जब कुर्बानी का समय समाप्त हो जाए तो उस क्षेत्र में अपशिष्ट को डिस्पोज कर दिया जाए। इधर-उधर अपशिष्ट को नहीं फेंका जाए। जगह-जगह प्रतिनियुक्ति कर दिए गए हैं।

### डीसी ने उद्गम स्थल पर की पूजा-अर्चना



उपायुक्त डॉ ताराचंद ने दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हापानी पहुंच कर पूजा-अर्चना की। कहा कि दामोदर नदी राज्य की प्रमुख नदी है जो पांच सौ किमी से अधिक लंबी दूरी तय करती है। इतनी लंबी नदी का इतना छोटा उद्गम स्थल देखकर सहसा किसी को विश्वास नहीं होता है। हमारे देश में नदियों को जीवनदायिनी कहा जाता है। विश्व की अधिकतर सभ्यताएं नदियों के किनारे ही विकसित हुई हैं। नदियों के बिना जीवन की कल्पना नहीं हैं। इससे पूर्व उपायुक्त ने कुडू प्रखण्ड के बड़कीचांपी स्थित चुंद गांव में भूमि संरक्षण विभाग से निर्मित अमृत सरोवर के किनारे पौधरोपण किया।

### कुडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी का हुआ नवनिर्माण

**कुडू।** कुडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी का नया गठन प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद तथा प्रखंड पर्यवेक्षक विशाल डुंगडुंग की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में सर्वसम्मति से सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए नई कमेटी का गठन किया गया, जिसे उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ। नवगठित प्रखंड कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्षः तेम्बा उरांव, सलीम अमीर, प्रखंड महासचिवः लाल प्रशांत नाथ शाहदेव, हलीम अंसारी, रमेश उरांव, ललिता उरांव, रोशनी टोप्पो, शाहबुल राय, सीताराम पासवान, नईम ख़ान गुड्डू, सूरज मुंडा को शामिल किया गया। इन सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। उपस्थित सभी सदस्यों ने आशा व्यक्त की कि यह नई टीम पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेगी तथा जनसेवा को प्राथमिकता देगी।

# वैदिक मंत्रों ωΣगंगा आरती का आयोजन दीपों की रोशनी से नहाया बड़ा तालाब

- **बनारस की तर्ज पर हुआ भव्य गंगा महा आरती का आयोजन**

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्रद्धालुओं में उत्साह**

इस भव्य आयोजन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। तालाब की सीढ़ियों पर बैठे लोगों ने शांत मन से आरती में भाग लिया और नगर की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। माहौल पूरी तरह से अध्यात्म और सांस्कृतिक गौरव से परिपूर्ण रहा।

**लोहरदगा।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर भाजपा नगर मंडल द्वारा लोहरदगा शहर के ऐतिहासिक बड़ा तालाब स्थित शिव मंदिर परिसर में एक भव्य और दिव्य गंगा महा आरती का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक था, बल्कि नगर की सांस्कृतिक चेतना को भी एक नई ऊर्जा प्रदान करने वाला साबित हुआ।कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की, जिन्होंने कहा कि "अब बनारस की तरह गंगा महा आरती लोहरदगा में भी देखी जा सकती है। यह आयोजन हमारी संस्कृति, आस्था और नगर गौरव का प्रतीक है।" कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. टी. साहू रहे। गंगा आरती का संचालन वैदिक विधि-विधान के साथ लोहरदगा के प्रतिष्ठित आचार्य सूर्य नारायण पाठक के मार्गदर्शन में किया गया। विशेष रूप से चयनित दस कुमारी कन्याओं ने दीपों के साथ गंगा माता की आरती की। जैसे ही मंत्रोच्चार प्रारंभ हुआ और दीपों की ज्योति चारों ओर फैली, श्रद्धालुओं का मन श्रद्धा और भक्ति से भर उठा। सचिन कुमार साहू ने बताया कि यह आयोजन केवल इस वर्ष का उत्सव नहीं है, बल्कि इसे एक वार्षिक परंपरा के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि लोहरदगा की अगली पीढ़ी भी अपनी संस्कृति से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि यह आयोजन नगरवासियों के सहयोग और विश्वास से संभव हो पाया है।

अशोक कसकर ने कहा कि "सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस दिव्य आयोजन में भाग लेकर नगर को गौरवान्वित किया। सत्यम कुमार ने बताया कि "गंगा दशहरा पर लोगों का उत्साह अत्यंत सराहनीय रहा। भाजपा नगर अध्यक्ष के साथ-साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समाजसेवी, महिला श्रद्धालु और युवा वर्ग उपस्थित रहा। उपस्थित गणमान्यजनों में हसमुख रंजन, चंदन गोप, आकाश वर्मा, पूजा अग्रवाल, आदि वैष्णवी, सहित अन्य कई कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### मजदूर मिलन समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला के बगडू बॉक्साइट माइंस में शुक्रवार को छोटा नागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन के तत्वावधान में मजदूर मिलन समारोह सह वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में छोटानागपुर बॉक्साइट और कोल वर्कर्स यूनियन के महासचिव और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, हिंडाल्को के माइंस ऑपरेशन हेड बीके झा, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय शाहदेव, इंटक के अध्यक्ष सोहराब अंसारी सहित कई लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पहुंचने पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि हिंडाल्को कंपनी को स्थानीय लोगों का अधिकार देना होगा। हिंडाल्को को यह बात अच्छी तरह से समझनी चाहिए कि हम मजदूर का प्रतिनिधित्व करते हैं। हम किसी से कुछ लेना नहीं जानते, बल्कि सिर्फ देना जानते हैं। हम मजदूरों के हक में हमेशा आंदोलन करते रहेंगे। मजदूरों का जो अधिकार है, वह हिंडाल्को कंपनी को देना होगा। इसी में सभी की भलाई है कि यहां मजदूरों को उनका अधिकार मिले। हिंडाल्को सभी को साथ लेकर चले। क्षेत्र का समुचित विकास करें और जरूरत को पूरा करें। उन्होंने कहा कि उनके बड़े भाई स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू के कार्यकाल से ही बगडू माइंस में इंटेक यूनियन का मजबूत आधार स्तंभ रहा है। आज 87 साल बाद भी यहां पर इस प्रकार से मजदूर इंटक के नेतृत्व में एकजुट हैं। हिंडाल्को के माइंस ऑपरेशन हेड बीके झा ने कहा कि कंपनी और इंटक यूनियन के बीच एक बेहतर तालमेल रहा है। हमने एक-दूसरे की आवश्यकताओं को समझा है। काम के दौरान टकराहट होती रहती है, परंतु यह टकराहट हमेशा ही मजदूरों की भलाई के लिए हुई है। आगे भी हम मिलकर काम करेंगे और क्षेत्र का समुचित विकास भी करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को हिंडाल्को की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### प्रखंड प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से निकाला गया फ्लैग मार्च



**सेन्हा–लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के सेन्हा व सेरेंगहातु में प्रखंड प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी और थाना प्रभारी वारिश हुसैन के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। वही फ्लैग मार्च के दौरान शांति व सौहार्द से बकरीद पर्व मनाने के लिए आम जनों से अपील किया गया।वही सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा गया। कोई भी पर्व त्यौहार हो सभी लोग मिल जुल कर खुशी से पर्व त्यौहार को मनाये वही फ्लैग मार्च सेन्हा थाना परिसर से मुख्य पथ होते हुए महतो मुहल्ला,जगरनाथ मंदिर,अमन चौक, गौसिया मस्जिद,सेन्हा डीपू तक गया।तथा सारेंगहातू में फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों से ईद-उल-अजहा और अन्य पर्व को आपस मे मिल जुल कर शांति के साथ मनाने का अपील किया गया। साथ ही सख्त निर्देश देते हुए कहा गया। की गलत अफवाह फैलाने वाले उपद्रवियों से और शरारती तत्वों से निपटने के लिए प्रखंड प्रशासन व पुलिस प्रशासन तैयार है। बीडीओ संग्राम मुर्मु ने कहा कि जिस तरह से आपस मे सभी लोग मिल जुल कर एक साथ रहते हैं। उसी तरह से मिल जुल कर अमन चैन से शांति पूर्वक सभी पर्व त्यौहार को मनाने का हर सम्भव प्रयास करें जिसे समाज के बीच अमन चैन और एकता का संदेश पंहुचे। वही थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने कहा कि असमाजिक तत्वों को पहचान करते हुए पुलिस प्रशासन को सूचना दें। जिस पर नियम संगत सख्त करवाई किया जा सके। मौके पर एसआई अविनाश राम,एएसआई असरफी बहेलिया के अलावे पुलिस के अन्य जवान शामिल थे।

### सेन्हा-लोहरदगा मार्ग पर पथनटोली नहर के समीप मिट्टी धंसने से मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त



**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा प्रखंड अंतर्गत अरु से साके धरधरिया तक बनाए गए कालीकरण पथ पर पथनटोली नहर के पास बेमौसम बारिश के कारण मिट्टी धंस गई, जिससे यह मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीण युवाओं ने पहल करते हुए श्रमदान के माध्यम से मिट्टी और मोरम डालकर अस्थायी मरम्मत कार्य किया। यह मार्ग साके, हेसवे, बाजार डांडू, चौकनी, तोड़ार, डोका शॉट समेत कई गांवों को प्रखंड एवं जिला मुख्यालय तथा अस्पताल, स्कूल व बाजार से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। बारिश में रास्ता ध्वस्त हो जाने से संपर्क कट सकता है, जिससे ग्रामीणों विशेषकर स्कूली छात्र-छात्राओं, मरीजों और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय ग्रामीण अभिराम तिग्गा ने बताया कि नहर के पास बनी कच्ची सड़क पर यदि पुलिया का निर्माण हो जाए तो यह समस्या स्थायी रूप से दूर हो सकती है। पूर्व में सांसद सुखदेव भगत के सचिव और कांग्रेस नेता आलोक साहु द्वारा स्थल निरीक्षण कर शीघ्र निर्माण का आश्वासन दिया गया था, परंतु अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से इस समस्या का समाधान शीघ्र कराने की मांग की है। मौके पर पूर्व मुखिया बुदू भगत, अभिराम तिग्गा, महाबीर उरांव, गोपाल उरांव, बाबूलाल उरांव, धर्मेश उरांव, संजू भगत, प्रदीप उरांव समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### कुडू पुलिस ने तीन पिकअप वाहनों से तस्करी की जा रही 15 भैंसों को किया बरामद

**कुडू – लोहरदग़ा।** कुडू पुलिस ने लोहरदगा शंख- लुकुइया रोड में कुडू थाना क्षेत्र के बड़की चापी के नजदीक शुक्रवार को मवेशी लदे तीन पिकअप वाहनों को पकड़ा। जिसमें ग्यारह काड़ा भैंसा और चार भैंस को क्रूरतापूर्वक पिकअप वाहनों में लोड कर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सेन्हा लोहरदगा की ओर से शंख लुकुइया रोड से तस्करी के लिए पिकअप वाहन में मवेशी लोड कर ले जाया जा रहा है। सूचना पर कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार के साथ पुलिस के जवानों ने कुडू के बड़की चापी के नजदीक वाहनों की जांच शुरू किया। इसी क्रम में बिहार नंबर के तीन पिकअप वाहनों को रोककर चेक किया गया। तो तीनों में क्रूरतापूर्वक ढंग से भैंसा लोड था, इस संबंध में कोई कागजात नहीं मिलने पर तीनों पिकप वाहनों जिसका नंबर बीआरओ 3 जीबी 9827, बीआरओ 3 जीबी 7886 और बीआरओ 3 जीबी 4425 को जप्त कर कुडू थाना लाया गया। तीनों वाहनों से कुल 15 मवेशी जिसमें 11 काडा भैंसा और चार भैंस बरामद किया गया।

### सोरन्दा बाजार में लगा नया ट्रांसफार्मर

**भंडरा।** लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत की पहल पर भौरो पंचायत के सोरन्दा गांव के बाजार बस्ती में शुक्रवार को नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इसका उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम साहू ने विधिवत पूजा अर्चना कर किया। सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम साहू ने उद्घाटन के मौके पर बताया कि गांव मे लगा ट्रांसफार्मर एक माह पहले जल जाने के कारण गांव में बिजली बाधित हो गई थी। ग्रामीणों द्वारा इस समस्या की जानकारी सांसद सुखदेव भगत को दी गई। सांसद ने तत्परता दिखाते हुए बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी से बात कर नया ट्रांसफार्मर दिलाने का प्रबंध किया। अब गाँव में बिजली पुनः बहाल हो गई है, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और उन्होंने सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि प्रखंड में जहां भी ट्रांसफर जलने के कारण अंधेरा हो रहा है, सभी स्थानों पर ट्रांसफर लगाया जायेगा। उद्घाटन के मौके पर मुखिया सुमित उरांव, संतोष पंडा, मजिबुला मीरदाहा,सजाद मीरदाहा, ननका उरांव, करमा उरांव, मंगरा उरांव, शनिया उरांव, सुनीता उरांव, बासमती उरांव, फूलमानिया उरांव, अनिल उरांव सहित अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### मिलजुल कर नशामुक्त समाज का निर्माण करें : आशा देवी

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिला पंचायती राज पदाधिकारी के निर्देश पर मुखिया,पंचायत सचिव और सीएससी संचालकों को नशामुक्ति का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के क्रम में प्रशिक्षक आशा देवी ने कहा कि सभी लोग मिल जुल कर नशामुक्त समाज का निर्माण करें वही प्रशिक्षण के दौरान नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए कहा कि निषेध मादक पदार्थो का सेवन से आज के युवा पीढ़ी मुख्यधारा और पढ़ाई लिखाई से भटक गये हैं।और बड़े बुजुर्ग भी नशा का सेवन कर शारिक और आर्थिक रूप से कमजोर हो गये हैं।साथ ही कहा कि नशा के कारण ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश लोग आर्थिक तंगी में दब गये है। जिस के लिये 10 जून से 26 जून तक नशामुक्त सप्ताह के तहत नशा का रोक थाम करने के उद्देश्य से गांव और पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने के लिये मुखिया,पंचायत सचिव और सभी सीएससी संचालकों से अपील किया गया। मौके पर डॉली तिर्की,संगीता गाड़ी,सुजीत उरांव, नागमनी उरांव, आरती चेरमाको,सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता,माही कुमारी समेत प्रशिक्षण में अन्य उपस्थित थे।

### डीसी की अध्यक्षता में कल्याण विभाग की योजनाओं की गहन समीक्षा

# लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** समेकित जनजाति विकास अभिकरण, कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी योजनाओं की प्रगति की बारीकी से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित कार्यों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय निर्माण कार्यों में भूमि विवादों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर प्रखंड स्तर पर ही किया जाए, ताकि निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से पूरे हो सकें। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने और नियमित फील्ड विज़िट कर भौतिक प्रगति की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

**बैठक में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर समीक्षा की गईः-** छात्रवृत्ति वितरण आवासीय विद्यालयों एवं कल्याण छात्रावासों की मरम्मति, जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, 50 शैय्या अल्पसंख्यक छात्रावासों के निर्माण, अनुसूचित जनजाति छात्रावासों के रखरखाव, सीसीडी योजना एवं एससीए - टीएसपी से जुड़े कार्य, आदिवासी संस्कृति कला केंद्र भवन निर्माण, ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना, पीएमजेवीके (एमएसडीपी), पूंजीगत व्यय योजनाओं के अंतर्गत कार्य, इसके अतिरिक्त, कब्रिस्तान, सरना-मसना घेराबंदी, धुमकुडिया भवन निर्माण, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, शहीद ग्राम विकास योजना, बिरसा आवास, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, वनाधिकार अधिनियम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, साइकिल वितरण, पीएम-जनमन और पीएमएजीवाई योजना से संबंधित अद्यतन रिपोर्टों की समीक्षा की गई।

बैठक के अंत में उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी योजनाओं को पूर्ण करते हुए जनहित को सर्वोपरि रखा जाए। इस समीक्षा बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी समेत कल्याण विभाग के अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मेधावी विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न, उपायुक्त ने दिए सफलता के मंत्र



**गुमला।** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। इस गरिमामय अवसर पर मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के 17 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी प्रेरणा दीक्षित ने की। उन्होंने टॉपर्स को प्रमाण पत्र, शुभकामना संदेश, मोमेंटो तथा पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम द्वारा लिखित पुस्तक 'अग्नि की उड़ान' भेंट की। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उपायुक्त ने विद्यार्थियों को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण, निरंतर प्रयास और सीखने की जिज्ञासा बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, "आप सभी को अपने जीवन के लक्ष्य को लेकर स्पष्टता है, जो यह दर्शाता है कि आप सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह अत्यंत सराहनीय है।" उपायुक्त ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन में केवल जिज्ञासा और महत्वाकांक्षा को मार्गदर्शक बनाया और निरंतर सीखने की भावना को बनाए रखा। उन्होंने डॉ. कलाम का उल्लेख करते हुए कहा, "यदि हम दृढ़ निश्चय के साथ प्रयास करें, तो संपूर्ण ब्रह्मांड हमारी इच्छाओं को पूर्ण करने में सहयोग करता है।" उन्होंने विद्यार्थियों को चैटजीपीटी जैसे आधुनिक तकनीकी साधनों का रचनात्मक उपयोग करने, सोशल मीडिया का विवेकपूर्ण प्रयोग करने तथा पुस्तकों से मित्रता बनाए रखने की सलाह दी।

## कांग्रेस नेताओं ने सभी 18 पंचायतों के लैंपस को चालू कराने की कृषि मंत्री से की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिसई (गुमला)।** जिला महासचिव सह कांग्रेस नेता गंगा उरांव के नेतृत्व में, एक प्रतिनिधिमंडल ने कृषि से संबंधित, किसानों को,ससमय सब्सिडी पर लैम्पस से धान बीज प्राप्ति एवं प्रखंड कृषि विभाग द्वारा, बीज वितरण सही समय पर गरीब किसानों को उपलब्ध कराने हेतु, माननीय कृषि मंत्री, शिल्पी नेहा तिर्की को एक लिखित आवेदन दिया है।

कांग्रेस नेता गंगा उरांव ने आवेदन के माध्यम से कृषि मंत्री को अवगत कराते हुए कहा कि सिसई प्रखंड के 18 पंचायतों में कृषि सहकारिता के तहत किसानों को सब्सिडी पर खाद बीज लाभ के लिए लैम्पस है परन्तु 18 में से सिर्फ दो पंचायत सिसई और लरंगो के लैम्पस से ही मॉनसून के वक्त सब्सिडी पर किसानों को धान बीज वितरण किया जाता है परन्तु दो ही पंचायत के लैम्पस से,पूरे प्रखंड के किसानों को पूर्ति करना संभव नहीं हो पाता है और मजबूरी वश गरीब किसान बाजारों से महंगे और ऊंची कीमतों पर खाद व धान बीज खरीदकर खेती करते हैं। इस तरह कृषि विभाग के लापरवाही के कारण गरीब किसानों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है।

गंगा उरांव ने कहा तत्काल में किसानों को सब्सिडी पर धान बीज प्राप्ति हेतु अठारहों पंचायत के लैम्पस को चालु व सक्रिय किया जाए। ताकि सही समय पर सभी किसान इसका लाभ उठा सकें। इसपर कृषि मंत्री बोलीं कि तत्काल में 18 पंचायतों के लैम्पस को चालु कराना नामुमकिन है, परंतु संज्ञान में आया है तो निश्चित ही चार - चार लैम्पस को क्लस्टर के तौर पर टैग करके सब्सिडी पर किसानों को धान बीज वितरित किया जाएगा।

इस मौके पर, पूर्व मंडल अध्यक्ष बिहारी भगत, रामधारी सिंह, रविन्द्र उरांव,बनबिहारी भगत, गंदुर मुंडा, नंदकिशोर उरांव, महेंद्र मुंडा, कैलाश उरांव आदि उपस्थित थे।

### जारी प्रखंड में जन शिकायत निवारण शिविर आयोजित

## 30 मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक प्रखंड में आयोजित किए जा रहे जन शिकायत निवारण शिविरों की कड़ी में आज शुक्रवार को जारी प्रखंड सभागार में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा ने की। इस दौरान प्रखंड एवं अंचल कार्यालय से संबंधित विभिन्न श्रेणियों की कुल 59 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 30 मामलों का त्वरित निष्पादन मौके पर ही किया गया, जबकि शेष मामलों पर अग्रेतर कार्रवाई जारी है।

**प्रखंड स्तरीय :** आधार कार्ड (15), जन्म प्रमाण पत्र (3), वृद्धा एवं विधवा पेंशन (13), अबुआ आवास (2), मईया सम्मान योजना (1), बैंक खाता संबंधित (1)।

**अंचल स्तरीय :** जाति प्रमाण पत्र (5), आय प्रमाण पत्र (6), राशन कार्ड में नाम जोड़ना (4), बज्रपात से संबंधित (2), हाथी द्वारा क्षति (5)।

इसके अतिरिक्त आवासीय प्रमाण पत्र एवं पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र से संबंधित कई मामले भी दर्ज किए गए। प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने शिविर में प्राप्त समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही समाधान का प्रयास किया और शेष मामलों को संबंधित विभागों को अग्रसारित किया। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। जन शिकायत निवारण दिवस के आयोजन से ग्रामीणों में सकारात्मक संदेश गया है कि प्रशासन उनके साथ खड़ा है और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना और सुलझाया जा रहा है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता रैली, नदी पूजन व पौधारोपण से गूंजा संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो।** कस्तूरबा आश्रम भरनो, विकास भारती बिशनपुर के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को समर्पित जागरूकता बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पेड़ लगाने, अनावश्यक कटाई रोकने, जंगल में पत्तों को न जलाने और जैव विविधता बचाने पर जोर दिया। उन्होंने आगाह किया कि तेज़ी से होती वन कटाई के मुकाबले वृक्षारोपण की रफ्तार कम होने से बीमारियाँ और पर्यावरणीय असंतुलन बढ़ रहा है। नेहा लकड़ा और सोमेश्वरी कुमारी ने स्वलिखित कविताएँ सुनाकर पर्यावरण प्रेम का संदेश दिया। बैठक के बाद आश्रम से बस्ती बाजार टांड़ और कमलपुर गाँव तक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें प्रतिभागियों ने "पेड़ बचाओ—जीवन बचाओ" जैसे स्लोगन थामे हुए थे। गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में कमलपुर स्थित पारस नदी पर विधिवत नदी पूजन किया गया और तट पर पौधारोपण से मुहिम को मूर्त रूप दिया गया।

## सड़क दुर्घटना, 3 किशोर गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, और तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन लोग तेज रफ्तार और नशापान के चलते सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं। इसी कड़ी में एक ताजा मामला चैनपुर के छतरपुर के समीप सामने आया है, जहां एक सड़क दुर्घटना में तीन किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए।मिली जानकारी के अनुसार, रातु गांव निवासी नवीन तिर्की पिता राम लोहरा, उम्र 14 वर्ष, अंकेश लकड़ा पिता अमृत लकड़ा, उम्र 15 वर्ष और ससिंदर मुंडा पिता जितू मुंडा एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल पर सवार होकर हर्रा निवासी अपने दोस्त से मिलकर चैनपुर लौट रहे थे। तभी छतरपुर के समीप उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई और तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

## मासिक गुरु गोष्ठी में शिक्षा गुणवत्ता व पुस्तकालय के समुचित संचालन पर हुआ मंथन

**भरनो।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन के सभागार में शुक्रवार को मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा की गुणवत्ता, पुस्तकालय के सशक्त संचालन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। गुरुगोष्ठी में मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रीति कुजूर, बीपीओ सूरज लकड़ा, पुस्तकालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सचिव सहित सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं सचिव उपस्थित रहे। बैठक में पुस्तकालय के बेहतर संचालन और छात्रों को अधिकतम लाभ कैसे मिल सके, इस पर मंथन किया गया। साथ ही यह भी विचार किया गया कि छात्र-छात्राएं कैसे प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने प्रखंड, जिला और राज्य का नाम रौशन करें। प्रखंड के कक्षा 8 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को पुस्तकालय में पंजीयन कराने और नियमित रूप से पुस्तकालय भेजने हेतु सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया, जिससे अधिक से अधिक बच्चे इस शैक्षणिक संसाधन का लाभ उठा सकें। इस महत्वपूर्ण गुरुगोष्ठी में बीपीओ सूरज लकड़ा, बीआरपी समीम एजाज, सुधीर साहू, शाही सीआरपी, पुस्तकालय संचालन समिति अध्यक्ष किशोर साहू, सचिव शिव कुमार केशरी, सदस्य पीके सिंह सहित अन्य शिक्षकगण और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गुमला में व्यापारियों के लिए 13 जून को लगेगा माप-तोल विभाग का विशेष कैंप

**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह और माप-तोल विभाग की पदाधिकारी शशि संगीता के बीच हुई बैठक में व्यापारियों के हित में एक अहम निर्णय लिया गया है। बैठक के अनुसार, आगामी शुक्रवार 13 जून को माप-तोल विभाग कार्यालय परिसर में व्यापारियों के लिए एक विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। यह कैंप दिन के 11:00 बजे से 3:00 बजे तक चलेगा, जिसमें व्यापारियों के माप-तोल से संबंधित लंबित कार्यों का निष्पादन किया जाएगा।

## बिजली तार की चपेट में आने से दो पशुओं की मौत, किसानों ने की मुआवजे की मांग

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के जनावल महुआटोली गांव में बिजली के तार की चपेट में आने से एक गाय और एक बैल की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से प्रभावित किसान बिरन मुण्डा और अदिति चोरांठ ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन और बिजली विभाग से उचित मुआवजे की मांग की है। किसानों ने बताया कि प्रतिदिन की तरह उनके मवेशी गांव में चर रहे थे। इसी दौरान वे गांव के रोड किनारे एक क्षतिग्रस्त बिजली के पोल के पास पहुंचे।

### बकरीद को लेकर गुमला पुलिस सतर्क

## एसपी ने की विधि-व्यवस्था की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला में ईद-उल-जुहा (बकरीद) के मद्देनज़र पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में गुमला के पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), चैनपुर, सिसई और बसिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, परिवीक्षाधीन डीएसपी, अंचल निरीक्षक, थाना प्रभारी, परिचारी प्रवर, उपस्कर सहित संबंधित शाखा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद बकरीद पर्व को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। एसपी ने साफ निर्देश दिए कि पर्व के दौरान जिले में किसी भी प्रकार की विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ समय रहते पूरी कर ली जाएं।

सभी अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय से निर्गत आदेशों एवं निर्देशों का अक्षरशः पालन करने को कहा गया ताकि आम जनता बकरीद का पर्व सौहार्द्रपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मना सके।



### चैनपुर में बकरीद को शांतिपूर्ण मनाने के लिए शांति समिति की बैठक संपन्न

**चैनपुर।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को चैनपुर थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा और अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और सभी समुदायों के दर्जनों लोग उपस्थित थे, जिन्होंने पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता ने बैठक की शुरुआत करते हुए सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया और बकरीद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि बकरीद का पर्व त्याग, बलिदान और भाईचारे का संदेश देता है, जिसे हम सभी को आत्मसात करना चाहिए।प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरीद का पर्व शांति और भाईचारे के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी से एक-दूसरे के धर्म का सम्मान करने का आग्रह किया और अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराना है।बैठक के दौरान, अधिकारियों ने शांति समिति के सदस्यों से एक-एक कर पर्व को शांतिपूर्ण रूप से मनाने के संबंध में उनके विचार और सुझाव लिए। झामुमो जिला सचिव सह बीस सूत्री सदस्य शकील खान ने भी लोगों को संबोधित करते हुए शांति और सद्भाव का संदेश दिया।उन्होंने कहा कि चैनपुर में सभी पर्व शांति और सौहार्द के साथ मनाए जाते हैं और हम सभी एक-दूसरे के पर्व को शांति से मनाते हैं। यमुना केशरी ने भी शांति बनाए रखने पर जोर दिया।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी बकरीद के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकना और सभी समुदायों के बीच सामंजस्य बनाए रखना था।

# नशा मुक्ति को लेकर गुमला प्रशासन गंभीर

### 10 से 26 जून तक चलाया जाएगा व्यापक जन-जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिले में 10 जून से 26 जून तक चलने वाले राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थ विरोधी जागरूकता कार्यक्रम को लेकर आज उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक उप विकास आयुक्त के सभागार में संपन्न हुई, जिसमें सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला स्तरीय विभागीय पदाधिकारी तथा संबंधित इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह जागरूकता अभियान जिला, प्रखंड, पंचायत और विद्यालय स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें इससे दूर रखने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर नशा के खिलाफ चौपाल का आयोजन किया जाए, जहाँ ग्रामीणों को सीधी जानकारी दी जा सके।

सभी स्कूलों में प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक और पोस्टर प्रतियोगिता जैसे रचनात्मक माध्यमों से जनजागरूकता फैलाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, जिला मुख्यालय से प्रभारी मंत्री द्वारा नशा विरोधी प्रचार वाहन को रवाना किया जाएगा, जो पूरे जिले में भ्रमण कर जागरूकता संदेश प्रसारित करेगा। वहीं प्रखंड स्तर पर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा, जिससे युवा वर्ग इस अभियान से सक्रिय रूप से जुड़ सके।

कार्यक्रम की शुरुआत 10 जून को पूरे जिले में नशा के विरुद्ध सामूहिक शपथ ग्रहण से की जाएगी। सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर भी यह शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए मास्टर ट्रेनरों का चयन कर उन्हें एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो बाद में प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर नशामुक्ति को लेकर आमजनों को जागरूक करेंगे। डीडीसी दिलेश्वर महतो ने स्पष्ट कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं होना चाहिए, बल्कि इसका असर समाज के हर तबके तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसके संदेश से जुड़ सकें। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि जिले में एक स्पोर्ट्स यूथ आइकन को इस अभियान का चेहरा बनाया जाएगा, जिससे युवाओं के बीच इसकी सशक्त पहचान बन सके।

बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन कार्यालय, तंबाकू निषेध इकाई के प्रतिनिधि, घाघरा, बिशुनपुर और चैनपुर के अंचल अधिकारी, पालकोट और रायडीह के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया।


**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
(अनु०जनजाति, अनु०जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)
Email- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in

**(अति अल्पकालिन निविदा)**

वित्तीय वर्ष 2025–26 का पलामू जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए खाद्य–अखाद्य, पोशाक, पठन–पाठन, खेलकूद, उपस्कर बर्त्तन, कम्बल, बेडसीट, मच्छरदानी ओढ़ने बिछाने का चादर एवं तकिया कवर आदि सामग्रियों का दर निर्धारण/आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक 13.06.2025 को 01:00 बजे तक जिला कल्याण कार्यालय, पलामू में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक 13.06.2025 को 3:00 बजे अपराह्न में क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष उप विकास आयुक्त, पलामू के कार्यालय प्रकोष्ठ में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं।

(A) क्रय/आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की सूची:– सामग्रियों की सूची जिला कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है या पलामू जिला के Website (Palamu.nic.in) से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू

PR 354421 District (25-26)_D

**कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, लातेहार**
द्वितीय तल्ला, समाहरणालय परिसर, लातेहार
ई मेल –mdm21lthr@gmail.com/mdmltr@yahoo.in
(जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, लातेहार)

**–: ई–निविदा से संबंधित आवश्यक सूचना :–**

प्रभारी पदाधिकारी, लातेहार के पत्रांक 655 दिनांक 10.05.2025 के द्वारा लातेहार जिला के प्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावी क्षेत्र प्रखण्ड लातेहार के पंचायत भुसूर में Integrated Sports cum Knowledge Center में Science Center का निर्माण/अधिष्ठापन कार्य हेतु निविदा www.jharkhhandtenders.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

संबंधित निविदादाता उक्त निविदा का विस्तृत अवलोकन www.jharkhhandtenders.gov.in पर करते हुए निर्धारित समयावधि में अपना निविदा भेज सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
लातेहार।

PR 354404 (Human Resource Developement) 25-26 (D)

**कार्यालयः– जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार**
संयुक्त जिला कृषि भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार–829206
Email :- lateharda0@rediffmail.com

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

**PM-KUSUM ( Coponent-B) सोलर वाटर पम्पसेट योजना हेतु किये गये आवेदन के अन्तर्गत लाभुक अंशदान की राशि जमा कराने से संबंधित सूचना।**

जेडा द्वारा PM-KUSUM (Component-B) योजनान्तर्गत झारखण्ड राज्य में सिंचाई कार्य हेतु कृषकों को ऑफग्रिड सोलर पम्प के वितरण एवं अधिष्ठापन का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत सभी जिलों से ऑनलाईन (www.pmkusum.jharkhand.gov.in) माध्यम से आवेदन प्राप्त किया जा रहा है।

किसानों को लाभुक अंशदान के रूप में 2HP (AC & DC) सोलर पम्पसेट के लिये रू० 5,000/- 3HP (AC & DC) सोलर पम्पसेट के लिये रू० 7,000/–, 5HP (AC & DC) सोलर पम्पसेट के लिये रू० 10,000/–प्रति सोलर पम्प के लिये आवेदन की प्रक्रिया के तहत PM-KUSUM Portal, www.pmkusum.jharkhand.gov.in में लाभुक अंशदान की राशि Online Portal के माध्यम से जमा किया जाना है। इसके अलावा अन्य किसी वेवसाईट के माध्यम से आवेदन तथा लाभुक अंशदान जमा नही करना है।

जिन किसानों के द्वारा ऑनलाईन मोड से आवेदन किया जा चुका है, किन्तु निर्धारित लाभुक अंशदान की राशि अब तक नही जमा करायी गयी है को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.06.2025 (गुरुवार) तक अपने आवेदन के विरूद्ध निर्धारित लाभुक अंशदान की राशि Online Portal (www.pmkusum.jharkhand.gov.in) के माध्यम से अवश्य जमा करा दें अन्यथा उक्त तिथि के बाद उनका आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा और बाद में आवेदन से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।

जिला कृषि पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 354389 Agriculture(25-26)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

परमात्मा का वास सभी इंसानों में है। लेकिन, सभी इंसानों में परमात्मा का भाव भी हो, ये जरूरी नहीं है। इसलिए व्यक्ति अपने कर्मों की वजह से दुखी है। - **स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी**

## संपादकीय

# हिमालय से झारखंड तक मॉनसून का बदला मिजाज

झारखंड हो या देश के अनेक भू भाग मौसम के चक्र के बदले मिजाज से आशंकित हैं। गर्मी नहीं पड़ेगी तो वाष्पीकरण नहीं होगा फिर वर्षा ठीक से कैसे होगी? अभी भी समय पूर्व मॉनसून की सूचना है। हिमालयी राज्यों में 2025 का मानसून समय से पहले आगमन के साथ गंभीर चुनौतियां भी साथ ला रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून अपने सामान्य समय से पहले, यानी 10 से 15 जून तक पश्चिमी हिमालय के उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में पहुंच सकता है। सामान्यतः इन राज्यों में मानसून जून के अंतिम सप्ताह या जुलाई के पहले सप्ताह (20 जून से 5 जुलाई) में आता रहा है, जबकि पूर्वोत्तर राज्यों जैसे अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, और मेघालय में यह जून के पहले सप्ताह (1 से 10 जून) में सक्रिय हो जाता है। इस बार, ला नीना की स्थिति और अनुकूल वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण मानसून ने केरल में 24 मई को दस्तक दे दी थी, जो 2009 के बाद सबसे जल्दी आगमन है और सामान्य तिथि 1 जून से आठ दिन पहले है। मानसून की यह तेज गति मुंबई तक 26 मई को पहुंच गई, जो करीब 16 दिन पहले है। इस असामान्य गति ने हिमालयी क्षेत्रों में समय से पहले भारी बारिश और इसके परिणामस्वरूप होने वाले खतरों की आशंका को बढ़ा दिया है। प्रकृति का नियम है कि हिमालय में ऊंचाई बढ़ने के साथ बारिश कम होती जाती है। लगभग 5,000 मीटर की ऊंचाई के बाद, वर्षा बर्फ के रूप में गिरती है, जिससे स्थायी हिमाच्छादित क्षेत्र बनते हैं। ये क्षेत्र गंगा, यमुना और ब्रह्मपुत्र जैसी नदियों के लिए जल स्रोत हैं। 2013 की केदारनाथ त्रासदी समय से पहले मानसून के खतरों का एक भयावह उदाहरण है।इस बार, 10 जून तक मानसून के आगमन से उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में अचानक बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है, जिससे छोटे नदी-नाले विकराल रूप धारण करते हैं। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला में भी यही जोखिम है। प्री-मानसून बारिश ने पहले ही कहर बरपाना शुरू कर दिया है। उदाहरण के लिए, हिमाचल के रामपुर में 25 मई को बादल फटने से अचानक आई बाढ़ ने संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। मौसम विभाग के अनुसार, मेघालय में 30 मई को 30 सेंटीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई, जिसने ब्रह्मपुत्र नदी में बाढ़ का खतरा बढ़ाया। असम, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में जलभराव और भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, मानसून की तेज गति के पीछे मेडन-जूलियन ऑसिलेशन (एमजेओ) की अनुकूल स्थिति और अरब सागर व बंगाल की खाड़ी में नमी की अधिकता है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण हिमालय और यूरेशिया में बर्फ की मात्रा कम होने से सतह का तापमान बढ़ा, जिसने मानसून की तीव्रता को बढ़ाया। मौसम विभाग के अनुसार, इस बार 106 प्रतिशत दीर्घकालिक औसत वर्षा होगी। पिंडारी बेसिन अध्ययन के अनुसार, 1972–2018 के बीच स्नो लाइन के पीछे हटने में 1.36-1.67 मीटर प्रति वर्ष की वृद्धि हुई, जो जलवायु परिवर्तन का परिणाम है। समय पूर्व बारिश की वजह से कृषि पर प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि खरीफ फसलों (धान, गन्ना, दाल) को अत्यधिक बारिश से नुकसान हो सकता है।

*हिमालयी राज्यों में 2025 का मानसून समय से पहले आगमन के साथ गंभीर चुनौतियां भी साथ ला रहा है।*

# हरित भविष्य को सशक्त बनाना : केंद्र के 11 वर्षों ने भारत के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र को कैसे बदल दिया

प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने न केवल अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, बल्कि हमने दृढ़ संकल्प, नवाचार और बेजोड़ प्रदर्शन के साथ उन्हें हासिल भी किया है। सौर ऊर्जा में तीसरे, पवन ऊर्जा में चौथे और कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान के साथ, आज भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में से एक है। 232 गीगावाट से अधिक स्थापित और 176 गीगावाट निर्माणाधीन नवीकरणीय क्षमता होने के साथ, हम न केवल अपनी ऊर्जा से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि ऊर्जा में बदलाव से जुड़ी वैश्विक चर्चा को सक्रिय रूप से आकार दे रहे हैं। यह प्रगति संयोग नहीं है, बल्कि यह पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किए गए साहसिक सुधारों, समयबद्ध फैसलों और स्पष्ट दीर्घकालिक दृष्टिकोण का परिणाम है। मोदी के पास एक मजबूत नवीकरणीय ऊर्जा इकोसिस्टम बनाने का एक स्पष्ट दृष्टिकोण था। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में, उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा को वैश्विक प्राथमिकता बनने से बहुत पहले बड़े पैमाने पर सौर परियोजनाओं का बीड़ा उठाया था। 2014 में पदभार संभालने के बाद, उन्होंने उस विजन को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया। नतीजतन, आज भारत सौर, पवन और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े नवाचार में एक वैश्विक लीडर के रूप में खड़ा है। पिछले वर्ष में ही, हमने राष्ट्रीय ग्रिड में रिकॉर्ड 29 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ी। सौर ऊर्जा क्षमता 2014 के सिर्फ 2.63 गीगावाट से बढ़कर 2025 में 108 गीगावाट से अधिक हो गई है, जो 41 गुना की आश्चर्यजनक वृद्धि है। पवन ऊर्जा क्षमता भी 51 गीगावाट को पार कर गई है। देश भर में फैली इन परियोजनाओं को अब एकीकृत पारेषण प्रणाली के माध्यम से एक साथ जोड़ा जा रहा है, जिससे एक राष्ट्र एक ग्रिड (वन नेशन वन ग्रिड) का सपना साकार होगा, जहां प्रत्येक भारतीय, चाहे वह किसी भी भौगोलिक क्षेत्र में रहता हो, विश्वसनीय बिजली प्राप्त कर सकेगा। लेकिन इस बदलाव के स्तर को समझने के लिए हमें यह याद रखना होगा कि हमने शुरुआत कहां से की थी। वर्ष 2014 में भारत का बिजली क्षेत्र गहरे संकट से जूझ रहा था। बिजली की कमी लगातार बनी हुई थी।

2012 में डबल ग्रिड फेलियर हुआ, जिसने सबसे पहले उत्तरी क्षेत्र को 36,000 मेगावाट लोड की हानि के साथ प्रभावित किया और बाद में उत्तरी, पूर्वी एवं उत्तर-पूर्वी ग्रिडों के ध्वस्त होने का कारण बना, जिससे 48,000 मेगावाट का असर पड़ा। ये घटनाएं आज भी हमारी यादों में ताजा है। पारेषण इंफ्रास्ट्रक्चर पर अत्यधिक बोझ था और निवेशकों का भरोसा कम था। नवीकरणीय ऊर्जा को महंगा और अविश्वसनीय माना जाता था। वैश्विक समुदाय ने भारत को एक गंभीर स्वच्छ ऊर्जा खिलाड़ी के रूप में नहीं देखा। वहीं, देश के भीतर, जनता की अपेक्षाएं मामूली थीं। नीतिगत अनिर्णायकता की स्थिति के चलते भी भारत को 'नाजुक पांच' अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में गिना जाता था। वह परिदृश्य निर्णायक रूप से बदल गया है। भारत ऊर्जा की कमी से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ गया है। पिछड़ने की स्थिति से उबरते हुए, अब हम मिसाल के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं। यहां, मैं मोदी सरकार के तहत पिछले 11 वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किए गए 11 परिवर्तनकारी सुधारों पर प्रकाश डालता हूं, जिनमें से प्रत्येक आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सबसे पहले, फीड-इन टैरिफ से पारदर्शी, बाजार-संचालित बोली प्रक्रिया में बदलाव ने एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित किया। प्रतिस्पर्धी बोली और टैरिफ युक्तिकरण के कारण सौर टैरिफ 2010 में 10.95 प्रति यूनिट से गिरकर 2021 तक आश्चर्यजनक रूप से 1.99 प्रति यूनिट रह गया, जिसने भारत को सौर ऊर्जा में मूल्य के मामले में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित किया। इस सुधारों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया और जीवाश्म ईंधन के साथ मूल्य के मामले में समानता स्थापित की है। दूसरा, अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) शुल्कों की छूट एक और प्रमुख कदम रहा है। इन शुल्कों को हटाकर, सरकार ने परियोजना डेवलपर्स के लिए प्रमुख बाधाओं में से एक को समाप्त कर दिया। अपतटीय पवन के लिए 2032 तक और हरित हाइड्रोजन के लिए 2030 तक विस्तारित, इस नीति ने भौगोलिक सीमाओं से नवीनीकरणीय ऊर्जा परिनियोजन को प्रभावी रूप से मुक्त कर दिया और पूरे भारत में ऊर्जा प्रवाह को प्रोत्साहित किया।

तीसरा, आयात पर निर्भरता कम करने और रोजगार सृजन के लिए सरकार ने 24,000 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन के साथ सौर विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की। इससे घरेलू विनिर्माण में उछाल आया है, जो 2014 की 2.3 गीगावाट से बढ़कर मॉड्यूल में 88 गीगावाट और 2025 तक सेल क्षमता में 0 से 25 गीगावाट हो गया है। भारत अब केवल सौर ऊर्जा का उपयोग ही नहीं कर रहा है, बल्कि इसे बना भी रहा है। इससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होती है और ऊर्जा सुरक्षा बढ़ती है।

चौथा, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए, सरकार ने मॉडल और विनिर्माताओं की स्वीकृत सूची (एएलएमएम), घटकों और विनिर्माताओं की स्वीकृत सूची (एएलसीएम) के साथ-साथ घरेलू सामग्री आवश्यकताओं (डीसीआर) को लागू किया, जिससे गुणवत्ता आश्वासन, आपूर्ति श्रृंखला की संपूर्णता सुनिश्चित हुई और आयातित सौर घटकों पर निर्भरता कम हुई। इन उपायों ने भारतीय निर्माताओं के लिए एक समान अवसर तैयार किए हैं, जिससे एक लचीले और प्रतिस्पर्धी सौर इकोसिस्टम का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

पांचवां, प्रधानमंत्री के विजन के तहत, पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना एक परिवर्तनकारी पहल बन गई है, जिसका लक्ष्य 30 गीगावॉट की विकेंद्रीकृत क्षमता तैयार करने के लिए एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करना है। लगभग 13.75 लाख घरों को पहले ही इससे जोड़ा जा चुका है, जिससे जमीनी स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच में बदलाव आ रहा है।

छठा, पीएम-कुसुम योजना किसानों को विकेंद्रीकृत सौर प्रणाली लगाने में सक्षम बनाकर कृषि को सौर ऊर्जा से लैस कर रही है। 11 लाख से अधिक पंपों को सौर ऊर्जा से युक्त किया गया है, जिससे भारत का ये सबसे अधिक ऊर्जा-गहन क्षेत्र जलवायु सहयोगी में बदल गया है।

सातवां, भारत अब स्वच्छ ऊर्जा के मामले में दुनिया का अनुसरण नहीं कर रहा है, बल्कि दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। 2014 में एफडीआई के मामूली प्रवाह से, भारत ने अप्रैल 2020 से सितंबर 2024 के दौरान आरई क्षेत्र में $19.98 बिलियन का एफडीआई आकर्षित किया, जो आज भारत में एफडीआई आकर्षित करने वाले शीर्ष क्षेत्रों में से एक के रूप में उभर रहा है। इससे देश के वैश्विक स्तर पर बढ़ते कद और आर्थिक क्षमता का पता चलता है। इस यात्रा में एक अन्य प्रमुख उत्प्रेरक लगभग 20,000 करोड़ के निवेश समर्थन वाला राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन है, जिसका उद्देश्य भारत को स्वच्छ ईंधन के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाना है।

आठवां, पारेषण इंफ्रास्ट्रक्चर इस बदलाव की रीढ़ बना हुआ है। ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर और 2030 ट्रांसमिशन (पारेषण) रोडमैप में भारत का निवेश सुनिश्चित करता है कि अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं ग्रिड से कुशलतापूर्वक और विश्वसनीय तरीके से जुड़ सकें। यह पहल कटौती के जोखिम को कम करती है और ग्रिड स्थिरता को बढ़ाती है।

नौवां, सरकार भारत के समुद्र तट की विशाल क्षमता का भी दोहन कर रही है। 2030 तक 37 गीगावॉट की निविदाओं की योजना के साथ अपतटीय पवन (ऑफशोर विंड) पहल को व्यवहार्यता अंतर निधि और मजबूत साइट सर्वेक्षणों द्वारा समर्थित किया जा रहा है। गुजरात और तमिलनाडु में पायलट परियोजनाएं पहले से ही भारत के अगले अक्षय ऊर्जा क्षेत्र की नींव रख रही हैं।

दसवीं बात, बिजली आपूर्ति में रुकावट की चुनौती को पहचानते हुए भारत ने हाइब्रिड और चौबीसों घंटे बिजली उपलब्ध कराने की नीति के साथ निर्णायक कदम उठाया है। पवन-सौर हाइब्रिड और ठोस एवं प्रेषण योग्य अक्षय ऊर्जा (एफडीआरई) को बढ़ावा देकर भारत चौबीसों घंटे स्वच्छ ऊर्जा समाधान तैयार कर रहा है। पाइपलाइन में 65 गीगावाट से अधिक क्षमता के साथ, यह ग्रिड की विश्वसनीयता और जीवाश्म-आधारित बेसलोड बिजली के विकल्प के लिए महत्वपूर्ण है।

ग्यारहवीं बात, आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में हम उन घरों तक पहुंच रहे हैं, जहां पहले कभी बिजली नहीं थी। विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों के लिए विशेष सौर कार्यक्रमों और पीएम जनमन मिशन और सीपीएसयू योजना चरण-II के तहत हजारों घरों में बिजली पहुंचाई गई है। ये सिर्फ ऊर्जा कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि ये सशक्तिकरण और समावेशी विकास के साधन हैं।

भारत सिर्फ अपने देश में ही प्रगति नहीं कर रहा है, बल्कि हम वैश्विक स्तर पर भी नेतृत्व कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (इंटरनेशनल सोलर अलायंस) ने 100 से ज्यादा देशों को एक साथ ला खड़ा किया है। 'एक सूर्य एक दुनिया एक ग्रिड' का विजन दुनिया को दिखा रहा है कि सौर ऊर्जा किस तरह से देशों को एकजुट कर सकती है। यह भारत में मुख्यालय वाला पहला अंतरराष्ट्रीय और अंतर-सरकारी संगठन भी है। दुनिया भारत को देख रही है। साथ ही दुनिया भारत से सीख रही है। री-इन्वेस्ट 2024 में दुनिया भर के निवेशकों ने भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य के लिए 2030 तक 32.45 लाख करोड़ रुपये निवेश करने का संकल्प लिया। अक्षय ऊर्जा के लिए वित्त जुटाने पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रमुख बैंकों के शीर्ष अधिकारियों ने वित्तीय सहायता को मजबूती देने और इस क्षेत्र में निवेश में तेजी लाने के लिए भाग लिया। अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने और राज्यों के बीच प्रदर्शन और नवाचार के लिए प्रतिस्पर्धी माहौल को प्रोत्साहन देने के लिए, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्रियों के साथ नियमित बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं। हाल ही में 24 मई 2025 को नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में प्रधानमंत्री ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर सभी मुख्यमंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की। सूर्यमित्र, वायुमित्र और जल ऊर्जामित्र जैसी पहलों को भविष्य के लिए तैयार हरित कार्यबल को आकार देने के उद्देश्य से प्रमुख कौशल कार्यक्रमों के रूप में पेश किया गया।



### आगे की राह

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन बिजली क्षमता का लक्ष्य रखा है। अब तक, हम 228 गीगावाट के आंकड़े को छू चुके हैं।
- 176 गीगावाट निर्माणाधीन है। और 72 गीगावाट बोली के चरण में है। हम न केवल सही रास्ते पर हैं, बल्कि हम उम्मीद से बेहतर हैं। इससे न केवल हम अपनी बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे, बल्कि हमारी बिजली की मांग को भी समर्थन मिलेगा, जो 2032 तक दोगुनी होने की उम्मीद है।
- साथ ही, हम 2047 तक 1,800 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता हासिल करने के अपने दीर्घकालिक लक्ष्य की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। साथ में, ये उपलब्धियां स्वच्छ और समावेशी विकास द्वारा संचालित एक विकसित भारत के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता की रीढ़ हैं।
- नए भारत का सूरज चमक रहा है। और, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, हम दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।

आज की **बात**



**प्रहलाद जोशी**
केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री

# झारखंड : विकास की दौड़ में डगमगाता पर्यावरणीय संतुलन

5 जून का दिन हर वर्ष हमें पर्यावरण के महत्व की गूंज सुनाता है। परंतु, क्या हम सच में सुन पा रहे हैं इस पुकार को ? विशेष रूप से झारखंड के परिप्रेक्ष्य में, जहाँ प्रकृति, आदिवासी संस्कृति और खनिज संसाधनों का अद्भुत संगम देखने को मिलता है- पर्यावरण दिवस केवल औपचारिक रस्म नहीं, बल्कि चेतना और आत्ममंथन का अवसर है। झारखंड शब्द ही अपने आप में 'झाड़-खांड' अर्थात् जंगलों की भूमि का परिचायक है। परंतु दुखद सत्य यह है कि यह राज्य आज तेजी से अपने जंगल, अपनी नदियाँ, अपना प्राकृतिक वैभव और जैव विविधता खो रहा है। औद्योगीकरण, खनन, शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन के संयुक्त प्रभाव से यह क्षेत्र एक गहरे पारिस्थितिकीय संकट की ओर बढ़ रहा है। झारखंड देश का खनिज भंडार कहलाता है। कोयला, लौह अयस्क, तांबा, अभ्रक, बॉक्साइट जैसे खनिजों की प्रचुरता ने इसे देश के औद्योगिक मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिया है। धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर, चाईबासा, रामगढ़, सरायकेला, चतरा, लोहरदगा जैसे जिलों में खनन का वृहद विस्तार है। किन्तु यही खनन गतिविधियाँ आज इसके पर्यावरणीय संकट की जड़ बन चुकी हैं। खुले गड्ढों की खदानें, वनों की कटाई, जल स्रोतों का दूषित होना, भूमि कटाव, वायु प्रदूषण और जैव विविधता का तेजी से विनाश ये खनन की वह भयावह सच्चाई है, जो स्थानीय लोगों के जीवन में प्रत्यक्ष पीड़ा बनकर उभरती है। खनन के कारण होने वाले वनों के क्षरण से वर्षा चक्र भी प्रभावित हुआ है। इस क्षेत्र की पर्वतीय जलवायु में असंतुलन आया है और औसत तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। झारखंड की 26 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या आदिवासी है। इनका जीवन जंगल, जल और जमीन से गहराई से जुड़ा है। खनन, वन कटाई और भूमि अधिग्रहण ने इनके परंपरागत आजीविका साधनों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। विस्थापन, बेरोजगारी, कुपोषण और सांस्कृतिक विघटन की समस्याएँ बढ़ती जा रही हैं। जनजातीय परंपराओं में प्रकृति को पूज्य मानने की परंपरा रही है। सरना, जाहेरथान, सिंगबोंगा आदि आस्थाएँ प्रकृति के साथ सामंजस्य की शिक्षा देती हैं। परंतु खनन कंपनियों और अनियंत्रित विकास परियोजनाओं ने इस सह-अस्तित्व को गहरा आघात पहुँचाया है। झारखंड के वनों में हाथी, तेंदुआ, बाघ, हिरण, सांभर, भालू और अनेक पक्षी प्रजातियाँ निवास करती थीं। लेकिन वनों के अतिक्रमण और विखंडन ने इनके आवास नष्ट कर दिए हैं। पलामू टाइगर रिजर्व जो कभी बाघों की शरणस्थली था, वहाँ आज बाघों की संख्या नगण्य हो गई है। हाथी मानव संघर्ष की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं। रांची, गुमला, लोहरदगा और पश्चिमी सिंहभूम में हाथियों का गाँवों में घुसकर फसलों का नुकसान और मानव मृत्यु की घटनाएँ चिंता का विषय हैं। वन्य जीवों का यह संघर्ष एक बड़ा संकेत है कि उनका प्राकृतिक आवास अब सिकुड़ चुका है और पारिस्थितिकीय तंत्र असंतुलित हो चुका है। खनन और वनों के क्षरण से झारखंड का जल संकट भी गंभीर होता जा रहा है। गर्मियों में रांची, बोकारो, धनबाद जैसे शहरों में जलापूर्ति बाधित होती है। ग्रामीण इलाकों में कुएँ व चापाकल सूखने लगे हैं। नदी तंत्र भी प्रभावित हुआ है। कोयल, शंख, दामोदर, स्वर्णरेखा जैसी नदियाँ प्रदूषण और जलविहीनता की चपेट में हैं। वर्षा का अनियमित चक्र और जल संचयन की उपेक्षा ने जल संकट को और भी गहरा बना दिया है। झारखंड पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव विशेष रूप से दिखने लगा है। कभी नियमित और संतुलित मानसून वाला यह क्षेत्र अब या तो अल्पवृष्टि का शिकार होता है या बेमौसम मूसलधार बारिश का। खेती-किसानी इस परिवर्तन से सर्वाधिक प्रभावित हो रही है। धान, मक्का, दलहन जैसी पारंपरिक फसलें संकट में हैं। फसल का चक्र प्रभावित हो रहा है और किसान कर्ज और पलायन के चक्र में फँस रहे हैं। इसके अतिरिक्त बढ़ती गर्मी, स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव, जल जनित रोग, कुपोषण की समस्या और आजीविका का संकट भी उभर कर सामने आ रहा है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएँ चलाई जा रही हैं जैसे बिरसा हरित ग्राम योजना, जल संरक्षण योजनाएँ, सौर ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा प्रोत्साहन, वृक्षारोपण अभियान, जनजातीय समुदायों के लिए वनाधिकार कानून आदि शामिल है परंतु इन प्रयासों का धरातल पर क्रियान्वयन अभी भी चुनौतियों से जूझ रहा है। परियोजनाओं का केंद्रीकरण, भ्रष्टाचार, जन सहभागिता की कमी और दीर्घकालिक दृष्टि के अभाव के कारण अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग **बात**




**मिथलेश दास**
शोधार्थी, राधा गोविंद विवि, रामगढ़, झारखंड

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

सुबह सुबह की सोहनी, वो सर सर आवाज।
पूरे घर में गूंजती है, जैसे कोई साज।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# "शक्ति, ऊर्जा व समृद्धि का प्रतीक है सिंदूर"

भारत जैसे सनातन संस्कृति के वाहक देश में प्रतीकों का विशेष महत्व है। इन प्रतीकों में एक सर्वाधिक भावनात्मक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व रखने वाला प्रतीक है सिंदूर। भारत एक ऐसा राष्ट्र है जिसकी आत्मा संस्कृति से जुड़ी है और जिसकी धमनियों में बहती है परंपरा की शाश्वत लालिमा। उसी परंपरा का एक जीवंत प्रतीक है सिंदूर। सिंदूर केवल एक रंग नहीं, एक भाव है। यह शक्ति है, ऊर्जा है, समर्पण है, सौभाग्य है, और सबसे बढ़कर भारत माँ की शक्ति की गरिमा है। भारतीय नारी के मस्तक पर सजे इस सिंदूर का हर कण एक व्रत, एक विश्वास, एक वंदना है, अपने परिवार, अपने राष्ट्र और अपने धर्म के लिए। सिंदूर बल्कि भारतीय स्त्री की श्रद्धा, शक्ति, ऊर्जा, और समृद्धि का स्वरूप है, जिसकी जड़ें हमारे धार्मिक ग्रंथों, लोक साहित्य और सांस्कृतिक मानस में गहराई से जुड़ी हुई हैं। सनातन धर्म में सिंदूर को सौभाग्य, शक्ति और मंगल का प्रतीक माना गया है। गरुड़ पुराण में वर्णित है "सिन्दूरं सौभाग्यलक्ष्म्याः प्रतीकं मंगलाय च।" अर्थात् सिंदूर सौभाग्य और लक्ष्मी का प्रतीक है और मंगलकारक होता है। देवी पार्वती के द्वारा अपने मांग में सिंदूर भरने की परंपरा को आदर्श मानते हुए सभी विवाहित स्त्रियां इसे स्वीकार करती हैं। मान्यता है कि माता सीता ने श्रीराम के मंगल की कामना से सिंदूर लगाया था और यह परंपरा युगों से चली आ रही है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में कहा गया है "मस्तके यः सदा सिंदूरं धारयति पतिव्रता। सा लभते चिरं सौख्यं सौभाग्यं चापि निश्चलम्॥" अर्थात जो स्त्री सिंदूर धारण करती हैं, उसे चिरकालिक सुख, सौभाग्य और अखंड पतिव्रता धर्म की प्राप्ति होती है। भारतीय काव्य और नाट्य साहित्य में भी सिंदूर को सौंदर्य, समर्पण और शक्ति के रूप में देखा गया है। सूरदास, तुलसीदास, मीरा जैसे भक्त कवियों के पदों में, राधा-कृष्ण, सीता-राम, शिव-पार्वती के प्रेम में सिंदूर की झलक मिलती है। मैथिलीशरण गुप्त की कविता की पंक्ति है "सिंदूरी रेखा मस्तक की, जग से कहती कहानी है"। यह पंक्तियाँ सिंदूर की गरिमा को सामाजिक और सांस्कृतिक दायरे से ऊपर उठाकर राष्ट्रीय चेतना से जोड़ती हैं। भारत में जब नारी सिंदूर लगाती है, तो वह न केवल अपने पति के दीर्घायु जीवन की कामना करती है, बल्कि वह सम्पूर्ण परिवार और राष्ट्र के समृद्ध भविष्य का आशीर्वाद भी मांगती है। यही नहीं, जब पुरुष अपने मस्तक पर तिलक लगाता है तो वह युद्धभूमि में उतरने से पहले "रणभेरी" बजाता है। यही कारण है कि हमारे वीर सैनिक जब युद्धभूमि की ओर निकलते हैं तो उनके माथे पर सिंदूरी तिलक होता है यह केवल एक परंपरा नहीं, यह एक संकल्प है। हाल ही में भारत द्वारा सीमा पार किए गए "ऑपरेशन सिंदूर" ने न केवल सैन्य कौशल का परिचय दिया, बल्कि यह एक सांस्कृतिक सन्देश भी था। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी का बयान ध्यान आता है "हमारे रगों में सिंदूर बहता है" इसका अभिप्राय यह है कि हम केवल भौगोलिक सीमाओं की रक्षा नहीं करते, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी मां-बहनों की मांग का सिंदूर, और हमारी अस्मिता की रक्षा हमारा कर्तव्य है। यह ऑपरेशन एक रणनीतिक पराक्रम के साथ-साथ एक सांस्कृतिक संकल्प भी था कि कोई भी आतंकवादी, कोई भी राष्ट्रविरोधी ताकत, भारत की मस्तक पर सजे सिंदूर को अपवित्र नहीं कर सकती। पर दुख की बात है कि प्रधानमंत्री के उपरोक्त बयान को विपक्ष के कुछ नेताओं ने मज़ाक और व्यंग्य का विषय बना दिया। किसी पवित्र प्रतीक को राजनीतिक हथियार बनाना न केवल नासमझी का परिचायक है, बल्कि यह राष्ट्र और उसकी संस्कृति के प्रति अनादर भी है। राजनीति करना अधिकार है, परंतु शब्दों के मर्म को समझे बिना टिप्पणी करना केवल अशिक्षित मानसिकता को दर्शाता है। राष्ट्र की रक्षा में लगे सैनिकों के त्याग को नकारना, उनके द्वारा सुरक्षित किए गए सिंदूर पर उंगली उठाना यह घोर अनैतिक है। कश्मीर भारत का मस्तक है, और उसी मस्तक पर सिंदूर की भांति सजा हुआ है यह सौंदर्य। भारतीय नारी अपने मस्तक पर सिंदूर सजाती है, तो हमारे सैनिक उसी मस्तक की सीमाओं पर अपने लहू से सिंदूर रचते हैं। हर सैनिक जब वर्दी पहनकर सीमा पर खड़ा होता है, तो वह केवल राष्ट्र की रक्षा नहीं करता वह भारत की सांस्कृतिक अस्मिता, हमारी मांओं की मांग और बहनों के स्वाभिमान की रक्षा करता है। सिंदूर रंग नहीं, संकल्प है। सिंदूर लाल है, क्योंकि वह ऊर्जा का रंग है, मस्तक पर है, क्योंकि वह चेतना का केंद्र है, धर्म में है, क्योंकि वह नारी शक्ति का प्रतीक है, रक्षा में है, क्योंकि वह सैनिक की प्रेरणा है। इसलिए, जब कोई "सिंदूर" की बात करता है, तो वह भारत की आत्मा, उसकी नारी शक्ति, और उसके वीर जवानों के शौर्य की बात करता है। "सिंदूर" मात्र सौंदर्य प्रसाधन नहीं, यह संस्कृति का ताज है। यह भारत माता की मस्तक पर सजे उस ललाट का नाम है, जिसकी रक्षा हेतु न जाने कितने शूरवीरों ने बलिदान दिया है। हमें तय करना होगा कि हम संस्कृति का सम्मान करेंगे या उसे राजनीति की भाषा में अपमानित करेंगे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की **बात**



**डॉ. दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक एवं सहायक आचार्य

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# राम मंदिर के भव्य-दिव्य के साथ और विराट होने की आकांक्षा : स्वामी दिलीप

**एजेंसी। अयोध्या**

रघुवंश संकल्प सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी दिलीप दास त्यागी ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में अयोध्या में चल रहे राम मंदिर निर्माण कार्य की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर भव्य, दिव्य और नवीन है। उनके अनुसार, सनातन धर्म में भारत में ऐसा कोई दूसरा धार्मिक स्थल नहीं है, जिसके प्रति लोगों की इतनी आस्था और लगाव हो। स्वामी दिलीप दास ने बताया कि भगवान रामलला की जन्मभूमि के लिए लोगों ने बलिदान दिया है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या सृष्टि की पहली धरती है, जिसे महाराजा मनु ने बसाया था। भगवान श्री राम के अवतरण से पहले ही अयोध्या का अस्तित्व था और उनके जन्म से यह और गौरवान्वित हो गई।स्वामी दिलीप दास त्यागी ने कहा कि राम मंदिर की भव्यता की कल्पना विराट थी। इसे और भव्य होना चाहिए था। जितना बड़ा मंदिर बन रहा है, उतने बड़े मंदिर भारत में पहले से



मौजूद हैं। उन्होंने उदाहरण दिया कि जैन धर्म के अनुयायियों ने कई भव्य मंदिर बनाए हैं। उन्होंने वृंदावन के प्रेम मंदिर का जिक्र किया, जिसे जगतगुरु कृपालु जी महाराज ने अकेले बनवाया। राम मंदिर के लिए पूरा देश और सनातन धर्मी एकजुट हुए हैं। वे वर्तमान निर्माण से संतुष्ट हैं, लेकिन उनकी आकांक्षा है कि मंदिर और विराट हो।

उन्होंने यह भी कहा कि संतुष्टि जीवन जीने का तरीका है, लेकिन आकांक्षा, उम्मीद और बड़ी सोच भी जरूरी है। लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए दिल खोलकर दान, समर्पण और सहयोग किया। भगवान राम ने ऐसा समय बनाया कि पहले ढाई एकड़ का क्षेत्र अब सैकड़ों एकड़ में फैल गया है।स्वामी दिलीप दास ने अयोध्या के विकास में सभी की भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि अयोध्या के मौजूदा लोकसभा सदस्य को अपनी सांसद निधि और संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल कर अभी से विकास में योगदान देना चाहिए।

## गुजरात के व्यवसायी ने राम मंदिर न्यास को हीरे जड़ित मुकुट और सोने के धनुष दान किये

पवित्र नगरी अयोध्या गुरुवार को एक नई आध्यात्मिक ऊंचाई पर पहुंच गई, जब श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में भव्यता के साथ राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। गुजरात के भक्तों के लिए एक खास बात यह थी कि मूर्तियों को अलंकृत आभूषणों से सजाया गया था, जिसमें 1,000 कैरेट का हीरा, 30 किलो चांदी, 300 ग्राम सोना और 300 कैरेट के माणिक शामिल थे - ये सभी सूरत के व्यवसायी मुकेश पटेल द्वारा दान किए गए थे। इन कीमती रत्नों का उपयोग 11 मुकुट, 3 गदा, हार, तिलक, झुमके और धनुष और बाण का एक सेट बनाने के लिए किया गया था। आभूषणों को सरकारी सहायता से एक चार्टर्ड विमान के माध्यम से अयोध्या ले जाया गया और राम जन्मभूमि ट्रस्ट को सौंप दिया गया। इसके अलावा आपको बता दें कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में 45 किलोग्राम खरा सोने का इस्तेमाल किया गया, जिसकी कीमत करीब 50 करोड़ रुपए है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि मंदिर में कुल 45 किलोग्राम खरा (24 कैरेट) सोने का इस्तेमाल किया गया है।



# वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए बड़ी पहल

### किरेन रिजिजू ने लॉन्च किया 'उम्मीद' पोर्टल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने शुक्रवार को 'उम्मीद' (एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास) पोर्टल लॉन्च किया। यह पोर्टल देश भर की वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया को पारदर्शी और डिजिटल बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। डिजिटल इंडिया पहल के तहत शुरू किए गए इस पोर्टल के माध्यम से अब सभी वक्फ बोर्डों की संपत्तियों का निर्धारित समयसीमा के भीतर पंजीकरण किया जाएगा। यह कदम वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और प्रशासन को सशक्त, प्रभावी और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।



पोर्टल के शुभारंभ के अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, "आज 'उम्मीद' पोर्टल का शुभारंभ एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री मोदी पहले भी कह चुके हैं कि स्वतंत्रता के बाद देश में जो महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं, उनमें वक्फ संशोधन अधिनियम भी एक बड़ा कदम है। यह कोई सामान्य निर्णय नहीं है, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाली एक ऐतिहासिक पहल है।" रिजिजू ने बताया कि देश में 9 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं। आने वाले समय में इन सभी का पंजीकरण इस पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

## विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल से श्रीनगर की राह आसान

# पहलगाम की साजिश रचने वालों को मिला करारा जवाब



**एजेंसी। कटरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चेनाब ब्रिज का उद्घाटन किया और इस अभूतपूर्व परियोजना को संभव बनाने वाले इंजीनियरों और निर्माण श्रमिकों की पीठ थपथपाई। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी 48,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शुभारंभ करने वाले हैं।

हालांकि, परियोजनाओं के शुभारंभ के बीच जिस पल ने सभी का ध्यान खींचा, वह था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दुनिया के सबसे ऊंचे पुल पर राष्ट्रीय ध्वज लहराना। इंजीनियरिंग के इस चमत्कार का उद्घाटन करने के तुरंत बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने चेनाब नदी के ऊपर बने पुल पर सैर की और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर गर्व से तिरंगा लहराया।



- पुल पर तिरंगा लहराना–देशभक्ति और पाकिस्तान को सख्त संदेश
- यह पहलगाम आतंकी हमले (22 अप्रैल) के बाद सरकार की सख्त नीति और आत्मबल का प्रतीकात्मक जवाब था

### कश्मीर को देश से जोड़ने का सपना साकार: उमर अब्दुल्ला

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। सीएम ने कहा कि जो ख्वाब अंग्रेज पूरा नहीं कर पाए थे, वो ख्वाब पीएम मोदी ने पूरा किया है। उन्होंने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए धन्यवाद दिया। जम्मू-कश्मीर में पीएम मोदी के दौरे को लेकर सीएम अब्दुल्ला ने एक कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस रेल परियोजना का ख्वाब कई लोगों ने देखा। यहां तक की कश्मीर को मुल्क के साथ जोड़ने का ख्याब अंग्रेजों ने भी देखा था। लेकिन, वह पूरा नहीं कर पाए। जो ख्वाब अंग्रेजों की ओर से पूरा नहीं हो पाया।



- जो ख्वाब अंग्रेज पूरा नहीं कर पाए वो पूरा हुआ

### पीएम मोदी के सामने बोले उमर अब्दुल्ला

# एलजी साहब का प्रमोशन हुआ और मेरा डिमोशन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कटरा में एक कार्यक्रम में बोलते हुए जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने की अपनी मांग दोहराई, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई कि केंद्र जल्द ही जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देगा, जिसे 2019 में दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किया गया था। उन्होंने कहा कि इसे भाग्य कहें या नियति, लेकिन जब भी रेलवे से जुड़े कार्यक्रम हुए हैं, मुझे जम्मू-कश्मीर में सभी रेलवे परियोजनाओं में प्रधानमंत्री के साथ जुड़ने का सौभाग्य मिला है। सबसे पहले, जब अनंतनाग रेलवे स्टेशन का उद्घाटन हुआ। दूसरा, जब बनिहाल रेलवे सुरंग का उद्घाटन हुआ। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि 2014 में जब कटरा रेलवे स्टेशन का उद्घाटन हुआ था, तब भी यही चार लोग यहां मौजूद थे... जबकि तत्कालीन रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा को जम्मू-कश्मीर के एलजी के पद पर पदोन्नत किया गया, मुझे एक राज्य के सीएम से एक केंद्र शासित प्रदेश के सीएम के रूप में पदावनत किया गया।

- उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा देने की मांग दोहराई
- कहा कि उन्हें विश्वास है कि यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों ही पूरा होगा

# आरसीबी के मार्केटिंग हेड समेत चार गिरफ्तार, न्यायिक आयोग का गठन

**एजेंसी। बेंगलुरू**

- इवेंट कंपनी डीएनए इंस्टीट्यूट के तीन लोग – सुनील मैथ्यू, किरण और सुमंत हिरासत में

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विजय समारोह के दौरान हुई भगदड़ मामले में पुलिस ने आरसीबी से संबंधित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जबकि इवेंट कंपनी के तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। कर्नाटक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी आरोपितों से पूछताछ कर रहे हैं। चिन्नास्वामी भगदड़ मामले में बेंगलुरु की कब्बन पार्क पुलिस ने शुक्रवार को आरसीबी मार्केटिंग विभाग के प्रमुख निखिल सोसले को गिरफ्तार किया है, जबकि इवेंट कंपनी डीएनए इंस्टीट्यूट के सुनील मैथ्यू, किरण और सुमंत को हिरासत में लिया गया है।शेषाद्रिपुर अनुमंडल के एसीपी प्रकाश पुलिस चारों आरोपितों से पूछताछ कर रहे हैं। निखिल को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह मुंबई जाने के लिए एयरपोर्ट जा रहा था। कर्नाटक पुलिस गिरफ्त में लिये गये लोगों से फिलहाल यह जानने की कोशिश कर रही है कि कार्यक्रम के आयोजन में किन-किन नियमों की अनदेखी की गई, किसकी अनुमति से आयोजन हुआ और क्या सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं? इसके पीछे कौन जिम्मेदार है? इससे पहले गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने उपरोक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।

# बेंगलुरु पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के कोरमंगला में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। सुबह करीब 11 बजे भेजे गए एक खतरनाक ईमेल में पासपोर्ट कार्यालय और मुख्यमंत्री के आवास दोनों को निशाना बनाकर आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) से लैस आत्मघाती हमलावरों की चेतावनी दी गई थी। संदेश में दावा किया गया था कि हमले की योजना आज दोपहर 3:15 बजे बनाई गई थी। पासपोर्ट अधिकारियों को संबोधित और पाकिस्तान में इस्लामाबाद पुलिस को भेजी गई ईमेल में दावा किया गया था कि वह खुद को विदुथलाई पुली कहने वाले एक समूह का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें धार्मिक प्रेरणाओं का हवाला दिया गया था और सवुक्कु शंकर और कसाब 'भाई' जैसे लोगों की गिरफ्तारी का हवाला देते हुए कहा गया था।

# 'डबल इंजन सरकार का इंजन केवल धुआं फेंक रहा है'

**राजस्थान ।** राजस्थान में भाजपा सरकार के दो साल पूरे हो चुके हैं। ऐसे में जहां बीजेपी अपनी तारीफों के पुल बांध रही हैं वहीं विपक्ष राज्य सरकार की कमियां गिना रहा है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली राजस्थान सरकार प्रशासन पर अपनी पकड़ खो चुकी है और सत्ता के कई केंद्र इसकी बागडोर अपने हाथ में ले रहे हैं। उन्होंने कहा, "उनके बीच इतना तनाव है कि सरकार अपनी पकड़ खो चुकी है।" उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार पंचायतों और अन्य स्थानीय निकायों के चुनाव कराने के लिए तैयार नहीं है। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने राजस्थान सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल पर कटाक्ष करते हुए शुक्रवार को कहा कि 'डबल इंजन' सरकार का इंजन केवल धुआं फेंक रहा है।




## समाहरणालय, लातेहार
(dso-latehar@jharkhandmail.gov.in)
(आपूर्ति शाखा)

### अग्रिम खाद्यान्न वितरण संबंधी आम सूचना

एतत् द्वारा लातेहार जिला के सभी अन्त्योदय (पीला) एवं पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ (लाल) कार्डधारियों को सूचित किया जाता है कि विभागीय निदेशानुसार माह जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 अर्थात अगले तीन माह का खाद्यान्न (राशन) अग्रिम स्वरूप माह–जून 2025 में वितरण किया जाना है। खाद्यान्न (राशन) वितरण की तिथि एवं माह का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र. सं. | राशन वितरण की तिथि | वितरण किये जाने वाले माह का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 01 जून 2025 से 15 जून 2025 तक | जून 2025 एवं जुलाई 2025 (दोनो माह का) | |
| 2 | 16 जून 2025 से 30 जून 2025 तक | अगस्त 2025 ( एक माह का) | |

सभी संबंधित कार्डधारियों से अनुरोध है कि निर्धारित समयावधि में अपने जन वितरण प्रणाली विक्रेता के दूकान से खाद्यान्न (राशन) प्राप्त कर लिया जाय।

निवेदक:
जिला प्रशासन
(जिला आपूर्ति शाखा)
लातेहार।

PR 354387 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 25-26 (D)


# आज का राशिफल

**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**वृष :** बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी।

**मिथुन :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी।

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार है। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मड्क्षचतन करे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गोरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा।

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी।

# जातिगत जनगणना से जुड़े पुराने आंकड़े फिर सुर्खियों में

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में जाति को लेकर सियासत लगातार तेज होती दिखाई दे रही है। लगातार विपक्षी दल केंद्र से जातिगत जनगणना की मांग कर रही थी। इसी कड़ी में केंद्र ने भी जातिगत जनगणना को लेकर अपनी मंजूरी दे दी। ऐसे में भारत में 1931 के बाद पहली बार जातिगत जनगणना कराई जाएगी। ब्रिटिश शासन के दौरान आखिरी बार 1931 में जातिगत जनगणना कराई गई थी। बताया जा रहा है कि 2027 के आखिर तक देश में जातिगत जनगणना पूरी हो जाएगी। इसे कराने का मकसद हर वर्ग को ध्यान में रखकर जनकल्याणकारी योजना बनाना है। चूंकि सरकार आगामी राष्ट्रीय जनगणना में जाति गणना को शामिल करने की तैयारी कर रही है, इसलिए इससे लगभग एक शताब्दी पहले - 1931 में - की गई अंतिम पूर्ण जाति जनगणना की यादें ताजा हो गई हैं। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान की गई वह ऐतिहासिक प्रक्रिया, आज भी देश के सामाजिक-राजनीतिक ताने-बाने पर अपनी गहरी छाया डालती है। रिपोर्टों के अनुसार, 1901 में इसी तरह के प्रयास के बाद 1931 की जनगणना जातियों की गणना करने वाली दूसरी जनगणना थी। इसने उस समय भारतीय समाज की संरचना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्षों में से एक यह अनुमान था कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) भारत की तत्कालीन 271 मिलियन (27 करोड़) आबादी का 52% हिस्सा बनाते हैं।



- 1931 में हुई जाति जनगणना का क्या है महत्व, कौन सी जाति सबसे ज्यादा पढ़ी-लिखी थी


## झारखण्ड सरकार
उपायुक्त– सह –दण्डाधिकारी का कार्यालय,लातेहार
e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

(खनन शाखा)

### लातेहार जिलान्तर्गत मॉनसून सत्र 2025–26 में Category – I एवं Category – II के सभी बालू घाटों से वर्षा ऋतुमेंअर्थात दिनांक 10.06.2025 से 15.10.2025 तक बालू का उठाव पर पूर्णतया रोक से संबंधित आम–सूचना का प्रकाशन

आम–सूचना।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित Sustainable Sand Mining Management Guidelines, 2016 एवं 2020 के अनुबंध तालिका–09 पर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, नागपुर के पत्रांक RMC/CS-312/नागपुर, दिनांक 18.01.2016 के अनुसार झारखण्ड राज्य के लिए मॉनसून सत्र की अवधि 10 जून से 15 अक्टूबर तक निर्धारित है तथा उक्त अवधि में नदियों (बालू घाटों) से बालू का उत्खनन/उठाव पर पूर्णतया रोक है।

2. SEIAA के Guidelines एवं माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, नई दिल्ली द्वारा पारितन्याया देश दिनांक 17.08.2016 के द्वारा आदेशित है कि "During Monson Period mining Should not be permitted in rivers/Streams particularly"

उपरोक्त के आलोक में निदेश दिया जाता है कि लातेहार जिलान्तर्गत मॉनसून सत्र 2025–26 में Category – I एवं Category – II के सभी बालू घाटों से बालू का उठाव वर्षा ऋतुमें अर्थात दिनांक 10.06.2025 से 15.10.2025 तक नहीं किया जाएगा। अन्यथा उक्त अवधि में जो भी Category – I एवं Category – II के बालू घाटों (नदियों) से इस आदेशक के विपरित बालू का उठाव करते हुए पाये जाएंगे तो उक्त अवधि में बालू का उठाव को अवैध मानते हुए JMMC Rule – 2004 यथा संशोधित, 2017 तथा MDDR Act, 1957 की धारा 21 (5) के तहत कार्रवाई की जायेगी।

विश्वासभाजन
उपायुक्त,लातेहार

PR 354388 (Mines and Geology)25-26*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार
E-Mail Id :- rwdlatehar@gmail.com,

### –:कोटेशन आमंत्रण सूचना:–

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWEA) अन्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित योजनाओं में वन भूमि से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु परामर्शी नियुक्त करने हेतु निम्न शर्तों के अधीन कोटेशन आमंत्रित किया जा रहा है।

| Sl. No. | Description of Item | Work Time Period |
|---|---|---|
| 1. | Construction and Maintenance of road from Latehar to Banari Via Gotag Package No.:- JH14LWE001, Length:- 13.43 Km, Block:- Garu District:- Latehar (Jharkhand) | 30 Working Days |
| 2. | Construction and Maintenance of road from Labhar Picket to Tongari Road Package No.:- JH14-LWE-LAT-01, Length:- 4.00 Km, Block:- Barwadih District:- Latehar (Jharkhand) | 30 Working Days |
| 3. | Construction and Maintenance of road from Labhar Picket to Nawadih Road Package No.:- JH14-LWE-LAT-02, Length:- 2.10 Km, Block:- Barwadih District:- Latehar (Jharkhand) | 30 Working Days |
| 4. | Construction of HL RCC Bridge over Kurli River in between Garu to Heswa road Package No. :- JH14BR-LWE-LAT-03, Length :- 125.64 mtr, Block :- Garu District :- Latehar (Jharkhand) | 30 Working Days |
| 5. | Construction and Maintenance of road from Garu to Heswa Road Package No.:- JH14LWE-LAT-03, Length:- 1.00 Km, Block:- Garu District:- Latehar (Jharkhand) | 30 Working Days |

नियम एवं शर्तें :–

1. कोटेशन दाता झारखण्ड राज्य का होना चाहिए।
2. कोटेशन दाता को पेन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना होगा।
3. कोटेशन दाता को झारखण्ड राज्य में GST निबंधित होना अनिवार्य होगा। इस हेतु GST निबंधन प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा, साथ ही आयकर अधिनियम के अन्तर्गत निबंधित होना भी अनिवार्य होगा। GST एवं आयकर का अद्यतन रिर्टन दाखिल किया हुआ होना चाहिए।
4. कोटेशन दाता को संबंधित कार्य का 3 वर्श का कार्यानुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
5. कोटेशन दाता को स्वच्छ आचरण धारी होना चाहिए। इस हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अद्यतन आचरण–प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा।
6. कोटेशन दाता के पास संबंधित कार्य हेतु पर्याप्त Man Power होना चाहिए, जिससे संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।
7. कोटेशन दर सभी कर सहित होना चाहिए।
8. सफल कोटेशन दाता को अनुमोदित कोटेशन राशि का 5 प्रतिशत अग्रधन की राशि FD के रूप में जमा करना होगा।
9. सफल कोटेशन दाता का भुगतान नियमानुसार सभी करों की कटौती कर की जायेगी।
10. कोटेशन आमंत्रण सूचना के शर्तों में परिवर्त्तन किया जा सकता है।
11. आमंत्रित कोटेशन को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

उक्त आलोक में इच्छुक परामर्शी दिनांक 10.06.2025 से 20.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक बन्द लिफाफा के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन जमा कर सकते है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,
लातेहार।

PR.NO.354442 REO(25-26):D

# सर्वोच्च न्यायालय ने विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या पर नेशनल टास्क फोर्स बनाई

## एनसीआरबी के 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार, 13,000 से ज्यादा छात्रों ने आत्महत्या की

- नेशनल टास्क फोर्स के अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एस रविंद्र भट हैं
- छात्रों से जुड़े आंकड़े अक्सर कम बताए जाते हैं या गलत तरीके से रिपोर्ट किए जाते हैं
- बीते 10 सालों में आत्महत्या के मामले चार गुना बढ़ गए

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य की समस्या को रोकने के लिए एक नेशनल टास्क फोर्स बनाई है। यह नेशनल टास्क फोर्स इस समस्या की जड़ तक जाने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाएगी। नेशनल टास्क फोर्स एक्सपर्ट्स की मदद से प्रश्नावली तैयार करेगी। ये प्रश्नावली स्कूलों, कोचिंग सेंटर्स, छात्रों, पेरेंट्स, पुलिस और हेल्थ वर्कर्स को भेजे जाएंगे। इसका मकसद छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, आत्महत्या के कारणों व संस्थानों में मौजूद सुविधाओं के बारे में गहराई से जानकारी जुटाना है। इससे भविष्य में इस समस्या को दूर करने के लिए बेहतर योजनाएं बनाई जा सकेंगी। छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को समझने के लिए एनटीएफ काउंसलर्स व साइकोलॉजिस्ट्स के साथ मिलकर काम करेगी। इससे छात्रों की प्रोफाइल, आत्महत्या के कारणों और उनसे संपर्क करने के तरीकों का पता लगाया जा सकेगा। एनटीएफ ने यह भी कहा है कि संस्थानों में काउंसलिंग की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए और फुल-टाइम काउंसलर्स होने चाहिए।

- **एनटीएफ को एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करने का काम सौंपा गया है**
- **छात्रों की आत्महत्या के प्रमुख कारणों की पहचान**
- **मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य का विश्लेषण**
- **एनटीएफ को शैक्षणिक संस्थानों का औचक निरीक्षण करने का अधिकार रहेगा**

**छात्रों के लिए सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सिफारिशें :** *नेशनल टास्क फोर्स के अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एस रविंद्र भट हैं। नेशनल टास्क फोर्स जल्द ही सभी राज्यों में विस्तृत प्रश्नावली भेजेगी। इससे छात्रों की समस्या को 360 डिग्री के नजरिए से समझा जा सकेगा।*

### हर ग्रुप के लिए अलग-अलग प्रश्नावली बनाए जा रहे



हर ग्रुप के लिए अलग-अलग प्रश्नावली बनाए जा रहे हैं। इससे जो जानकारी मिलेगी, उसे लिंग, जाति, विकलांगता और सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आधार पर बेहतर तरीके से समझा जा सकेगा। शिक्षा मंत्रालय जल्द ही सभी राज्यों के स्कूलों, कॉलेजों और यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन, एआईसीटीई, सीबीएसई व केंद्रीय विद्यालयों जैसे संस्थानों को प्रश्नावली भेजेगा। इससे ज्यादा से ज्यादा जानकारी मिल सकेगी।सबसे पहले दिल्ली और बेंगलुरु के कुछ संस्थानों में एक पायलट स्टडी की जा सकती है। नेशनल टास्क फोर्स सभी लोगों से मिलने के लिए मौके पर भी जाएगी, खासकर उन जगहों पर जहां आत्महत्या की दर ज्यादा है।

### नेशनल टास्क फोर्स ने इस काम के लिए चार मुख्य समूहों को चुना है

1. छात्र, पैरेंट्स और वे लोग जो आत्महत्या करने से बच गए।
2. स्कूलों और कोचिंग सेंटर्स के शिक्षक।
3. हेल्थ प्रोफेशनल।
4. पुलिस।

### टास्क फोर्स कारणों की तह तक जाएगी

एक चिंता यह भी है कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो आत्महत्या से जुड़े आंकड़े तो जुटाता है, लेकिन छात्रों से जुड़े आंकड़े अक्सर कम बताए जाते हैं या गलत तरीके से रिपोर्ट किए जाते हैं। नेशनल टास्क फोर्स इस बात का पता लगाएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि संस्थानों में ज्यादा पारदर्शिता हो।टास्क फोर्स की पहली मीटिंग 25 मार्च को हुई थी। इसके बाद से कई मीटिंग्स हो चुकी हैं और 3-4 वर्किंग ग्रुप बनाए गए हैं। रिसर्च ग्रुप पुरानी रिपोर्ट्स और रिसर्च को इकट्ठा करेगा और उनका विश्लेषण करेगा। इसके अलावा, यह ग्रुप मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े नियमों को भी देखेगा। फील्ड विजिट्स ग्रुप अलग-अलग लोगों से बातचीत करेगा। डेटा कलेक्शन ग्रुप प्रश्नावली से मिली जानकारी को इकट्ठा करेगा।टास्क फोर्स में शिक्षा मंत्रालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और कानूनी मामलों के विभाग के सचिव शामिल हैं। इसके अलावा, इसमें जाने-माने मनोचिकित्सक, क्लीनिकल साइकोलॉजी के एक्सपर्ट्स और सिविल सोसाइटी संगठनों के प्रतिनिधि भी हैं।छात्रों की आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं। 2025 में कोचिंग हब कोटा में एक दर्जन से ज्यादा आत्महत्याएं हुई हैं। इसके अलावा, ओडिशा के केआईआईटी में भी कई मामले सामने आए हैं। आत्महत्या के कारण परीक्षा में फेल होने का डर, रिलेशनशिप की समस्याएं और सामाजिक-आर्थिक मुद्दे हैं। एनटीएफ आईआईटी दिल्ली के दो छात्रों के आत्महत्या के मामले को भी देख रही है। यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।बीते दस सालों में आत्महत्या के मामले चार गुना बढ़ गए हैं। एनसीआरबी के 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार, 13,000 से ज्यादा छात्रों ने आत्महत्या की। आत्महत्या करने वालों में लगभग 7.6% छात्र थे। यह संख्या पिछले 8-10 सालों में लगातार बढ़ रही है।यह ट्रेंड सभी राज्यों में देखने को मिल रहा है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, छात्रों द्वारा की गई कुल आत्महत्याओं में से 13.5% महाराष्ट्र में (13,044 में से 1,764 आत्महत्याएं), 10.9% तमिलनाडु में (1,416), 10.3% मध्य प्रदेश में (1,340) और 8.1% उत्तर प्रदेश में (1,060) दर्ज की गईं।सुप्रीम कोर्ट की बनाई गई नेशनल टास्क फोर्स अब इस समस्या को कम करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। नेशनल टास्क फोर्स का लक्ष्य है कि छात्रों को बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सहायता मिले और आत्महत्या के मामलों को कम किया जा सके। इसके लिए सभी संबंधित लोगों से बात की जाएगी और उनकी राय ली जाएगी।

# दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब ब्रिज का हुआ उद्घाटन

**"मैं 8वीं में पढ़ता था जब इस परियोजना की नींव रखी गई थी, अब मैं 55 साल का हूं और आखिरकार इसका उद्घाटन हो गया है"**

ब्यूरो



"यह तभी संभव हो सका जब अटल बिहारी वाजपेयी ने इसे 'राष्ट्रीय महत्व की परियोजना' का दर्जा दिया और इसका बजट बढ़ाया" : उमर अब्दुल्ला

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर पहुंचे और वहां उन्होंने दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया, श्री माता वैष्णो देवी कटरा व श्रीनगर के बीच चलने वाली दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। अंजी नदी पर भारत के पहले केबल-स्टेड रेलवे पुल अंजी पुल का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर कटरा में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जो कहा उससे पीएम व एलजी हंसते हुए कटाक्ष महसूस करते रहे।। उमर अब्दुल्ला ने कहा, "आप जब पहली बार पीएम बने थे, आपने यहां माता की कृपा से कटरा रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया था, उसके बाद लगातार तीन बार इलेक्शन जीत कर आप पीएम बने रहे। आपके साथ उस समय हमारे एलजी मनोज सिन्हा साहब रेल राज्य मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। मनोज सिन्हा साहब का यदि देखें तो माता की कृपा से प्रमोशन हुआ, मेरी अगर आप मानें तो थोड़ा सा डिमोशन हुआ मैं रियासत का सीएम था, अब यूटी का सीएम हूं मैं मानकर चल रहा हूं कि इसको दुरुस्त होने में अब ज्यादा देर नहीं लगेगी और आपके हाथों ही जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य का दर्जा मिलेगा।"

मालूम हो कि मोदी सरकार ने अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म कर दिया था। उमर अब्दुल्ला लगातार जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग करते रहे हैं। उमर अब्दुल्ला ने कहा, "पीएम साहब, इस रेल के ख्वाब बहुत लोगों ने देखे अंग्रेजों ने भी ये सपना देखा था लेकिन वो पूरा कर नहीं पाए, उनका सपना था कि वो झेलम के किनारे रेल लाकर पूरे देश से कश्मीर को जोड़ें लेकिन जो अंग्रेज नहीं कर पाए, वो आपके हाथों पूरा हुआ और कश्मीर की वादी को बाकी मुल्क के साथ जोड़ दिया।"पीएम मोदी ने कटरा में 46,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा लागत की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया।सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा, "इस अवसर पर, यदि मैं पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी का जिक्र न करूं और उनका शुक्रिया अदा न करूं तो यह एक गलती होगी, मैं 8वीं में पढ़ता था जब इस परियोजना की नींव रखी गई थी। अब मैं 55 साल का हूं और आखिरकार इसका उद्घाटन हो गया है। यह तभी संभव हो सका जब अटल बिहारी वाजपेयी ने इसे 'राष्ट्रीय महत्व की परियोजना' का दर्जा दिया और इसका बजट बढ़ाया। इससे जम्मू-कश्मीर के लोगों को हर तरह से बहुत फायदा होगा।"सीएम ने कहा, "ऐसी ही कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं, चाहे वह जम्मू रिंग रोड हो, श्रीनगर रिंग रोड हो, दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस वे हो, जम्मू-श्रीनगर फोर लेन हाईवे हो, जम्मू और श्रीनगर हवाई अड्डों का विस्तार हो, और रेलवे नेटवर्क का विस्तार हो। हम विकसित भारत के लिए विकसित जम्मू और कश्मीर के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मैं जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों की ओर से प्रधानमंत्री जी को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं।

## इजराइली सेना कर सकती है ग्रेटा थनबर्ग को गिरफ्तार

**तेल अवीव ।** स्वीडिश पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग जहाज से गाजा की यात्रा पर निकली हैं। वे अपने साथ गाजा के लोगों के लिए दवा, अनाज, बच्चों के लिए दूध, डाइपर और वाटर प्यूरीफायर ले जा रही हैं। इसमें उनके साथ 11 और लोग हैं जो 'मैडलीन' नाम के एक जहाज पर सवार हैं। थनबर्ग अपनी टीम के साथ इटली के सिसली द्वीप से 1 जून को रवाना हुई थी। अगर कोई रुकावट नहीं हुई तो 2000 किमी की दूरी तय कर मैडलीन जहाज 7 जून यानी कि ईद के दिन गाजा पहुंच जाएगा। इस यात्रा का मकसद सिर्फ मदद पहुंचाना ही नहीं, बल्कि इजराइल द्वारा गाजा पर लगाए गए प्रतिबंधों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध जताना भी है। इस बीच इजराइल ने ग्रेटा थनबर्ग की इस यात्रा को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। इजराइली सेना ने कहा कि वे जरूरत पड़ने पर जरूरी कदम उठाएंगे।

**रूस का यूक्रेन पर बड़ा जवाबी हमला**

## 400 ड्रोन और 40 मिसाइलें दागीं हमले में 4 की मौत, 50 घायल

**मॉक्को । एजेंसी**




रूस ने बीती रात यूक्रेन की राजधानी कीव और प्रमुख शहरों पर 400 से ज्यादा ड्रोन और 40 से ज्यादा मिसाइलें दागीं। यह हमला रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बातचीत के एक दिन बाद हुआ। इन हमलों में यूक्रेन के 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 50 से ज्यादा से घायल हैं। रूस के हमले के बीच सभी यूक्रेनी क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी कर दी गई है। यूक्रेन की एयरफोर्स ने कहा कि रूस के Tu-95MS बाम्बर एयरक्राफ्ट ने क्रूज मिसाइलें दागीं है। यूक्रेन के कीव, टर्नोपिल, खमेलनित्सकी, ल्विव और लुत्स्क से विस्फोटों की खबरें सामने आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 4 जून को रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ यूक्रेन और ईरान के मुद्दे पर करीब 75 मिनट बात की थी। ट्रम्प ने बताया था कि पुतिन ने कहा कि वो यूक्रेन की तरफ से हाल ही में रूस के अंदर किए गए ड्रोन अटैक का बदला लेंगे। यूक्रेन ने 1 जून को रूस के एयरबेस पर ड्रोन हमला किया था।

# अमेरिका से ट्रंप टैलेंट भगा रहे, कनाडा फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन बुला रहे

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन विदेशी स्टूडेंट्स के अमेरिका में प्रवेश को 6 महीने के लिए स्थगित कर दिया है, जो हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ना चाहते हैं या एक्सचेंज प्रोग्राम में भागीदारी करना चाहते हैं। यही नहीं, ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड के साथ किए गए 10 करोड़ डॉलर के संघीय करार को रद्द करने की तैयारी भी शुरू कर दी है। 14 अप्रैल को उसने हार्वर्ड को दी जाने वाली 220 करोड़ डॉलर की रकम रोकने का फैसला किया था। आरोप है कि वहां कट्टरपंथी और यहूदी विरोधी माहौल है। ट्रंप प्रशासन इस मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ रहा है।बात केवल हार्वर्ड की नहीं है। नासा, नेशनल साइंस फाउंडेशन और कई अन्य संस्थाओं के बजट में भी 40 से 55 % कटौती प्रस्तावित है। इसके बाद कई विश्वविद्यालयों ने नई भर्तियां बंद कर दी हैं। कुछ संस्थानों ने रिसर्च स्कॉलर के दाखिले तक रोक दिए हैं। तो क्या अमेरिका साइंस और साइंटिफिक रिसर्च का अगुआ नहीं रहेगा? ध्यान रहे, इंटरनेट, मोबाइल फोन, कैंसर और दिल की बीमारियों के इलाज जैसी ऐतिहासिक खोज अमेरिका में ही हुई है।ट्रंप के इन फैसलों से कनाडा, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया की बन आई है। कनाडा ने 'कनाडा लीड्स' नाम से भर्ती अभियान शुरू किया है, जिसमें अमेरिका से युवा बायोमेडिकल वैज्ञानिकों को बुलाना है। फ्रांस की एक्स मार्से यूनिवर्सिटी ने 'सेफ प्लेस फॉर साइंस' प्रोग्राम चलाया है। उसे अब तक 300 आवेदन मिले हैं, जिनमें 139 अमेरिका से हैं। जर्मनी की मैक्स प्लांक सोसाइटी के 'लीजे माइटनर प्रोग्राम' को इस साल अमेरिका से तीन गुना ज्यादा आवेदन मिले। ऑस्ट्रेलिया ने भी 'ग्लोबल टैलेंट अट्रैक्शन प्रोग्राम' का ऐलान किया है, जिसमें आकर्षक वेतन और स्थानांतरण पैकेज दिए जा रहे हैं। ब्रिटेन की एक ग्लोबल रिक्रूटमेंट फर्म के अनुसार, अमेरिका से आने वाले 'कोल्ड कॉल' यानी खुद से नौकरी की पूछताछ में 25 से 35 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन अचरज है भारतीय अकादमिक और बौद्धिक वर्ग की इस पर प्रतिक्रिया नहीं आई है और वैज्ञानिक समुदाय कैसा महसूस कर रहा है, यह भी नहीं पता चला है। लेकिन अमेरिकी रिसर्च नेटवर्क टूटा तो उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। भारत के वैज्ञानिक संस्थान कई वर्षों से निष्क्रिय से दिख रहे हैं। कोविड की जो वैक्सीन आनन-फानन में बनी, उस पर अभी तक संशय बरकरार है। रक्षा और अंतरिक्ष विज्ञान के अनुसंधान को छोड़ ऐसी कोई बड़ी भारतीय वैज्ञानिक खोज, जिसने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया हो, पिछले काफी समय से उसका इंतजार है। देश में सरकारी और निजी यूनिवर्सिटियों के बीच 'टैलंट वॉर' भी छिड़ी हुई है, जिसमें निजी संस्थानों की साख में होते इजाफे ने टैलंट बाजार का रुख मोड़ रखा है। लेकिन अभी निजी विश्वविद्यालयों की उम्र इतनी नहीं हुई है कि इनका पैदा किया टैलंट सामने आए। अभी भी सरकार के पैसे से चलने वाले संस्थान इसमें अव्वल हैं। ट्रंप पिछले कार्यकाल में मेक्सिकन वॉल को लेकर बेहद मुखर थे। तब किसी को अंदाजा नहीं था कि यदि ये दोबारा आ गए तो टैलेंट को भी रोकने की दीवार बना देंगे। हार्वर्ड किसी भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी का ख्वाब रहा है। पहुंच से दूर, ऐसे सपने देखने का भी साहस सभी को नहीं होता। लेकिन ऐसा ख्वाब टूट जाए, इसे वह भी मुश्किल से ही बर्दाश्त कर पाएगा जो हार्वर्ड जाने का ख्वाब देखने से भी डरता है।और अब तो ट्रंप गैर अमेरिकी देशों के प्रतिभाशालियों के बड़े सपनों के यमराज ही बन गये हैं।




# आईस्पेस का रेजिलिएंस लैंडर चांद पर क्रैश, लगातार दूसरी नाकामी

**टोक्यिो ।** जापान की निजी स्पेस कंपनी आईस्पेस का चंद्रयान Resilience (रेजिलिएंस) शुक्रवार को चांद की सतह पर उतरने से चंद सेकंड पहले क्रैश हो गया। लैंडिंग से करीब दो मिनट पहले लैंडर का संपर्क टूट गया और मिशन फेल घोषित कर दिया गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि लैंडर की ऊंचाई मापने वाली लेजर प्रणाली ठीक से काम नहीं कर पाई और लैंडर बहुत तेजी से नीचे आ गया, जिससे वह चांद पर जोर से टकरा गया। यह ispace की चांद पर दूसरी कोशिश थी। इससे पहले साल 2022-23 में कंपनी का पहला लूनर मिशन भी क्रैश हो गया था। रेजिलिएंस नाम का यह लैंडर 2.3 मीटर लंबा था और इसे इस साल जनवरी में फ्लोरिडा (अमेरिका) से लॉन्च किया गया था। पिछले महीने यह चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा था।

## बांग्लादेश में अप्रैल 2026 में होंगे चुनाव

**ढाका ।** बांग्लादेश में अप्रैल 2026 में आम चुनाव होंगे। अंतरिम सरकार में चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने शुक्रवार शाम इसका ऐलान किया।यूनुस ने बताया कि अगले साल तक चुनाव के लिए जरूरी सभी रिफॉर्म पूरे कर लिए जाएंगे। पिछले साल अगस्त में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का चीफ एडवाइजर बनाया गया था। बांग्लादेश के आर्मी चीफ जनरल वकार-उज-जमा 22 मई को सैन्य मुख्यालय में एक अधिकारियों को संबोधित किया था। इस दौरान सेना और अंतरिम सरकार के बीच टकराव खुलकर सामने आया था।



**कहानी फिल्म जगत की**

मुजम्मिल इब्राहिम ने खुलासा किया है कि वह बॉलीवुड सुपरस्टार दीपिका पादुकोण के साथ दो साल तक रिलेशनशिप में थे। यह तब था जब वह मुंबई आई थीं और मॉडलिंग करियर की शुरुआत कर रही थीं। सिद्धार्थ कन्नन के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में, मुजम्मिल ने अपने साथ बिताए समय के बारे में अंतरंग विवरण साझा किए, अपनी साधारण शुरुआत और यादगार डेट्स को याद किया। दीपिका पादुकोण का पहला रिलेशनशिप मॉडल से एक्टर बने मुजम्मिल इब्राहिम के साथ था। हाल ही में एक इंटरव्यू में मुजम्मिल ने इस रिलेशनशिप के बारे में कई बातें शेयर कीं। सिद्धार्थ कन्नन से बात करते हुए उन्होंने कहा कि दीपिका उनसे मॉडलिंग के दिनों में मिली थीं। जब वे दोनों टॉमी हिलफिगर के लिए साथ में रैंप वॉक कर रहे थे।

# दीपिका ने इब्राहिम को किया था 2 साल तक डेट

### ब्रेकअप कैसे हुआ?

उन्होंने आगे कहा, 'दीपिका बहुत अच्छी लड़की हैं। हम अच्छे दोस्त थे और अब भी हैं। उस समय वह एक मॉडल थी और मैं फिल्मों में आ चुका था।' जब उनसे ब्रेकअप की वजह पूछी गई तो मुजम्मिल ने बताया कि उन्होंने रिश्ता खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा, 'यह मेरा पहला गंभीर रिश्ता था। मैंने दीपिका को छोड़ दिया, लेकिन मुझे इसका कोई अफसोस नहीं है।



मुजम्मिल इब्राहिम

# राज्य में सड़कों के नाम पर घोटाले की परतें बिछाई जा रही है : मरांडी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए राज्य में सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हैं कि सड़कों के नाम पर घोटाले की परतें बिछाई जा रही हैं। कहा कि पथ निर्माण विभाग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं संभाल रहे हैं, तो यह विभाग भ्रष्टाचार में कैसे पीछे रह सकता है? वैसे यहाँ पथ निर्माण विभाग में ठेकेदारों के चयन से लेकर टेंडर लेने-देने का काम कैसे होता, यह सर्वविदित है। कहा कि अगर टेंडर नए न्यूनतम दर में भी एलाट होता है तो बाद में ज़्यादा काम दिखाकर पेमेंट बढ़ा देने एवं इसके लिये मनमाना वसूली का खेल किसी से छिपा नहीं है। कहा कि लगता है हेमंत सोरेन ने ठान लिया है कि जब तक गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स वाले आकर सबसे ज़्यादा घोटाले करने का रिकॉर्ड उनके नाम नहीं कर देते, वे रुकने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिले के पेशरार गांव में जिस 'सड़क' का निर्माण हो रहा है, वहां सड़क की गिट्टी, डामर या ग्रैन्युलर सब-बेस का नामोनिशान नहीं है। सीधे मिट्टी डाली जा रही है, और ऊपर से खानापूर्ति के लिए थोड़ा बहुत मसाला छिड़ककर सबकी आंखों में धूल झोंकी जा रही है। सड़क निर्माण में जीएसबी वह नींव होती है, जिस पर पूरी सड़क की ताक़त टिकी होती है, पर यहाँ तो नींव ही गायब है!

कहा कि जिस सरकार की नींव ही घोटालों और भ्रष्टाचार पर टिकी हो, वहाँ ये छोटी-मोटी सड़कें तो बारिश में बहने के लिए ही बनती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से दोषी लोगों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। हाँ, ध्यान रहे कि कहीं आपकी "चोर मंडली"उल्टे इस भ्रष्टाचार का वीडियो बनाने वाले पर ही झूठा मुक़दमा करवा कर उसे ही परेशान करने न लग जाय... जैसा आजकल आपके राज में हो रहा है।

## सिरमटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन आदिवासियों के साथ धोखा : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 5 जून को गुपचुप तरीके से सिरमटोली फ्लाइओवर का लोकार्पण किया, जिससे आदिवासी समाज ठगा हुआ महसूस कर रहा है। कहा कि यह लोकार्पण पर्यावरण दिवस के दिन किया गया, लेकिन विडंबना यह रही कि प्रकृति और पर्यावरण के उपासक आदिवासी समाज की भावनाओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। कहा कि सिरमटोली फ्लाइओवर,राजधानी रांची के यातायात को जरूर सुगम बनाएगा, लेकिन इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से ही पास स्थित पवित्र सरना स्थल के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा था। कहा कि आदिवासी समाज की धार्मिक आस्थाओं की अनदेखी कर, बिना कोई वैकल्पिक समाधान निकाले इस फ्लाइओवर का उद्घाटन करना आदिवासियों के साथ धोखा है। कहा कि विकास जरूरी है, लेकिन विकास की दौड़ में आदिवासी समाज की अस्मिता, आस्था और परंपराओं का सम्मान भी उतना ही जरूरी है।

## पांच परगना फुटबॉल लीग का महामुकावला आज

**रांची।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले संचालित तमाड़ का बहूचर्चित दो माह तक चलने वाला एकमात्र फुटबॉल लीग का फाइनल महामुकावला राज स्पोर्ट्स बुंडू और एफ सी आर्राडीह के बीच शनिवार को अपराह्न 2 बजे जी इ एल चर्च आमलेशा मैदान पर होग़ा। दोनों ही टीम काफ़ी मजबूत माना जा रहा है। दोनों टीम मे स्टार खिलाड़ी है जिसके बदलत फाइनल मे जीत का दावा दोनों ही टीम कर रहें है। फुटबॉल का फाइनल मुकावला से पहले सुबह 9 बजे से चार क्रिकेट टीमों के बीच मैत्री मैच खेला जायेगा। कार्यक्रम मे मुख्यातिथि के रूप मे तमाड़ बिधायक विकास कुमार मुंडा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी विमल बिरुवा और अर्चरी रियो ओलम्पिक मे रजत एवं अर्चरी ओल्ड कप मे गोल्ड मेडलिस्ट लक्ष्मी रानी मांझी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश चंद्र मुंडा और सचिव निशांत भेंगरा ने संयुक्त रूप से दी।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पहुंचे हैदराबाद के भाजपा कार्यालय, हुआ स्वागत

- आयुध निर्माणी मेडक का किया दौरा
- मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग का दौरा किया



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शुक्रवार को हैदराबाद में भाजपा तेलंगाना मुख्यालय पहुंचे। जहां एक पेड़ मां के नाम के तहत वहां पौधरोपण किया। इस दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। स्थानीय पत्रकारों से संवाद किया। भाजपा मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। श्री सेठ ने कहा कार्यकर्ताओं के आत्मीय स्नेह और और सम्मान से अभीभूत हूं । इस अवसर कर भाजपा की सासंद और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीके अरुणा, तेलंगाना के महासचिव कसम वेंकटेश, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राठौड़ और भाजपा प्रवक्ता दिलीप आचार्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हैदराबाद स्थित आयुध निर्माणी मेडक का दौरा किया। यहां पहुंचने पर संजय द्विवेदी, सीएमडी/एवीएनएल और सत्यव्रत मुखर्जी, निदेशक (संचालन) ने रक्षा राज्य मंत्री का स्वागत किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने उत्पादन सुविधाओं का निरीक्षण किया, उत्पादन कार्यक्रमों की समीक्षा की और इकाई की तैयारियों की सराहना की। सांसद, मेडक श्री रघुनंदन राव के साथ उन्होंने टैंक की सवारी की। इसके अलावा हैदराबाद स्थित मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग का दौरा किया। उन्हें कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल नीरज वार्ष्णेय, वीएसएम ने संस्थान में प्रशिक्षण गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सैनिकों से बातचीत की और नई प्रयोगशालाओं का दौरा किया। उन्होंने नई परियोजनाओं को देखा और ईएमई तकनीशियनों के काम और एमएसएम और स्टार्टअप के साथ-साथ रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में एमसीईएमई की पहल की सराहना की। उन्होंने एमसीईएमई के परिसर में एक पौधा भी लगाया।

# देवघर एम्स के निदेशक सीएम हेमंत सोरेन से मिले



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में एम्स, देवघर के निदेशक डॉ सौरभ वार्ष्णेय एवं उपनिदेशक (प्रशासन) अभिक दास ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने एम्स देवघर में 11 जून को आयोजित होने वाले पहले दीक्षांत समारोह के लए मुख्यमंत्री को आमन्त्रण पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को एम्स देवघर में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं और सेवाओं से अवगत कराया। इसके साथ उन्होंने एम्स, देवघर के विस्तार से जुड़ी कार्य योजना की भी जानकारी मुख्यमंत्री को दी।

# जैक अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को जैक के द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटर परीक्षा-2025 के परिणाम से जुड़ी जानकारी से अवगत कराया।

## पृष्ठ एक के शेष

**कृषि ही मात्र एक ऐसा सेक्टर है...**

फैक्टरियों की वजह से पर्यावरण को कितना नुकसान पहुंच रहा है, इससे हम सभी वाकिफ हैं। लेकिन, कृषि ही एक ऐसा सेक्टर है , जिससे सिर्फ फायदे ही फायदे हैं । खेतों में उपजने वाले अनाजों से पर्यावरण को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज अगर कुपोषण की समस्या बच्चों में तेजी से बढ़ रही है तो इसके पीछे कहीं ना कहीं पौष्टिक भोजन का अभाव और रसायनयुक्त तथा नकली सामानों का इस्तेमाल बढ़ना बहुत बड़ा कारण है । अगर आज हमारे घर में गाय और अन्य पशु संसाधन हो तो हमें शुद्ध और पौष्टिक भोजन मिलेगा, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा है। इस अवसर पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक सुरेश बैठा, सचिव अबू बकर सिद्दीक, निदेशक पशुपालन किरण पासी, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष डॉ मीनेश शाह और झारखंड मिल्क फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर जयदेव विश्वास विशेष रूप से मौजूद थे।

**महिला जज की चाइल्ड...**

इसीलिए सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख किया गया। वकील ने कहा, वह समाज के सबसे निचले तबके से आने वाली एक एकल अभिभावक (सिंगल पैरेंट) हैं। उन्होंने यह भी बताया कि न्यायिक सेवा में उनका रिकॉर्ड प्रभावशाली रहा है और ढाई साल में उन्होंने 4,000 से ज्यादा मामलों का निपटारा किया है। याचिका में कहा गया है कि चाइल्ड केयर लीव के लिए नियम के अनुसार, न्यायिक अधिकारी को पूरी सेवा अवधि में कुल 730 दिनों की छुट्टी का अधिकार है। लेकिन उन्होंने केवल छह महीने की छुट्टी ही मांगी थी।

**पाकिस्तान कभी भी 'ऑपरेशन सिंदूर' का...**

ये आतंकवाद के चलते बड़ी चुनौती बन गया था। आतंकवाद के चलते जम्मू-कश्मीर की जनता ने इतनी बर्बादी देखी थी कि यहां के लोगों ने सपने देखना ही छोड़ दिया था। आतंकवाद को ही अपना भाग्य मान लिया था। जम्मू-कश्मीर को इस स्थिति से निकालना जरूरी था और हमने ये करके दिखाया है। आज जम्मू-कश्मीर का नौजवान नए सपने भी देख रहा है और उन्हें पूरा भी कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि 3 जुलाई से अमरनाथ यात्रा भी शुरू होने वाली है, ईद की उमंग भी हम चारों तरफ देख रहे हैं। विकास का जो वातावरण जम्मू-कश्मीर में बना था, वो पहलगाम के हमले से हिलने वाला नहीं है। जम्मू-कश्मीर के लोगों से मेरा ये वादा है कि विकास को रुकने नहीं दूंगा; यहां के युवाओं के सपने पूरा करने से कोई भी बाधा अगर रुकावट बनती है तो उस बाधा को पहले मोदी का सामना करना पड़ेगा। आज 6 जून है, संयोग से ठीक एक महीने पहले, 6 मई की ही रात पाकिस्तान के आतंकियों पर कयामत बरसी थी। अब पाकिस्तान कभी भी ऑपरेशन सिंदूर का नाम सुनेगा तो उसे अपनी शर्मनाक शिकस्त याद आएगी। पाकिस्तानी फौज और आतंकियों ने कभी नहीं सोचा था कि भारत, पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों पर इस तरह वार करेगा। वर्षों की मेहनत से उन्होंने आतंक की जो इमारतें बनाई थीं, वो कुछ ही मिनटों में खंडहर बन गईं। ये देखकर पाकिस्तान पूरी तरह से बौखला गया है और उसने अपना गुस्सा जम्मू के पुंछ और दूसरे जिलों के लोगों पर भी निकाला। पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान ने यहां घर उजाड़े, बच्चों पर गोले फेंके। स्कूल, अस्पताल तबाह किए। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे पर गोलाबारी की। जिस तरह से आपने पाकिस्तान के हमलों का मुकाबला किया, वो हर देशवासी ने देखा है। इस दौरान पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर पाकिस्तानी गोलीबारी से हुए नुकसान के लिए अतिरिक्त मुआवजे की घोषणा की।



## समाहरणालय, लातेहार (भू-अर्जन शाखा)

**परियोजना–नार्थ धादु (पश्चिमी भाग) कोयला खनन** के लिए इस कार्यालय के पत्रांक–165 दिनांक–23.04.2025 के द्वारा M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 को S.I.A.(Social Impact Assessment) हेतु कार्यादेश निर्गत किया गया। ग्राम–भैसादोन में अधिग्रहित भूमि का रकबा **–277.56** एकड़ है, जिसकी विवरणी निम्नवत है–

| क्रमांक नं | ग्राम का नाम | थाना नं | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | कुल खतियानी रकबा एकड़ में | कुल खतियानी रकबा हेक्टेयर में | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) एकड़ में | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल हेक्टेयर में | खतियानी रैयत का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 521 | भैसादोन | 213 | 62 | 564 | धान एक | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | राधे सिंह पिता – महावीर सिंह |
| 522 | भैसादोन | 213 | 62 | 681 | शहन | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 523 | भैसादोन | 213 | 62 | 1094 | गढा काबिल अबाद | 0.23 | 0.093 | 0.23 | 0.093 | |
| 524 | भैसादोन | 213 | 66 | 71 | टांड़ एक | 0.59 | 0.239 | 0.59 | 0.239 | रामा महतो वो वुचल महतो वो भृगु महतो, पिता – रितु महतो |
| 525 | भैसादोन | 213 | 66 | 72 | टांड़ एक | 0.56 | 0.227 | 0.56 | 0.227 | |
| 526 | भैसादोन | 213 | 66 | 73 | टांड़ एक | 0.30 | 0.121 | 0.30 | 0.121 | |
| 527 | भैसादोन | 213 | 66 | 195 | टांड़ एक | 0.31 | 0.125 | 0.31 | 0.125 | |
| 528 | भैसादोन | 213 | 66 | 196 | टांड़ एक | 0.37 | 0.150 | 0.37 | 0.150 | |
| 529 | भैसादोन | 213 | 66 | 211 | टांड़ एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 530 | भैसादोन | 213 | 66 | 213 | टांड़ एक | 1.45 | 0.587 | 1.45 | 0.587 | |
| 531 | भैसादोन | 213 | 66 | 269 | धान दो | 0.52 | 0.210 | 0.52 | 0.210 | |
| 532 | भैसादोन | 213 | 66 | 294 | धान दो | 0.85 | 0.344 | 0.85 | 0.344 | |
| 533 | भैसादोन | 213 | 66 | 330 | टांड़ एक | 0.23 | 0.093 | 0.23 | 0.093 | |
| 534 | भैसादोन | 213 | 66 | 334 | टांड़ एक | 0.22 | 0.089 | 0.22 | 0.089 | |
| 535 | भैसादोन | 213 | 66 | 404 | धान एक | 0.38 | 0.154 | 0.38 | 0.154 | |
| 536 | भैसादोन | 213 | 66 | 408 | धान एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 537 | भैसादोन | 213 | 66 | 440 | धान एक | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 538 | भैसादोन | 213 | 66 | 448 | धान एक | 0.75 | 0.304 | 0.75 | 0.304 | |
| 539 | भैसादोन | 213 | 66 | 473 | मकान मय शहन 2 | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 540 | भैसादोन | 213 | 66 | 511 | धान एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 541 | भैसादोन | 213 | 66 | 524 | धान एक | 0.41 | 0.166 | 0.41 | 0.166 | |
| 542 | भैसादोन | 213 | 66 | 843 | टांड़ एक | 0.34 | 0.138 | 0.34 | 0.138 | |
| 543 | भैसादोन | 213 | 66 | 846 | मकान मय शहन 2 | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 544 | भैसादोन | 213 | 66 | 848 | टांड़ एक | 0.68 | 0.275 | 0.68 | 0.275 | |
| 545 | भैसादोन | 213 | 66 | 856 | टांड़ एक | 2.05 | 0.830 | 2.05 | 0.830 | |
| 546 | भैसादोन | 213 | 75 | 631/1177 | धान एक | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | साहदू महतो एवं लालमन महतो पिता – मोनोहर महतो |
| 547 | भैसादोन | 213 | 75 | 632/1178 | धान एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 548 | भैसादोन | 213 | 75 | 636/1179 | धान एक | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 549 | भैसादोन | 213 | 77 | 746 | टांड़ एक | 0.04 | 0.016 | 0.04 | 0.016 | श्रीगुण महतो, सरजू महतो, मूरत महतो, सूरत महतो, पिता – महादेव महतो |
| 550 | भैसादोन | 213 | 77 | 747 | मकान मय शहन | 0.06 | 0.024 | 0.06 | 0.024 | |
| 551 | भैसादोन | 213 | 77 | 748 | टांड़ एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 552 | भैसादोन | 213 | 69 | 200 | धान दो | 1.34 | 0.542 | 1.34 | 0.542 | रुखिया लोहार, सखिया लोहार, पिता – लालवा लोहार |
| 553 | भैसादोन | 213 | 69 | 208 | मकान मय शहन | 0.07 | 0.028 | 0.07 | 0.028 | |
| 554 | भैसादोन | 213 | 69 | 209 | टांड़ एक | 1.45 | 0.587 | 1.45 | 0.587 | |
| 555 | भैसादोन | 213 | 69 | 483 | टांड़ एक | 0.58 | 0.235 | 0.58 | 0.235 | |
| 556 | भैसादोन | 213 | 69 | 499 | मकान मय शहन | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 557 | भैसादोन | 213 | 69 | 500 | टांड़ एक | 0.43 | 0.174 | 0.43 | 0.174 | |
| 558 | भैसादोन | 213 | 69 | 504 | टांड़ एक | 0.01 | 0.004 | 0.01 | 0.004 | |
| 559 | भैसादोन | 213 | 69 | 558 | टांड़ एक | 1.10 | 0.445 | 1.10 | 0.445 | |
| 560 | भैसादोन | 213 | 69 | 570 | टांड़ एक | 0.22 | 0.089 | 0.22 | 0.089 | |
| 561 | भैसादोन | 213 | 69 | 618 | धान एक | 0.17 | 0.069 | 0.17 | 0.069 | |
| 562 | भैसादोन | 213 | 69 | 664 | धान एक | 0.21 | 0.085 | 0.21 | 0.085 | |
| 563 | भैसादोन | 213 | 69 | 920 | टांड़ एक | 1.12 | 0.453 | 1.12 | 0.453 | |
| 564 | भैसादोन | 213 | 69 | 970 | टांड़ एक | 0.26 | 0.105 | 0.26 | 0.105 | |
| 565 | भैसादोन | 213 | 69 | 980 | टांड़ एक | 0.18 | 0.073 | 0.18 | 0.073 | |
| 566 | भैसादोन | 213 | 69 | 998 | टांड़ एक | 1.12 | 0.453 | 1.12 | 0.453 | |
| 567 | भैसादोन | 213 | 69 | 899 | टांड़ एक | 1.62 | 0.656 | 1.62 | 0.656 | |
| 568 | भैसादोन | 213 | 69 | 1083 | टांड़ एक | 0.25 | 0.101 | 0.25 | 0.101 | |
| 569 | भैसादोन | 213 | 69 | 1070 | टांड़ एक | 0.22 | 0.089 | 0.22 | 0.089 | |
| 570 | भैसादोन | 213 | 78 | 520 | धान एक | 0.23 | 0.093 | 0.23 | 0.093 | सुखारी महतो पिता इंद्रथ महतो |
| 571 | भैसादोन | 213 | 79 | 63 | टांड़ एक | 0.60 | 0.243 | 0.60 | 0.243 | सुधन भुईया पिता रति भुईया |
| 572 | भैसादोन | 213 | 79 | 64 | मकान मय शहन | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 573 | भैसादोन | 213 | 80 | 288 | टांड़ एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | सेकवा भुईया वो भजुवा भुइयां, पिता – जुगूना भुईया |
| 574 | भैसादोन | 213 | 80 | 476 | टांड़ एक | 2.00 | 0.809 | 2.00 | 0.809 | |
| 575 | भैसादोन | 213 | 82 | 474 | टांड़ एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | शोभना, कैला, सुगुवा,पढ़िया लोहार, पिता मंगला लोहार |
| 576 | भैसादोन | 213 | 72 | 95P | टांड़ एक | 0.69 | 0.279 | 0.13 | 0.053 | जगजीत महतो पिता बुदु महतो, और पदो महतो, मुनेश्वर महतो पिता संभु महतो, औरसबूर महतो, श्री महतो पिता अंतराज महतो |
| 577 | भैसादोन | 213 | 72 | 98P | शहन 2 | 0.04 | 0.016 | 0.02 | 0.008 | |
| 578 | भैसादोन | 213 | 72 | 99P | मकान मय शहन | 0.03 | 0.012 | 0.02 | 0.008 | |
| 579 | भैसादोन | 213 | 72 | 100P | टांड़ एक | 0.79 | 0.320 | 0.78 | 0.316 | |
| 580 | भैसादोन | 213 | 72 | 138 | धान दो | 1.14 | 0.461 | 1.14 | 0.461 | |
| 581 | भैसादोन | 213 | 72 | 139P | टांड़ एक | 0.85 | 0.344 | 0.59 | 0.239 | |
| 582 | भैसादोन | 213 | 72 | 143 | धान एक | 1.13 | 0.457 | 1.13 | 0.457 | |
| 583 | भैसादोन | 213 | 72 | 158 | धान एक | 0.21 | 0.085 | 0.21 | 0.085 | |
| 584 | भैसादोन | 213 | 72 | 250 | धान एक | 0.30 | 0.121 | 0.30 | 0.121 | |
| 585 | भैसादोन | 213 | 72 | 252 | टांड़ एक | 0.35 | 0.142 | 0.35 | 0.142 | |
| 586 | भैसादोन | 213 | 72 | 270 | धान दो | 0.34 | 0.138 | 0.34 | 0.138 | |
| 587 | भैसादोन | 213 | 72 | 271 | धान दो | 0.19 | 0.077 | 0.19 | 0.077 | |
| 588 | भैसादोन | 213 | 72 | 324 | टांड़ एक | 0.68 | 0.275 | 0.68 | 0.275 | जगजीत महतो पिता बुदु महतो, और पदो महतो, मुनेश्वर महतो पिता संभु महतो, और सबूर महतो, श्री महतो पिता अंतराज महतो |
| 589 | भैसादोन | 213 | 72 | 325 | टांड़ एक | 1.08 | 0.437 | 1.08 | 0.437 | |
| 590 | भैसादोन | 213 | 72 | 362 | टांड़ एक | 0.42 | 0.170 | 0.42 | 0.170 | |
| 591 | भैसादोन | 213 | 72 | 413 | धान एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 592 | भैसादोन | 213 | 72 | 414 | धान एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 593 | भैसादोन | 213 | 72 | 416 | धान एक | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 594 | भैसादोन | 213 | 72 | 428 | धान एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 595 | भैसादोन | 213 | 72 | 429 | धान एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 596 | भैसादोन | 213 | 72 | 430 | धान एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 597 | भैसादोन | 213 | 72 | 441 | धान एक | 0.19 | 0.077 | 0.19 | 0.077 | |
| 598 | भैसादोन | 213 | 72 | 442 | धान एक | 0.19 | 0.077 | 0.19 | 0.077 | |
| 599 | भैसादोन | 213 | 72 | 781 | टांड़ एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 600 | भैसादोन | 213 | 72 | 782 | टांड़ एक | 0.42 | 0.170 | 0.42 | 0.170 | |
| 601 | भैसादोन | 213 | 72 | 783 | टांड़ एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 602 | भैसादोन | 213 | 72 | 786 | टांड़ एक | 0.31 | 0.125 | 0.31 | 0.125 | |
| 603 | भैसादोन | 213 | 72 | 829 | धान एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 604 | भैसादोन | 213 | 72 | 833 | धान एक | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 605 | भैसादोन | 213 | 73 | 582 | धान एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | शिवनारायण महतो पिता चंडिका महतो |
| 606 | भैसादोन | 213 | 73 | 584 | धान एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 607 | भैसादोन | 213 | 73 | 603 | धान एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 608 | भैसादोन | 213 | 73 | 604 | धान एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 609 | भैसादोन | 213 | 73 | 723 | टांड़ एक | 0.26 | 0.105 | 0.26 | 0.105 | |
| 610 | भैसादोन | 213 | 74 | 47P | टांड़ एक | 0.42 | 0.170 | 0.29 | 0.117 | शाजू महतो और महजू महतो पिता देबा महतो |
| 611 | भैसादोन | 213 | 74 | 50P | टांड़ एक | 0.34 | 0.138 | 0.31 | 0.125 | |
| 612 | भैसादोन | 213 | 74 | 59 | टांड़ एक | 0.29 | 0.117 | 0.29 | 0.117 | |
| 613 | भैसादोन | 213 | 74 | 60 | टांड़ एक | 0.35 | 0.142 | 0.35 | 0.142 | |
| 614 | भैसादोन | 213 | 74 | 102 | टांड़ एक | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 615 | भैसादोन | 213 | 74 | 104 | टांड़ एक | 0.17 | 0.069 | 0.17 | 0.069 | |
| 616 | भैसादोन | 213 | 74 | 105 | मकान मय शहन | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 617 | भैसादोन | 213 | 74 | 106 | टांड़ एक | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 618 | भैसादोन | 213 | 74 | 107 | मकान मय शहन | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 619 | भैसादोन | 213 | 74 | 108 | टांड़ एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 620 | भैसादोन | 213 | 74 | 134 | टांड़ एक | 0.38 | 0.154 | 0.38 | 0.154 | |
| 621 | भैसादोन | 213 | 74 | 135 | टांड़ एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 622 | भैसादोन | 213 | 74 | 136 | टांड़ एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 623 | भैसादोन | 213 | 74 | 137 | टांड़ एक | 0.43 | 0.174 | 0.43 | 0.174 | शाजू महतो और महजू |
| 624 | भैसादोन | 213 | 74 | 197 | टांड़ एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.130 | |
| 625 | भैसादोन | 213 | 74 | 198 | टांड़ एक | 0.30 | 0.121 | 0.30 | 0.121 | |
| 626 | भैसादोन | 213 | 74 | 295 | धान दो | 0.95 | 0.384 | 0.95 | 0.384 | |
| 627 | भैसादोन | 213 | 74 | 329 | टांड़ एक | 0.36 | 0.146 | 0.36 | 0.146 | |
| 628 | भैसादोन | 213 | 74 | 333 | टांड़ एक | 0.24 | 0.097 | 0.24 | 0.097 | |
| 629 | भैसादोन | 213 | 74 | 339 | टांड़ एक | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 630 | भैसादोन | 213 | 74 | 433 | धान एक | 0.26 | 0.105 | 0.26 | 0.105 | |
| 631 | भैसादोन | 213 | 74 | 437 | धान एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.130 | |
| 632 | भैसादोन | 213 | 74 | 653 | धान एक | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 633 | भैसादोन | 213 | 74 | 771 | टांड़ एक | 0.24 | 0.097 | 0.24 | 0.097 | |
| 634 | भैसादोन | 213 | 76 | 113 | मकान | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | समना खातून पिता – सलीम मिया |
| 635 | भैसादोन | 213 | 76 | 115 | टांड़ एक | 0.76 | 0.308 | 0.76 | 0.308 | |
| 636 | भैसादोन | 213 | 81 | 178 | धान एक | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | गुस्मात मलोइया, पति – जुगुना भुइया और सेकवा भुइया, भजुआ भुइयां, पिता – जुगुना भुइया |
| 637 | भैसादोन | 213 | 81 | 287 | टांड़ एक | 0.25 | 0.101 | 0.25 | 0.101 | |
| 638 | भैसादोन | 213 | 81 | 477 | टांड़ एक | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 639 | भैसादोन | 213 | 81 | 478 | मकान मय शहन 2 | 0.01 | 0.004 | 0.01 | 0.004 | |
| 640 | भैसादोन | 213 | 81 | 479 | मकान मय शहन | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 641 | भैसादोन | 213 | 81 | 480 | टांड़ एक | 0.21 | 0.085 | 0.21 | 0.085 | |
| 642 | भैसादोन | 213 | 81 | 481 | टांड़ एक | 0.22 | 0.089 | 0.22 | 0.089 | |
| 643 | भैसादोन | 213 | 84 | 1124P | टांड़ एक | 4.34 | 1.756 | 1.19 | 0.482 | सोमरा भगत पिता–गेयंडा भगत |
| 644 | भैसादोन | 213 | 83 | 497 | टांड़ एक | 0.39 | 0.158 | 0.39 | 0.158 | अघनुआ लोहार, जमुना लोहार, भिटवा लोहार, लेगा लोहार,पिता – नगवा लोहारऔर महेश लोहार, पिता–तिभावा लोहार और लखना लोहार, महला लोहार, गूंगा लोहार, बचना लोहार, पिता – मोडिया लोहार और सोमना लोहार, सोहना लोहार, कैला लोहार, पगहिया लोहार, सुगवा लोहार, पिता – मंगला लोहार |
| 645 | भैसादोन | 213 | 83 | 498 | मकान मय शहन | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 646 | भैसादोन | 213 | 83 | 571 | धान एक | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 647 | भैसादोन | 213 | 83 | 905 | टांड़ एक | 0.40 | 0.162 | 0.40 | 0.162 | |
| 648 | भैसादोन | 213 | 83 | 976 | टांड़ एक | 2.09 | 0.846 | 2.09 | 0.846 | |
| 649 | भैसादोन | 213 | 83 | 997 | टांड़ एक | 0.70 | 0.283 | 0.70 | 0.283 | |
| 650 | भैसादोन | 213 | 83 | 1084 | टांड़ एक | 0.33 | 0.134 | 0.33 | 0.134 | |
| 651 | भैसादोन | 213 | 83 | 1085 | टांड़ एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 652 | भैसादोन | 213 | 86 | 194 | टांड़ एक | 0.31 | 0.125 | 0.31 | 0.125 | हरु प्रसाद यादव पिता–संतोखी महतो |
| 653 | भैसादोन | 213 | 86 | 256 | टांड़ एक | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 654 | भैसादोन | 213 | 86 | 257 | टांड़ एक | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 655 | भैसादोन | 213 | 86 | 260 | टांड़ एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 656 | भैसादोन | 213 | 86 | 265 | टांड़ एक | 0.33 | 0.134 | 0.33 | 0.134 | |
| 657 | भैसादोन | 213 | 86 | 280 | धान दो | 0.59 | 0.239 | 0.59 | 0.239 | |
| 658 | भैसादोन | 213 | 86 | 567 | धान एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 659 | भैसादोन | 213 | 86 | 646 | धान एक | 0.01 | 0.004 | 0.01 | 0.004 | |
| 660 | भैसादोन | 213 | 86 | 648 | धान एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 661 | भैसादोन | 213 | 86 | 650 | धान एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 662 | भैसादोन | 213 | 86 | 656 | धान एक | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 663 | भैसादोन | 213 | 86 | 768 | धान एक | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 664 | भैसादोन | 213 | 86 | 788 | टांड़ एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.129 | |
| 665 | भैसादोन | 213 | 86 | 789 | टांड़ एक | 0.06 | 0.024 | 0.06 | 0.024 | |
| 666 | भैसादोन | 213 | 86 | 799 | टांड़ एक | 0.19 | 0.077 | 0.19 | 0.077 | |
| 667 | भैसादोन | 213 | 86 | 803 | मकान मय शहन | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 668 | भैसादोन | 213 | 86 | 804 | टांड़ एक | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 669 | भैसादोन | 213 | 86 | 806 | टांड़ एक | 0.24 | 0.097 | 0.24 | 0.097 | |
| 670 | भैसादोन | 213 | 86 | 821 | धान एक | 0.07 | 0.028 | 0.07 | 0.028 | |
| 671 | भैसादोन | 213 | 86 | 830 | धान एक | 0.04 | 0.016 | 0.04 | 0.016 | मुनेश्वर महतो , पिता–सम्भु महतो |
| 672 | भैसादोन | 213 | 86 | 831 | धान एक | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 673 | भैसादोन | 213 | 52 | 101/1157 | टांड़ एक | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 674 | भैसादोन | 213 | 85 | 617/1180 | धान दो | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | सोमरी माथोबाहिन पति– हीरू महतो |
| 675 | भैसादोन | 213 | 85 | 620 | धान एक | 0.17 | 0.069 | 0.17 | 0.069 | |
| 676 | भैसादोन | 213 | 87 | 451 | टांड़ एक | 1.02 | 0.413 | 1.02 | 0.413 | गुदरा पाहन, पिता – बुधराम पाहन वो रिझवा पाहन, पिता– गंदौरा पाहन |
| कुल योग | | | | | | 285.00 | 115.339 | 277.56 | 112.331 | |

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार

PR.NO.354435 Land Reforms(25-26):D

# आरसीबी ने मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने बुधवार को बेंगलुरु में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में मारे गए 11 लोगों के परिवारों में प्रत्येक को 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। आरसीबी ने गुरूवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा,'' बेंगलुरु में हुई इस भगदड़ की घटना से हमें गहरा दुःख और पीड़ा पहुंची है। घटना में मारे गए 11 लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए हम हर एक को 10 लाख रुपये की मदद देने की घोषणा करते हैं।'' टीम ने बयान में कहा, ''इसके अतिरिक्त हम इस दुर्घटना में घायल हुए लोगों की मदद के लिए आरसीबी केयर्स नामक कोष बनाने की भी घोषणा करते हैं। हमारे प्रशंसक हमेशा हमारे दिलों में हमारे साथ रहेंगे। इस दुःख की घड़ी में हम उनके साथ हैं।'' इससे पहले राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने और घायलों का सरकार की तरफ से मुफ्त इलाज कराने की घोषणा की है।

## न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच बने रॉब वाल्टर

**क्राइस्टचर्च (आईएएनएस)।** अगले तीन सालों के लिए सभी फॉर्मेट में रॉब वाल्टर को 'ब्लैककैप्स' का हेड कोच नियुक्त किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। रॉब वाल्टर की नियुक्ति जून के मध्य से लेकर अक्टूबर-नवंबर 2028 में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप तक प्रभावी रहेगी। इसका मतलब है कि वाल्टर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, 2028 एलए ओलंपिक और तीन प्रमुख आईसीसी ईवेंट्स (आईसीसी 2026 टी20 वर्ल्ड कप, आईसीसी 2027 क्रिकेट वर्ल्ड कप और आईसीसी 2028 टी20 वर्ल्ड कप) समेत एक व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में कीवी टीम की देखरेख करेंगे।



## पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। करीब दो दशक लंबे करियर के बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस फैसले की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने अपने इस फैसले के बारे में ईएसपीएनक्रिकइंफो हिंदी से भी बात की। चावला ने इंस्टाग्राम पर लिखा, "दो दशक से ज्यादा समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहूं।" उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करने, 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 वनडे वर्ल्ड कप की विजेता टीम का हिस्सा बनने को अपने जीवन का सबसे आशीर्वाद बताया और लिखा कि ये यादें हमेशा उनके दिल में बसी रहेंगी।



### टीम इंडिया इंग्लैंड के लिए रवाना

# दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला 20 जून को होगा पहला मुकाबला

**नई दिल्ली । एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के लिए रवाना हो चुकी है। टीम इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से दोनों टीमों के आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकिल की शुरुआत होगी। टीम के कुछ खिलाड़ी और हेड कोच गौतम गंभीर 6 जून को मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए रवाना हुए। इस दौरे के लिए 25 साल के शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप-कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम का यह पहला दौरा होगा। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी। इंग्लैंड दौरे के लिए 18 मेंबर्स वाली भारतीय टीम शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, ऋशभ पंत (उपकप्तान), ध्रुव जुरेल, नीतीश रेड्डी, शार्दूल ठाकुर, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।



### भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए नई ट्रॉफी की घोषणा

नई ट्रॉफी की घोषणा इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है। तेंदुलकर और एंडरसन दोनों 11 जून से शुरु होने वाले डब्लूटीसी फाइनल के दौरान लॉर्ड्स में ट्रॉफी का अनावरण करेंगे। दूसरा अनऑफिशियल टेस्ट आज से इंडिया-ए को इंग्लैंड में तीन मैच खेलने हैं। इनमें दो मैच इंग्लैंड लायंस के खिलाफ होंगे, जबकि तीसरा मैच भारतीय क्रिकेट टीम के साथ खेला जाएगा। इंग्लैंड लायंस और इंडिया ए के बीच पहला मैच ड्रॉ रहा था। दूसरा मैच आज से 9 जून तक खेला जाएगा। जबकि भारतीय सीनियर टीम के साथ मुकाबला 13 से 16 जून के बीच खेला जाएगा।

## गिल के पास नई भारतीय टीम में सामूहिक संस्कृति बनाने का मौका है : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि शुभमन गिल के पास टेस्ट टीम के कप्तान के रूप में एक मजबूत सामूहिक संस्कृति विकसित करने का अवसर है, जो 20 जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड के पांच मैचों के टेस्ट दौरे के माध्यम से एक नए युग में कदम रखने के लिए तैयार है। गिल के नेतृत्व में, इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज 2025-27 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में भारत का पहला असाइनमेंट होगा। "एक नेतृत्व समूह बनाएं- 4-5 खिलाड़ियों को एक साथ लाएं और एक कोर बनाएं। यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को शामिल करें। भेड़ियों का एक झुंड बनाएं। ये वे लोग हैं जो आज, छह महीने बाद और पांच साल बाद आपके साथ होंगे। चोपड़ा ने जियोहॉटस्टार पर कहा, "युवा टीम के साथ, यह महत्वपूर्ण है कि कप्तान समूह के साथ आगे बढ़े। सीनियर और जूनियर की अक्सर अलग-अलग दिनचर्या और मंडलियां होती हैं- लेकिन इस नए रूप वाली टीम के साथ, आपके पास सामूहिक संस्कृति बनाने का मौका है। यह एक ऐसा दुर्लभ अवसर है, जिससे एक बंधन और एक ऐसी कहानी बनाई जा सकती है, जिस पर पूरे देश को गर्व होगा।



1. **कोहली से प्रेरणा लें, उनकी नकल नहीं करें :** शुभमन गिल को विराट कोहली की मानसिकता, नेतृत्व और रनों की भूख से प्रेरणा लेनी चाहिए, लेकिन उनकी बैटिंग पोजिशन या आंकड़ों की नकल नहीं करनी चाहिए।
2. **बल्लेबाजी क्रम व्यक्तिगत होता है :** बल्लेबाजी की स्थिति नकल करने का विषय नहीं, बल्कि टीम की ज़रूरत और खिलाड़ी की क्षमता के अनुसार तय होनी चाहिए।

### प्रीति जिंटा ने 'पंजाब किंग्स' के लिए लिखा इमोशनल मैसेज

## 'हार के बावजूद, शानदार रहा सफर'

**मुंबई (आईएएनएस)**

अभिनेत्री और पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया पर अपनी टीम के लिए एक पोस्ट किया, जिसमें वह भावुक नजर आईं। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में हार के बावजूद अपनी टीम के बेहतरीन प्रदर्शन को लेकर सराहना की। प्रीति जिंटा का मानना है कि भले ही टीम फाइनल में हार गई, लेकिन उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में जज्बे, धैर्य और जोश के साथ शानदार प्रदर्शन किया। प्रीति जिंटा ने पंजाब किंग्स की एक तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि यह सीजन उनके लिए खास था। अभिनेत्री ने लिखा, "टीम और कप्तान ने शानदार नेतृत्व किया। नए भारतीय खिलाड़ियों ने भी अपनी प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया। इस बार कई चुनौतियां आईं।





## नेशंस लीग 2025 : लामिन यमल का शानदार प्रदर्शन, फ्रांस को हराकर फाइनल में स्पेन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

लामिन यमल के दो गोल की मदद से स्पेन ने स्टटगार्ट में खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ 5-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ स्पेन ने नेशंस लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। स्पेन लगातार तीसरी बार नेशंस लीग के फाइनल में पहुंचा है। टीम पिछले 12 नेशंस लीग मुकाबलों से (8 जीत, 4 ड्रॉ) में अजेय है। अब ये टीम फाइनल में पुर्तगाल से भिड़ेगी। स्पेन ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की। फ्रांस ने गेंद को अपने पास रखा और स्पेन की रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश की। मुकाबले के 22वें मिनट स्टार खिलाड़ी लामिन यमल ने बॉक्स में ओयारजाबल को पास दिया। इसके तीन मिनट बाद (25वें मिनट) मिकेल मेरिनो और ओयारजाबल ने गेंद तेजी से एक-दूसरे को पास की और मेरिनो ने गेंद को बॉक्स के अंदर डाल दिया। मुकाबले के 54वें मिनट यामल ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 3-0 कर दिया और एक मिनट बाद पेड्री ने चौथा गोल दाग दिया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत में अब 112 देशों से आ रहा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

### आर्थिक विकास को गति देने के लिए पक्षकारों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव



पक्षकारों ने भूमि एवं श्रम सुधार, कौशल विकास, केंद्र-राज्य नीति समन्वय, विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास में एफडीआई सीमा बढ़ाने और विनिर्माण एवं हरित ऊर्जा में निवेश को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर सुझाव भी साझा किए।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में अब 112 देशों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आ रहा है, जबकि 2013-14 में यह आंकड़ा 89 था। इससे देश की ग्लोबल अपील में वृद्धि की जानकारी मिलती है। राष्ट्रीय राजधानी में स्थित वाणिज्य भवन में इन्वेस्टर राउंडटेबल को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सफलता की कहानी न केवल प्रभावशाली आंकड़ों के बारे में है, बल्कि यह दूरदर्शी सुधारों, नीतिगत स्पष्टता और भारत के आर्थिक भविष्य में वैश्विक समुदाय के भरोसे का भी प्रतिबिंब है। निवेशक-अनुकूल नीति व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि अब अधिकांश सेक्टरों में ऑटोमेटिक रूट से 100 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति है। राउंडटेबल में प्रमुख कंपनियों, औद्योगिक पार्कों और औद्योगिक संघों के पक्षकारों सहित 90 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों के 50 से अधिक औद्योगिक पार्कों का प्रतिनिधित्व किया गया।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने अपने संबोधन में कहा कि एफडीआई भारत के विकास की आधारशिला है और भारत की क्षमता में वैश्विक विश्वास का एक प्रमुख संकेतक है। उन्होंने देश के भीतर पुनर्निवेश बढ़ाने, औद्योगिक पार्क के बुनियादी ढांचे में सुधार करने और नए विस्तार के अवसरों का पता लगाने के लिए निवेशकों से विचार और सुझाव आमंत्रित किए।

## एमएसपी रिकॉर्ड : केंद्र की एमएसपी पर गेहूं खरीद तीन वर्ष के उच्चतम स्तर पर रही

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र सरकार ने रबी मार्केटिंग सीजन 2025-26 में 29.92 मिलियन टन गेहूं की खरीद की है। इसमें पिछले साल की अपेक्षा 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है और बीते तीन वर्षों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीदने का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह खरीद देश भर के प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों की मंडियों में पहुंचे कुल 40.42 मिलियन टन गेहूं में से की गई है। जो सरकार द्वारा दिए जाने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम नहीं हो सकती है।

## मोतीलाल ओसवाल ने भारती हेक्साकॉम की घटाई रेटिंग, शेयर 3.5% से अधिक फिसला

**मुंबई (आईएएनएस) ।** ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल के भारती हेक्साकॉम के शेयर को 'बाय' से 'न्यूट्रल' रेटिंग में डाउनग्रेड करने और 1,900 रुपए का टारगेट प्राइस निर्धारित करने के बाद शुक्रवार को इसका असर कंपनी के शेयर पर दिखा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर इंट्रा-डे ट्रेडिंग के दौरान भारती हेक्साकॉम के शेयरों में 3.5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई और यह 1,810 रुपए पर आ गया। ब्रोकरज का कहना है कि रेटिंग को डाउनग्रेड करने का मुख्य कारण शेयर का हाई-वैल्यूएशन है।

## सेबी ने मेहुल चोकसी के बैंक अकाउंट्स और इन्वेस्टमेंट्स को फ्रीज किया



*गजेरा ने दिसंबर 2017 में कंपनी में अपनी पूरी 5.75 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी थी।*

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 2.1 करोड़ रुपए की वसूली के लिए फरार कारोबारी मेहुल चोकसी के बैंक खातों, म्यूचुअल फंड और शेयरों को कुर्क करने का आदेश दिया है। यह राशि गीतांजलि जेम्स के शेयरों में इंसाइडर ट्रेडिंग नियमों का उल्लंघन करने के लिए उन पर लगाए गए जुर्माने से संबंधित है। गीतांजलि जेम्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रह चुके चोकसी पर अपने सहयोगी राकेश गिरधरलाल गजेरा के साथ अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) साझा करने का आरोप है। इस जानकारी के आधार पर गजेरा ने दिसंबर 2017 में कंपनी में अपनी पूरी 5.75 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी थी। गजेरा ने यह कदम कंपनी से जुड़ी धोखाधड़ी गतिविधियों का विवरण सार्वजनिक होने से पहले नुकसान से बचने के लिए उठाया था। इसके लिए जनवरी 2022 में सेबी ने चोकसी पर 1.5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था और पूरे एक साल के लिए ट्रेडिंग से बैन कर दिया था।

## टॉप बैंकर्स ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के आरबीआई के उपायों की सराहना की

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



टॉप बैंकर्स ने शुक्रवार को रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.50 प्रतिशत करने और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चार किस्तों में 100 आधार अंकों की कटौती के रिजर्व बैंक के फैसले की सराहना की। बैंकर्स का कहना है कि आरबीआई के नीतिगत कदम से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण विस्तार के लिए आवश्यक प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है, जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए खुदरा महंगाई के अनुमान को रिवाइज कर 3.7 प्रतिशत कर दिया गया है, जो आरबीआई के चार प्रतिशत लक्ष्य के अनुरूप है। यह संशोधन केंद्रीय बैंक के मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के प्रति विश्वास को दिखाता है।

इंडियन ओवरसीज बैंक के एमडी और सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, "सीआरआर में कटौती के फैसले से प्राइमरी लिक्विडिटी में 2.5 लाख करोड़ रुपए जारी होने की उम्मीद है, जो बैंकिंग सिस्टम में ऋण की स्थिति को आसान बनाएगा। वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी के 6.5 प्रतिशत रहने और स्थिर तिमाही ट्रेंड के अनुमान के साथ यह ओवरऑल नीति एक सुनियोजित और विचारशील अप्रोच को दर्शाती है।

## रेपो रेट में कटौती ने शेयर बाजार में भरा जोश, निफ्टी बैंक ऑल-टाइम हाई पर बंद

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से रेपो रेट में 50 आधार अंक की कटौती के बाद शेयर बाजार में शुक्रवार को बड़ी तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 746.95 अंक या 0.92 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,188.99 और निफ्टी 252.15 अंक या 1.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,003.05 पर था। इस तेजी का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 817.55 अंक या 1.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 56,578.40 पर बंद हुआ। दिन के दौरान बैंक निफ्टी ने 56,695 का स्तर छुआ, जो कि मुख्य बैंकिंग इंडेक्स का अब तक का उच्चतम स्तर है। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 707.30 अंक या 1.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,010.30 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 149.85 अंक या 0.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,582.45 पर था।